निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

नवबिहार टाइम्स

• 6 मार्च 2025 गुरुवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 283 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1915 : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और रविन्द्रनाथ टैगोर पहली बार शांतिनिकेतन में मिले।
1924 : इस्मेत इनोनु ने तुर्की में एक नई सरकार बनायी।
1944 : द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने मित्र देशों के साथ मिलकर बर्लिन पर भारी बमबारी की।
1947 : भारत से ब्रिटिश सैनिकों को हटाये जाने का विरोध में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने घोषणा की।
1967 : जोसेफ स्तालिन की बेटी स्वेतलाना भारत स्थित रूसी दूतावास से होते हुए अमेरिका पहुँची।
1983 : यूनाइट स्टेट में पहले फुटबॉल लीग की स्थापना हुई।

झारखंड के आईटीआई कॉलेजों में होगी एआई की पढ़ाई : हेमंत

49 प्रशिक्षण अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने सौंपा नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। राज्य सरकार द्वारा संचालित आईटीआई कॉलेजों को 49 नए प्रशिक्षण अधिकारी मिल गए हैं। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा चयनित इन प्रशिक्षण अधिकारियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड मंत्रालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव मौजूद थे। प्रशिक्षण अधिकारियों की नियुक्ति प्रक्रिया 2019 और 2022 में शुरू होने के बाद कई वजहों से स्थगित हुई, जो बाद में 2023 में निकाले गए विज्ञापन के आधार पर पिछले साल पूरा हुआ। इसमें चयनित करीब 500 प्रशिक्षण अधिकारियों में 444 का नियुक्ति पत्र पिछले साल सितंबर में सीएम के हाथों मिला था। शेष बचे 49 अभ्यर्थियों को तकनीकी खामियों की वजह से नियुक्ति पत्र नहीं मिला था। जिसे दूर करते हुए मुख्यमंत्री के हाथों दिया गया है।

राज्य के आईटीआई कॉलेजों में एआई की पढ़ाई शुरू करने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज के तकनीकी युग में हर घर में मोबाइल



है, जो एक तरह से एआई का ही रूप है। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी अभ्यर्थियों को बधाई दिया। उन्होंने कहा कि 'आप सब सरकार के अंग के रूप में चिन्हित हुए हैं। कई बार क्षेत्र भ्रमण के दौरान आईटीआई कॉलेज में प्रशिक्षकों की कमी की शिकायत मिलती थी। आप लोगों के आने से यहां पढ़ने वाले युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। सीएम ने विभाग प्रशिक्षण के साथ साथ रोजगार पर भी जोर दिया है। उन्होंने कहा कि कोरोना से पहले और बाद में भी 50 हजार से अधिक नौजवानों को ऑफर लेटर दिया गया था। अब नवनियुक्त लोगों की जिम्मेदारी होगी कि नौजवानों को बेहतर रूप से प्रशिक्षित करें। तकनीकी युग में प्रशिक्षित होना आवश्यक है। झारखंड जैसे पिछड़े राज्य में रोजगार को लेकर नौजवानों में चिंता बनी रहती है। ऐसे में आपको नियुक्ति पत्र मिला है इससे आपके परिवार वाले भी खुश होंगे। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य का विकास किसी एक व्यक्ति से नहीं होता है बल्कि सभी के सहयोग से होता है। तकनीक के इस युग में लेबर का स्थान मशीन ले रही है। ऐसे में तकनीकी रूप से सभी को सशक्त होना पड़ेगा। इस मौके पर सीएम ने हुनर का मोल बताते हुए कहा कि यदि आप हुनरमंद हैं तो आपको भटकना नहीं पड़ेगा। बल्कि आपको रोजगार खुद चलकर आ जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तो सरकार ने प्रखंड स्तर पर युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए सरकार कदम उठाया है। इसके माध्यम से ना केवल प्रशिक्षण बल्कि युवाओं को आने जाने का भत्ता सरकार दे रही है। सीएम ने नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि आपसे उम्मीद है कि आप नौजवानों को इस तरह से तराशेंगे कि रोजगार के लिए उन्हें भटकना नहीं पड़ेगा बल्कि रोजगार खुद चलकर उनके पास आ जाएगा।

नई टेक्नोलॉजी के साथ विभाग कर रही है काम : श्रम सचिव

नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने सरकार के द्वारा युवाओं के लिए संचालित की जा रही योजना का जिक्र करते हुए कहा कि आईटीआई कॉलेज को संसाधन युक्त किया जा रहा है पिछले दिनों 444 प्रशिक्षण अधिकारी की नियुक्ति की गई थी। जिससे प्रशिक्षण कार्य में सहायता मिल रही है। इन नए 49 प्रशिक्षण अधिकारी के आ जाने के बाद इन कॉलेज में पढ़ने वाले युवाओं को प्रशिक्षण लेने में और सुविधा मिलेगी। मुख्य सचिव अलका तिवारी और श्रम सचिव ने क्या कहा कि इस मौके पर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है जहां आईटीआई कॉलेज में नामांकन ऑनलाइन माध्यम से होता है। उन्होंने प्रशिक्षण के साथ-साथ प्लेसमेंट पर भी जोर देने की आवश्यकता जताते हुए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना की। श्रम सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि राज्य में 74 गवर्मेंट सरकारी आईटीआई और 261 प्राइवेट आईटीआई हैं, जिसके माध्यम से करीब 10 हजार विद्यार्थी प्रशिक्षित किए जा रहे हैं। जितेंद्र सिंह ने कहा कि साल 2024 में दिसंबर तक 3420 छात्रों को प्लेसमेंट हुआ है, वहीं 2023 में करीब 2400 छात्रों को प्लेसमेंट हुआ है। उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देश पर आने वाले समय में एआई टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण भी शुरू होने की संभावना जताते हुए आईटीआई को साधन संपन्न बनाने की बात कही। इधर, नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखा गया।

आईईडी ब्लास्ट में कमांडेंट सहित तीन जवान घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड के चाईबासा जिले में एक बार फिर से आईईडी ब्लास्ट हुआ है। जराइकेला थाना क्षेत्र के बलीबा में हुए ब्लास्ट में कुछ जवानों के घायल होने की सूचना है। इसमें सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट साईं भी घायल हुए हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह ब्लास्ट हुआ है। सभी घायलों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है। बुधवार को जराइकेला थाना क्षेत्र के बलिबा में हुए ब्लास्ट में असिस्टेंट कमांडेंट सहित तीन जवान घायल हुए है। घायलों को एयरलिफ्ट कर हेलीकॉप्टर से रांची लाया जा रहा है। झारखंड पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह ब्लास्ट हुआ है। चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान जवानों के मूवमेंट के समय ही नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी में ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट में सीआरपीएफ 197 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट साई के साथ-साथ अन्य दो सीआरपीएफ जवान भी घायल हुए हैं। ब्लास्ट की यह घटना उस समय हुई है जब सीआरपीएफ के डीजीपी झारखंड के दौरे पर हैं। एक करोड़ के इनामी एनल की तलाश में चाईबासा के जंगलों में सुरक्षाबलों ने घमासान मचा रखा है। मिली जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ 197 बटालियन कोबरा जवानों के साथ-साथ बम निरोधक स्क्वाड को लेकर चाईबासा के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के बलिबा के जंगल में आईईडी क्लीन करने के लिए निकले थे। सूचना मिली थी कि इस इलाके में नक्सलियों के द्वारा बड़े पैमाने पर आईईडी जमीन के नीचे लगा कर रखा गया, सूचना पर लगातार कार्रवाई कर आईईडी को जमीन से निकाल कर नष्ट करते हुए अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को भी यह काम जारी था, तभी एक आईईडी में ब्लास्ट हो गया। विस्फोट की सूचना मिलते ही आनन-फानन में सीआरपीएफ के जवानों ने तीनों घायलों को जंगल से सुरक्षित बाहर निकाल कर हेलीपैड तक पहुंचाया, जहां हेलीकॉप्टर के माध्यम से सभी घायलों को रांची भेजा गया है।

होली बाद शुरू होगी मैट्रिक और इंटर कॉपियों की जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड में मैट्रिक (दसवीं) और इंटरमीडिएट (12वीं) की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन कार्य मार्च के अंतिम सप्ताह में शुरू होगा। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। राज्यभर में लगभग 60 मूल्यांकन केंद्र बनाये गये हैं। उत्तरपुस्तिका का उठाव होली के बाद शुरू होगा। कॉपियों का मूल्यांकन 20 अप्रैल तक पूरा होने की संभावना है। मैट्रिक और इंटर के तीनों संकायों का रिजल्ट 15 जून तक जारी हो जाने की संभावना है। झारखंड में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 11 फरवरी से शुरू हुई थी। तीन मार्च तक परीक्षा आयोजित की गयी थी। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए पूरे राज्य में



2086 केंद्र बनाये गये थे। मैट्रिक के 4,33,890 परीक्षार्थियों की परीक्षा 1297 केंद्रों पर, जबकि इंटर के 3,50,138 परीक्षार्थियों की परीक्षा 789 केंद्रों पर हुई। मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं दो पालियों में हुईं। पहली पाली में 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक मैट्रिक की परीक्षा हुई। दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा आयोजित की गयी। होली के बाद उत्तरपुस्तिका का उठाव किया जाएगा और कॉपियों की जांच की जाएगी। इसके बाद रिजल्ट जारी किया जाएगा। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के दौरान ही पेपर लीक का मामला सामने आया। इसके बाद प्रशासनिक कार्रवाई की गयी। कोडरमा पुलिस ने गिरिडीह से आधा दर्जन से अधिक आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने मजदूर बनकर गाड़ी से प्रश्नपत्र उतारने के दौरान निकाल लिए थे और फिर वायरल कर दिया था। इससे पैसे भी वसूले थे। जांच के दौरान आरोपित ने स्वीकार किया कि प्रेमिका के लिए उसने प्रश्नपत्र निकाले थे। इसके बाद ह्वाट्सएप ग्रुप में वायरल किया था।

हाथी ने बुजुर्ग को कुचल कर मार डाला

रामगढ़ (नबिटा ब्यूरो)। झारखंड में रामगढ़ के रजरप्पा में जंगली हाथियों का आतंक देखने मिला। बुधवार को कोईहारा गांव में गजराज ने एक 60 साल के बुजुर्ग को मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान मेघनाथ मुंडा के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने इसके पीछे की घटना का जिम्मेवार वन विभाग को बताया है। गांव के लोगों को कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण ही ये सब हुआ। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार की सुबह अचानक गांव में जंगली हाथियों का झुंड आ धमका। इस दौरान मृतक मेघनाथ अपने मवेशियों के लिए पत्ता लाने बाहर निकला था।

कैंप कार्यालय से अधिकाधिक लाभ उठाएं स्थानीय लोग : उपायुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मेदिनीनगर (पलामू)। उपायुक्त शशि रंजन की पहल पर पलामू में अनुमंडल स्तर पर कैंप कार्यालय का अधिष्ठापन किया जा रहा है। दूसरा कैंप कार्यालय 6 मार्च को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। उपायुक्त शशि रंजन ने कैंप कार्यालय के दौरान जिले के विभिन्न विभागों के सभी पदाधिकारियों को कैंप कार्यालय में पहुंचने का निर्देश दिया है। कहा है कि कैंप कार्यालय में लोगों को विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएगी। पदाधिकारी आमलोगों की समस्याएं सुनेंगे व त्वरित समाधान करेंगे। त्वरित समाधान योग्य मामले नहीं रहने की स्थिति में निर्धारित समयावधि में समस्याओं का निष्पादन करेंगे। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय के अधिष्ठान से जिला स्तरीय प्रशासनिक पदाधिकारी लोगों के नजदीकी अनुमंडल में ही समस्याएं सुनकर निदान कर रहे हैं। लोग जिला में जाने से बच पा रहे हैं। इससे उनका अर्थ और समय दोनों की बचत हो रही है। इसका वह अपने उत्थान में उपयोग कर पाएंगे। कहा कि कैंप कार्यालय के दौरान विकास योजनाओं की भी समीक्षा होगी। इससे संबंधित अनुमंडल क्षेत्र के विकास योजनाओं के प्रगति का आकलन होगा। संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण से संचालित योजनाओं का भौतिक सत्यापन हो सकेगा व कमियों को दूर करने व विकास कार्यों को गति देने में मदद मिलेगी। विदित हो कि प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय का आयोजन किया जाना है। वहीं प्रत्येक माह के चतुर्थ गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय अधिष्ठापित होना है। मार्च माह में द्वितीय गुरुवार को अवकाश घोषित है। ऐसे में उपायुक्त के स्तर पर प्रथम गुरूवार को ही कैंप कार्यालय आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

सभी विभागीय पदोन्नति परीक्षाएं अब आरआरबी द्वारा केंद्रीकृत परीक्षा सीबीटी के माध्यम से ही होंगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली/ कोलकाता। रेलवे बोर्ड द्वारा एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इसमें निर्णय लिया गया कि सभी विभागीय पदोन्नति परीक्षाएं आरआरबी द्वारा केंद्रीयकृत परीक्षा सीबीटी के माध्यम से की जाएंगी। सभी क्षेत्रीय रेलवे परीक्षा के लिए एक कैलेंडर बनाया जाएगा। सभी परीक्षाएं कैलेंडर के आधार पर ही आयोजित की जाएंगी। हाल के वर्षों में आरआरबी द्वारा आयोजित पारदर्शी, निष्पक्ष और अत्यधिक प्रशंसनीय परीक्षाओं के लंबे अनुभव के बाद यह निर्णय लिया गया है। बिना किसी शिकायत के पूरी पारदर्शिता के साथ आरआरबी द्वारा परीक्षाएं आयोजित की जाती रहीं हैं। 2015 से लेकर आज तक 07 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों की परीक्षा बिना किसी पेपर लीक,



प्रतिरूपण, रिमोट लॉग-इन और जासूसी उपकरणों के उपयोग द्वारा कंप्यूटर आधारित परीक्षणों के माध्यम से ली गई है।

आरआरबी द्वारा परीक्षा आयोजित करने हेतु खुली निविदा के माध्यम से विभिन्न मापदंडों को पूरा करने वाली एजेंसी का चयन किया गया था। रेलवे टीम द्वारा परीक्षा केंद्र का ऑडिट यथा- बाहर बाथरूम की अनुमति नहीं, 100 प्रतिशत सीसीटीवी कवरेज और रिकॉर्डिंग परीक्षा से 2 घंटे पहले और परीक्षा के 1 घंटे बाद तक की जाती है। बेहतर रिज़ॉल्यूशन, विश्वसनीय और निर्बाध कनेक्शन के लिए आईपी आधारित सीसीटीवी निगरानी, ऑडिट उद्देश्य के लिए सभी माउस और कुंजी क्लिक को टाइम स्टैम्प के साथ रिकॉर्ड किया जाना चाहिए। परीक्षा के शहर के बारे में जानकारी परीक्षा की वास्तविक तिथि से लगभग दस दिन पहले बताई जाती है। परीक्षा का स्थान/ केंद्र परीक्षा से केवल चार दिन पहले उपलब्ध कराया जाता है। परीक्षा केंद्र को मैन्युअल हस्तक्षेप से बचते हुए कम्प्यूटरीकृत यादृच्छिक पीढ़ी के माध्यम से आवंटित किया जाता है। केंद्र के अंदर, प्रयोगशाला का आवंटन और बफर नोड्स सहित नोड्स, सभी स्वचालित, यादृच्छिक रूप से उत्पन्न होते हैं। संचालन दल और केंद्र के लोगों को परीक्षा से ठीक दो घंटे पहले उम्मीदवार के बारे में जानकारी मिलती है। परीक्षा केंद्रों में, उम्मीदवारों की जाँच और तलाशी मेटल डिटेक्टरों से की जाती है। प्रवेश से पहले और परीक्षा के बीच में तथा प्रत्येक बायो ब्रेक के बाद बायोमेट्रिक उपस्थिति (एलटीआई और डिजिटल दोनों) ली जाती है। साथ ही, लिखावट का नमूना भी लिया जाता है। यह प्रक्रिया परीक्षा के सभी चरणों में और दस्तावेज़ सत्यापन के समय दोहराई जाती है। परीक्षा केंद्र पर आधार आधारित प्रमाणीकरण किया जाता है। सॉल्वर गिरोहों की पहचान करने के लिए पारियों और घटनाओं की तुलना प्रश्न पत्र अत्यधिक एनक्रिप्टेड फॉर्म (256-बिट एनक्रिप्शन) में है। अंतिम समय में डिक्रिप्शन केवल तभी होता है जब उम्मीदवार वास्तव में लॉग इन करता है।

पवन सिंह- ज्योति लड़ेंगे बिहार विधानसभा का चुनाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना/ जमशेदपुर। भोजपुरी के सुपर स्टार कहे जाने वाले पवन सिंह बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। पवन सिंह ने कहा है लोकसभा चुनाव के बाद मैं बिहार विधानसभा चुनाव जरूर लडूंगा। बीजेपी के टिकट चुनाव लड़ने के सवाल पवन सिंह ने मुस्कुराते हुए कहा कि थोड़ा समय नजदीक आने दीजिए, सबकुछ पता चल जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि मेरी जीत से ज्यादा चर्चा तो हार की है। पवन सिंह ने एक फिल्म के प्रमोशन के दौरान झारखंड के जमशेदपुर में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए ये बयान दिया है। एक टीवी इंटरव्यू में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा- 'अगर पवन सिंह भाजपा से लड़ना चाहते हैं तो उनका स्वागत है। 'वहीं, पवन सिंह के करीबी और भाजपा विधायक विनय बिहार ने बताया कि 'पवन सिंह और भाजपा नेतृत्व से बात चल रही है। पार्टी ने पवन सिंह के लिए अपना दरवाजा खोल दिया है। बहुत जल्द समय आने पर सबकुछ पता चल जाएगा। 'विनय बिहारी ने बताया 'पवन सिंह को लेकर दो मुद्दों पर बात चल रही है। एक- उन्हें राज्यसभा भेजने की तैयारी है। दूसरा- उन्हें विधानसभा का चुनाव लड़वाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पवन सिंह ने साफ कर दिया है कि वे अपनी जन्मभूमि शाहाबाद के ही किसी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। कहां से लड़ेंगे अभी तय नहीं हो पाया है।

23 मार्च से करेंगे बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ उलगुलान : चंपाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सरायकेला। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह सरायकेला के भाजपा विधायक चंपाई सोरेन ने बुधवार को अपने पैतृक गांव झिलिंग गोंडा में पूरे धार्मिक रीति-रिवाज के साथ बाहा पर्व मनाया। जहां चंपाई सोरेन ने जाहेरथान पहुंचकर आदिवासी वेशभूषा में प्रकृति के देवता की पूजा अर्चना की। इस मौके पर चंपाई सोरेन ने कहा की बाहा पर्व में आदिवासी समुदाय के लोग अपने सृष्टिकर्ता और प्रकृति के देवता मरांगबुरू, जाहेर आयो, लिटा मोणे और तुरूईको के प्रति अपनी श्रद्धा और आभार प्रकट करते हैं। समाज के लोग अपने पारंपरिक पुजारी नायके बाबा और माझी बाबा के मार्गदर्शन में सृष्टिकर्ता के प्रति अपनी श्रद्धा का प्रकट करते हैं। बाहा पर्व में आराध्य देवी-देवताओं को उनका प्रिय फूल सारजोम बाहा (सखुआ फूल) और मातकोम गेल (महुआ फूल) अर्पित करते हैं। इन



फूलों का पूजन करके लोग अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक संबंध को मजबूत करते हैं। फिर उन्हें नायके बाबा के द्वारा समाज के लोगों के बीच बांटा जाता है। जिससे समृद्धि और सामूहिक एकता का संदेश मिलता है। बाहा पर्व पर समुदाय के लोग एक-दूसरे के साथ सामंजस्य और सहयोग के भाव को मजबूत करते हैं। यह पर्व समृद्धि, सौहार्द और प्राकृतिक संबंधों को मजबूत करता है और समुदाय को एक-दूसरे के साथ गहरी बंधनों में जोड़ता है। पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने एक बार फिर झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण के मुद्दे को जोरों से उठाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि 23 मार्च शहीद दिवस के दिन संथाल की पावन धरती से ये धर्मांतरण और बांग्लादेशी घुसपैठ के विरुद्ध उलगुलान करेंगे। पूर्व सीएम ने कहा कि झारखंड के आदिवासियों के साथ बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण कर उन्हें लगातार ठगा जा रहा है। पूर्व सीएम ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री की कमान संभालते ही उन्होंने झारखंड के सभी पवित्र धार्मिक स्थल जाहेरथान को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई। जिसका नतीजा है कि आज हर एक जाहेरथान प्राकृतिक सौंदर्यता की छटा बिखेर रहा है। चंपाई सोरेन ने कहा कि आदिवासियों का इतिहास रहन-सहन गौरवशाली रहा है। झारखंड के देश के कोने-कोने में आदिवासी देवताओं के स्थल हैं। वही पड़ोसी देश बांग्लादेश और नेपाल में भी आदिवासी और उनके धार्मिक स्थलों की काफी प्रचलित मान्यता है।

बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

मेदिनीनगर (पलामू)/ नबिटा ब्यूरो। सर्किट हाउस में बुधवार को अंतरराज्यीय समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें पलामू व औरंगाबाद के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य वरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आसन्न पर्व-त्योहार, आसन्न नगर निकाय चुनाव, आसन बिहार विधानसभा आम चुनाव, सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थ, शराब, स्प्रीट, आग्नेयास्त्र आदि प्रतिबंधित सामग्री व वस्तुओं की आवाजाही, नक्सली गतिविधि, ओवरलोड व बिना चालान बालू, पत्थर व अन्य खनिजों का परिवहन, नक्सली गतिविधि आदि की रोकथाम को लेकर कड़े कदम उठाने का निर्णय लिया गया। आपसी समन्वय से छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। संबंधित पदाधिकारियों को संयुक्त अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

दिल्ली से दबोचा गया बिहार का इनामी कुख्यात रंजीत, कई सालों से चल रहा था फरार

गया, एजेंसी। बिहार के गया में पुलिस की विशेष टीम ने कई सालों से फरार चल रहे अपराधी की गिरफ्तारी की है. इस अपराधी को दिल्ली से पकड़ा गया. यह 50 हजार का इनामी था. पुलिस इसे बड़ी सफलता मान रही है. इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम पिछले कई सालों से मशक्कत कर रही थी, लेकिन यह हाथ नहीं आ रहा था.

दिल्ली से गिरफ्तार हुआ 50 हजार का इनामी अपराधी

गया पुलिस की विशेष टीम ने दिल्ली से 50 हजार के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार इनामी अपराधी का नाम रंजीत कुमार बताया जाता है, जो कि मानपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है. तकनीकी सूचनाओं के आधार पर पुलिस की विशेष टीम दिल्ली पहुंची. दिल्ली में पहुंचने के बाद चिन्हित स्थान पर छापेमारी की गई और रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया.

गिरफ्तारी नहीं होने पर रखा गया था इनाम

बताया जाता है कि रंजीत कुमार की गिरफ्तारी नहीं होने पर उसके खिलाफ गया पुलिस के द्वारा 50 हजार का



इनाम रखा गया था. इनाम रखे जाने के बाद इसके संबंध में पुलिस की टीम को इनपुट मिला और फिर इसकी गिरफ्तारी कर ली गई.

लूट कांड में रंजीत था आरोपी

पुलिस के अनुसार मोहनपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2022 में लूट की एक घटना हुई थी. जिसमें बाइक सवार अपराधियों द्वारा 50 हजार कैश की राशि एक व्यक्ति से लूट ली गई थी. मामले में गया के धनगाई थाना क्षेत्र के उत्तम कुमार को गिरफ्तार किया गया था. वहीं दूसरे अभियुक्त रंजीत की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी. इसके बाद इस पर इनाम रखा गया था. गया के सिटी एसपी रामानंद कुमार कौशल का कहना है कि मोहनपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले रंजीत कुमार पर 50 हजार का इनाम था. इस इनामी अपराधी को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है. मोहनपुर थाना में लूट की घटना होने के बाद दो की संलिप्तता सामने आई थी, जिसमें एक उत्तम कुमार और दूसरा रंजीत कुमार था. उत्तम कुमार की उसी समय गिरफ्तारी कर ली गई थी, जबकि रंजीत कुमार अब गिरफ्तार किया गया है.

आपराधिक इतिहास खंगाल रही पुलिस

पुलिस की टीम रंजीत का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है. फिलहाल गया में अब तक उसके खिलाफ दो कांड दर्ज पाए गए हैं. 50 हजार के इनामी रंजीत की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की टीम अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है.

खोदावंदपुर की सीडीपीओ लापरवाही के आरोप में सस्पेंड

बेगूसराय, एजेंसी। बेगूसराय के खोदावंदपुर की बाल विकास परियोजना अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका एवं सहायिकाओं की उपस्थिति आंगन एप पर ससमय अपलोड नहीं करने के मामले में वरीय अधिकारियों द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण का समुचित जवाब नहीं देने के आरोप में खोदावंदपुर की सीडीपीओ व छौड़ाही प्रखण्ड की प्रभारी सीडीपीओ डॉ. दर्शना कुमारी पर यह कार्रवाई की गई है। सीडीपीओ पर जनवरी 2024 से जून 2024 तक सेविकाओं व सहायिकाओं की उपस्थिति विवरणी आंगन एप पर अपलोड करने में लापरवाही बरतने का आरोप है। वरीय अधिकारी द्वारा निलंबन से सम्बंधित निर्गत पत्र में बताया गया है कि सीडीपीओ की लापरवाही का मुद्दा स्थानीय विधायक राजबंसी महतो द्वारा



विधान सभा में 27 फरवरी 2024 को उठाया गया था। विधायक द्वारा उठाए गए इस मुद्दे की जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी को दी गई थी। डीपीओ ने इस मुद्दे को लेकर सीडीपीओ से जवाब तलब किया था। मूल तथ्यों को छिपाकर सीडीपीओ ने असंतोषजनक जवाब डीपीओ कार्यालय को सौंपा था। सीडीपीओ के इस क्रियाकलाप को लेकर समाज कल्याण विभाग के अपर सचिव ने निलंबन की कार्रवाई करते हुए इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई संचालित करने का निर्णय लेने की बात भी कही है।

संक्षिप्त समाचार

बेटे की शादी का न्योता बांटने गई मां की मौत

● नवादा में तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, परिवार की खुशियां मातम में बदली



नवादा, एजेंसी। नवादा में एक महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रूपौ थाना क्षेत्र के चारौल गांव की किरण देवी (45) अपने बड़े बेटे की शादी का न्योता बांटने गई थी। इस दौरान रोह प्रखंड के हरला गांव के पास तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने किरण देवी को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया। इस बीच रास्ते में ही मौत हो गई। लोगों ने नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका के परिजनों ने बताया कि वह न्योता देकर लौट रही थी और रोड के किनारे खड़ी थी। तभी अज्ञात गाड़ी ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दिया। इसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

सामाजिक दायित्व के तहत जिले में 44 सामुदायिक केंद्र की मंजूरी

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी की पहल पर जिले में 44 सामुदायिक केंद्र स्थापित होने का रास्ता साफ हो गया है। मंत्री के आग्रह पर पावर फाइनांस कॉरपोरेशन बैंक ने इन केंद्रों की स्थापना का प्रस्ताव जिला प्रशासन को दिया है। सार्वजनिक भवन से वंचित पंचायतों में सामुदायिक केंद्रों की स्थापना होगी, जहां सांस्कृतिक और सामाजिक कार्य हो सकेंगे। पावर फाइनांस कॉरपोरेशन बैंक की ओर से सीएमआर प्रबंधक दुर्गेश रंगेरा ने मंत्री को सूचित किया है कि उनके निर्देश पर इस योजना को मंजूरी दे दी गई है। बैंक ने जिले के नौ प्रखंडों में कुल 44 सामुदायिक केंद्र की मंजूरी दी गई है। एक सामुदायिक केंद्र 56 लाख की लागत से बनेगा। सामुदायिक केंद्र के लिए मंत्री ने जिला प्रशासन को स्थलों की जो सूची उपलब्ध करायी है, उनमें औराई का बैंगना, डकरामा, बसुआ, मीनापुर व औराई, गायघाट का कांटा पिरौछा, शिवदाहा, बरुआरी, मैठी व कमरथू, मुशहरी का मुशहरी राधानगर, रोहुआ, नरौली, छपरा मेघ व तरौरा गोपालपुर, बोचहां का करनपुर दक्षिणी, लोहसरी, शर्फुद्दीनपुर, मैदापुर व आदि गोपालपुर, मुरौल का बखरी विशुनपुर, मीरापुर, मुरौल, ढोली व पिलखी, बंदरा का सकरी चांदपुरा, बंदरा, रामपुरदयाल, हत्था, कटरा का सिसवारा, बेरई दक्षिणी, शिवदासपुर, पहसौल व धनौर, सकरा का जगदीशपुर बघनगरी, बाजी बुजुर्ग, दुबहा, मछही व कुढ़नी का पुपरी बोड़ीहारी, खरौना, सुमेरा, मधुबन व तुर्की पंचायत शामिल है।

पटना में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे होमगार्ड जवान

पटना, एजेंसी। बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ अपनी 21 सूत्री मांगों को लेकर पटना मिलर हाई स्कूल से चलकर गर्दनीबाग धरना स्थल पर पहुंचा, जहां सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए. वहीं संघ के महासचिव सुदेश्वर प्रसाद ने बताया कि केंद्रीय समिति पटना के निर्देश पर 21 सूत्री मांगों को लेकर यहां अनिश्चितकालीन हड़ताल किया गया है.

होमगार्ड जवानों का अनिश्चितकालीन धरनाः संघ के महासचिव ने कहा कि सरकार को अल्टीमेटम दिया गया कि अगर सरकार नहीं मानेगी तो हम लोग अपने संघ के आह्वान पर आगे जोरदार आंदोलन करेंगे और सरकार की विधि व्यवस्था भी चरमरा जाएगी. पक्ष में आया था सुप्रीम कोर्ट का आदेशः होमगार्ड के कर्मियों ने समान काम के बदले समान वेतन और अन्य सुविधाओं की मांग उठाई. प्रदर्शनकारी सरकार पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगा रहे हैं. उनका कहना है कि पुलिसकर्मियों की तरह काम करने के बाद भी समान वेतन और सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं. सुप्रीम कोर्ट ने भी अविलंब सुविधा देने का निर्देश दिया है.

वर्तमान में 50प्रतिशत महंगाई भत्ता अन्य कर्मचारियों को दिया जाता है. साथ ही महिला होमगार्ड को 2 दिन का विशेष अवकाश एवं मातृत्व अवकाश भी दिया जाए.÷-सुदेश्वर



प्रसाद,महासचिव,बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ

21 सूत्री मांग

जहां एक तरफ विधानसभा सत्र चल रहा है वहीं दूसरी तरफ बिहार गृह रक्षा वाहिनी के कर्मियों के द्वारा धरनास्थल पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है. प्रदर्शन में शामिल होमगार्ड के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार ठाकुर ने बताया कि समान काम का समान वेतन चाहिए. 21 सूत्री मांग हम लोगों की पहले से है, लेकिन अभी तक सरकार इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाई है.

होमगार्ड बिहार के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार ठाकुर का कहना है कि कोर्ट का भी फैसला गृह रक्षा वाहिनी (होमगार्ड) के पक्ष में आया है. 774 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मिलता है. 33000 प्रति माह के हिसाब से मिलना चाहिए था, लेकिन दोहरी नीति अपनाई जा रही है. पुलिसकर्मियों के बराबर दिन रात हमलोग बिहार सरकार के लगभग विभागों में काम करते हैं. सीएल वगैरह का भी लाभ नहीं मिलता है. यहां तक की बीमार पड़ने पर सैलरी कट जाती है. राज्य भर की विधि व्यवस्था हम ठप करना नहीं चाहते हैं. सरकार आंदोलन समाप्त कराए नहीं तो होमगार्ड मर कर ही यहां से जाएगा.

परिवार पालना हो रहा मुश्किल

होमगार्ड कर्मी नंद किशोर ठाकुर ने बताया कि जितनी सैलरी मिलती है, उसमें घर परिवार नहीं चल पाता है. मजबूरन बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाना पड़ता है. रोस्टर के अनुसार ड्यूटी दी जाती है. रोस्टर से नाम अगर हट गया तो उस दिन की ना ड्यूटी मिलती है और ना सैलरी.

होमगार्ड कर्मी नंद किशोर ठाकुर ने बताया कि ड्यूटी में नाम आने के लिए रोस्टर आने का इंतजार करना पड़ता है. कभी-कभी 10 दिनों तक भी रोस्टर में नाम नहीं आता है. इंतजार में घर पर बैठना पड़ता है. होमगार्ड के जवान बिहार के पुलिस स्टेशन पर भी ड्यूटी करते हैं. आज 50 प्रतिशत जवान काम काज छोड़कर अपने हक की लड़ाई के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं और 50 प्रतिशत ड्यूटी पर हैं.

पटना में कंस्ट्रक्शन साइट से गिरकर 2 मजदूर की मौत

पटना, एजेंसी। पटना में मंगलवार की शाम कंस्ट्रक्शन साइट से गिरकर 2 मजदूरों की मौत हो गई। घटना चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र के पार्वती पथ में हुई है। अनिल सिंह का मकान बन रहा था। इसी मकान के बनने के दौरान हादसा हुआ है। मृतकों में राजू राय उर्फ जयनारायण सिंह और शिवशंकर सिंह शामिल हैं। दोनों वैशाली के रहने वाले थे। पटना में मजदूरी करते थे। वहीं, घटना के बाद मजदूरों में आक्रोश है। सभी मकान मालिक से पीड़ित के परिजन के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया : एक मजदूर ने बताया कि सेंटरिंग का काम चल रहा था। बैलेंस बिगड़ा और हादसा हो गया। चित्रगुप्त नगर थानेदार आलोक कुमार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान कर ली गई है। दोनों वैशाली के रहने वाले थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

घटना के बाद जमा हो गए मजदूर : घटना के बाद आसपास के मजदूर भी घटनास्थल पर पहुंच गए। कुछ यूनियन के नेता भी आ गए। सभी लोगों ने परिजन के लिए मुआवजे की मांग की। वहीं, मजदूरों के आक्रोश को देखते हुए मौके पर पत्रकार नगर, कंकड़बाग, जक्कनपुर समेत लगभग 5 थानों की पुलिस मौजूद रही।



बिहार में तो पुलिस वाले का ही चालान कट गया

दरभंगा, एजेंसी। सड़क सुरक्षा को लेकर बिहार पुलिस इन दिनों सावधान दिख रही है. पुलिस की तरफ से लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में दरभंगा की सड़कों पर वर्दी वाले ही वर्दीवालों का चालान काटते दिखे. पुलिस वाले का चालान कटा : इस दौरान कुछ पुलिसकर्मी भी नियमों का उल्लंघन करते दिखे. इसके बाद यातायात पुलिसकर्मियों ने उनको भी नहीं बख्सा और उनका भी चलान काटा.ट्रैफिक पुलिस ने आमलोगों के दिल में जगह बनाने के लिए बिना हेलमेट के बाइक चला रहे एएसआई विनोद कुमार को 1000 हजार रुपये का चालान काट दिया.

हेलमेट पहनकर बाइक चलाना चाहिए : बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले पुलिस अधिकारी विनोद कुमार ने चालान भरने के बाद कहा कि आम लोगो को भी हेलमेट पहनकर बाइक चलाना चाहिए. ताकि खुद की रक्षा की रक्षा के साथ-साथ दूसरों की भी रक्षा करें. उन्होंने इस काम के लिए यातायात पुलिस की भी तारीफ की.

दरभंगा में लगातार चेकिंग अभियान : इस दौरान सड़क पर सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर चलने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ पुलिस ने नकेल कसा. इस पूरे मामले पर यातायात थानाध्यक्ष कुमार गौरव ने बताया कि दरभंगा में लगातार यातायात नियम पालन को देखते हुए चेकिंग अभियान चलाया जाता है. यातायात थानाध्यक्ष कुमार गौरव का कहना है कि वाहन चेकिंग किया जा रहा था, जिसमें एक पुलिस अधिकारी विनोद कुमार जो वर्दी में बिना हेलमेट के बाइक चला रहे थे. उनका 1000 रुपये का चालान काटा गया है. नियम सभी के लिए एक समान हैं, चाहे वे पुलिस वाले हों या प्रेस वाले या फिर आम लोग.

चाकूबाजी में छात्र की मौत, गुस्साए लोगों ने हॉस्टल में लगाई आग, बाइक जलकर राख

बेतिया, एजेंसी। बिहार के बेतिया में चाकूबाजी की घटना सामने आयी है. इस घटना में एक छात्र की मौत हो गयी. घटना मुफ्फसील थाना अंतर्गत आईटीआई कॉलोनी की है. छात्रों के बीच पूर्व से विवाद में पहले मारपीट हुई फिर चाकूबाजी में एक छात्र जख्मी हो गया. इलाज के दौरान मौत हो गई.

छात्र की मौत के बाद हंगामा

मृतक की पहचान सौरभ कुमार, पूर्वी करगहिया निवासी के रूप में हुई है. छात्र की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया है. घटना की सुचना पर मुफस्सिल थाना पुलिस और सदर एसडीपीओ विवेक दीप घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन की.

दो आरोपी गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार की रात की है. इस मामले में पुलिस ने दो लड़कों को गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी से पूछताछ की जा रही है. जो मझौलिया थाना क्षेत्र धोकरहा के रहने वाले हैं. घटनास्थल पर डॉग स्कवायड की टीम पहुंची है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.



पूर्व के विवाद में घटना

सदर एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि छात्रों के बिच पूर्व से विवाद था. मंगलवार दोनों गुट में मारपीट हुई है. उसी में एक गुट ने एक छात्र को चाकू मार दी है. जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई है. पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है. पुलिस फुटेज की जांच कर रही है. ÷घटना की जानकारी मिली है. चाकूबाजी में एक छात्र की मौत हो गयी है. घटनास्थल का फुटेज खंगाला जा रहा है. दो आरोपी से पूछताछ की जा रही है. इसके बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है.

पटना में ट्रांसफार्मरों पर कैसे लग रहा सुरक्षा घेरा, वार्निंग सिग्नल भी लगाए जा रहे

ताकि ना हो फिर हादसा



पटना, एजेंसी। बिहार की राजधानी पटना में हाई-वोल्टेज इलेक्ट्रिक ट्रांसफार्मर की वजह से होने वाली घटनाओं से बचाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने इन इलेक्ट्रिक ट्रांसफार्मर पर बेड़ा लगा रही है। यानी इस विद्युत ट्रांसफॉर्मरों पर सुरक्षा घेरा लगाने का काम किया जा रहा है। पेसू के अंतर्गत करीब 7500 ट्रांसफार्मर खुली जगहों पर लगे हैं। पिछले तीन महीनों में इनमें से करीब 2,000 ट्रांसफार्मरों पर यह सुरक्षा बेड़ा लगाया जा चुका है। इसके अलावा SBPDCL ने अगले छह महीने में सभी ट्रांसफार्मरों के पास सुरक्षा बेड़ा लगाने का लक्ष्य रखा है। इस बड़े काम के लिए एक एजेंसी को भी हायर किया गया है।

यूं हो रही ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग : इस फेन्सिंग प्रोजेक्ट के तहत रिहायशी इलाकों, बाजारों और सार्वजिक जगहों पर लगे ट्रांसफार्मरों पर बैरियर लगाने, वार्निंग सिग्ननल लगाने और सुरक्षात्मक कवर लगाने का काम किया जा रहा है। ट्रांसफार्मरों को बैरियर लगा कर सुरक्षित करने का निर्णय ऊर्जा विभाग ने लिया है। दरअसल पिछले साल पटना सिविल कोर्ट के पास लगे एक ट्रांसफार्मर में अचानक ब्लास्ट हो गया था। इस हादसे में दो वकील और एक क्लर्क की मौत हो गई थी। इसके अलावा पिछले ही साल दिसंबर के महीने में परसा बाजार इलाके में ट्रांसफार्मर ब्लास्ट होने की वजह से एक महिला की मौत हो गई थी और दो अन्य लोग जख्मी हो गए थे।

फाइबर के बाड़े लगाए जा रहे : पेसू के जनरल मैनेजर श्रीराम सिंह ने कहा कि पिछले साल नवंबर में उनलोगों ने खुद से ही फेंसिंग का काम शुरू किया। हालांकि, दिसंबर के महीने में एजेंसी को इसमें शामिल किया गया और उसने फाइबर-प्रबलित प्लास्टिक बाड़े लगाने का काम शुरू किया। हालांकि, शुरू में गंगा घाट, राजा बाजार और शगुना मोड़ जैसे कुछ व्यस्त इलाकों में लोहे की फेंसिंग लगाई गई थी। हालांकि, अब हम एजेंसी के साथ काम कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में सबसे पहले बाजार, सार्वजनिक जगहों और ज्यादा आबादी वाली जगहों पर लगे ट्रांसफार्मरों की पहचान की गई थी। यह सुरक्षा फेंसिंग लोगों को ट्रांसफार्मरों से दूर रखेंगे और इससे हादसों को भी टाला जा सकेगा। हालांकि, हाई-वोल्टेज ट्रांसफार्मरों पर फेंसिंग कर खतरे को कम करने के इस काम में चुनौतियां भी काफी हैं। दरअसल संकीर्ण इलाकों में ट्रांसफार्मरों पर फेंसिंग के काम में मुश्किलें आ रही हैं। हालांकि, मुश्किलों के बावजूद बेड़ा लगाने का काम जारी है।

दरवाजा तोड़कर घर में घुसे चोर, कीमती सामान लेकर फरार

भागलपुर, एजेंसी। भागलपुर में चोर एक बंद घर में घुसे और सारे कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घर के अंदर चोर दरवाजा तोड़कर घुसे थे। मकान मालिक निजी काम को लेकर कोलकाता गए हुए थे। वापस लौटे तो देखा ताला टूटा हुआ पाया। पीड़ित मनोज कुमार सरसहाय



ने कहा घर में कोई नहीं था, दरवाजा लॉक था, लेकिन, जब हम वापस लौटे तो घर के सारे सामान कमरे में बिखरे थे। दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।।करीब लाखों रुपए का सामान चोर ने चोरी किया है। घटना हलगांव थाना क्षेत्र के शिकारगढ़ टोला वार्ड नंबर-7 की है।

कहलगांव पुलिस को आवेदन दिया गया है

मामले में कहलगांव पुलिस को लिखित आवेदन दिया गया है। अज्ञात चोर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में कहलगांव थाना अध्यक्ष से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

विधानसभा में साठी को प्रखंड बनाने उठाया मुद्दा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नरकटियागंज। विधायक रश्मि वर्मा ने विधानसभा सत्र के दौरान साठी को प्रखंड बनाने की मांग उठायी है। विधायक रश्मि वर्मा ने विधानसभा सत्र के दौरान सदन में कहा है कि जिला प्रवास कार्यक्रम 2009 में मुख्यमंत्री के द्वारा साठी में प्रखंड का दर्ज़ा देने की घोषणा की गई थी परन्तु अबतक साठी को प्रखंड का दर्जा नही दिया गया है। जिससे वहां के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। विधायक ने सदन के माध्यम से विभाग के मंत्री से साठी में प्रखंड बनाने की मांग उठाई है। गौरतलब हो कि साठी के लोगो को प्रखंड स्तरीय कार्य को लेकर लौरिया एवं नरकटियागंज जाना पड़ता है। साठी में प्रखंड बनने से वहां के लोगो को काफी सहूलियत मिल



सकेगी। विधायक रश्मि वर्मा ने बताया कि नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत साठी को प्रखंड बनाने की मांग 2009 से चल रही है लेकिन अब तक वहां प्रखंड नही बनाया गया है। इसको लेकर विधानसभा में मांग की गई है।

माता जानकी का चरित्र नारी के आदर्श का सर्वोत्तम रूप

गुठनी /सिवान। नारी चरित्र का सर्वोत्तम आदर्श जनक नंदनी प्रभु श्रीराम अर्धांगिनी माता जानकी का चरित्र है जिसके अनुसरण से नारी आचरण और नारी आचरण से परिवार का सदा कल्याण होता है। उक्त बातें सोहगरा शिवधाम में चल रहे अष्टम श्रीरूद्र महा महायज्ञ में प्रवचन के दौरान कैथी धाम वाराणसी से आये मानस कथा वाचक रामनाथ गिरी जी ने कही। कथा वाचक गिरी जी ने माता सीता के एक एक चरित्र का वर्णन करते हुये श्रोता महिलाओं को बड़े ही सहज भाव मे समझाते हुये कहा कि परिवार का सुख सब सुखों से ऊपर है और परिवार का सुख व खुशहाली परिवार की महिलाओं पर विशेष निर्भर करता है। मकान बनाना पुरुष का कर्म व कर्तव्य है लेकिन मकान को घर का रूप देना स्त्री का। प्रति संध्या हो रहे प्रवचन में महिलाएं काफी संख्या में शामिल हो रही है। यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने वाले श्राद्धालुओं में भी महिलाओं की संख्या ज्यादा है। उधर रामलीला और रासलीला देखने सर्वाधिक लोग पहुच रहे है। वृन्दाबन से आयी रासलीला मंचन दल के व्यास दुष्यंत शर्मा ने भी लीला मंचन के बीच बीच मे रामायण के प्रसंगों को श्रोताओं/दर्शकों को सुनाकर उन्हें भाव विभोर कर दे रहे है। विदित हो कि बाबा हंसनाथ की पवित्र नगरी सोहगरा शिवधाम में गत शनिवार से श्रीरूद्र महायज्ञ का आयोजन आरंभ हुआ है। यज्ञ के मुख्य आचार्य पं गंगाधर शुक्ल के नेतृत्व में विद्वत ब्राम्हण जनों द्वारा पूजन हवन का कार्य किया जा रहा है। यज्ञ समिति के सदस्य सह मंच संचालक गजलकार पी एन सिंह ने बताया यज्ञ का निर्वाध रूप से सफल आयोजन चल रहा है समिति के सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान दिया जा रहा है।

चाकू मार छात्र की हत्या, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेतिया। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पूर्वी करगहिया आईटीआई मुहल्ले में मंगलवार की शाम एक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी। मामले में पुलिस दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि पुलिस की देखरेख में किशोर का अंतीम संस्कार कराया गया। मृतक के पिता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपित युवको मझौलिया थाना क्षेत्र के धोकराहां निवासी सरफराज आलम एवं मेराज आलम को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में है। विदित हो कि मंगलवार की संध्या 6.30 बजे अपने घर से सामान लेने गये किशोर पूर्वी करगहिया अपने मामा के घर रह रहे नरकटियागंज के पांडेय टोला निवासी राजकिशोर



दास के पुत्र दिव्यांशु कुमार सौरभ को चाकू मारकर जख्मी कर दिया गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल गये जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जैसे हीं घटना की सूचना मिली लोग आक्रोशित हो गये। और घटनास्थल पर पहुंच कोचिंग संस्थान सह लाइब्रेरी में आग लगा दी। जिससे काफी क्षति हुई। घटना की जानकारी होते हीं पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन एवं एसडीपीओ विवेक दीप समेत अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने कोचिंग में छिपे दोनो आरोपी युवको को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि मझौलिया थाना क्षेत्र के धोकराहा निवासी सगे भाई सरफराज आलम व मेराज आलम को गिरफ्तार किया गया है। मृतक के पिता राजकिशोर दास ने दर्ज करायी गयी प्राथमिकी में बताया है कि उनका पुत्र दिव्यांशु कुमार पूर्वी करगहिया स्थित अपने आवास से थोड़ी दूरी पर स्थित आरडी सेंटर कोचिंग सेंटर के लाइब्रेरी में पढ़ता था। इंटर की परीक्षा देने के बाद वहां जाना छोड़ दिया था। मंगलवार की शाम करीब साढ़े छह बजे उसकी मां सामान लाने भेजी थी। पूर्व की दुश्मनी को लेकर साजिश के तहत दोनों सगे भाई सरफराज व मेराज ने चाकू मार दिया। उसने कोचिंग व लाइब्रेरी संचालक पर भी साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है।

एक नजर

दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

मझौलिया। थाना क्षेत्र से पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले एक को गिरफ्तार किया है।इस संदर्भ में थानाध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी ने बताया कि पीड़िता नावालिग के पिता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी सूरज कुमार उम्र 19 वर्षो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वही नाबालिग को मेडिकल जांच एंवम 164 के ब्यान के लिये बेतिया भेज दिया गया है।

सखुआ के गुल्ली के साथ तस्कर गिरफ्तार

गौनाहा। मंगुराहा वनक्षेत्र में लखनिया एपीसी के समीप पहले से घात लगाये वन कर्मियों ने दो सखुआ के गुल्ली के साथ एक तस्कर को धर दबोचा जबकि दो अन्य तस्कर भागने मे सफल रहे। रेंजर सुनील कुमार पाठक ने बताया कि मंगलवार को संध्या साढ़े छह बजे एकवा गांव निवासी रामायण चौधरी का पुत्र रमेश चौधरी, टुनटुन शेख व कलाम अंसारी बाईक पर दो सखुआ का गुल्ली लेकर भाग रहे थे। इसी बीच फॉरेस्टर राहुल कुमार झा, वनरक्षी मो. बरकत, सुमित कुमार व सोफी पीछा कर लकड़ी तस्कर रमेश चौधरी को दो गुल्ली के साथ धर दबोचा। दो अन्य लकड़ी तस्कर परसौनी गांव निवासी टुनटुन शेख व कलाम अंसारी भागने मे सफल रहे। गिरफ्तार रमेश चौधरी को बुधवार को जेल भेज दिया गया।

विधायक ने सदन में उठाया सड़क के जीणोद्धार की मांग

गौनाहा। रामनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक भागीरथी देवी ने गौनाहा प्रखंड के पिपरा चौक से असुरारी जाने वाली मुख्य सड़क के जीणोद्धार की मांग सरकार से की है। विधायक भागरथी देवी ने दूरभाष पर बताया कि विधानसभा में सरकार से जर्जर पड़े उक्त सड़क के मरम्मती की मांग की गई है, ताकि जनता को आने-जाने में सुविधा हो सकें। उक्त सड़क विगत कई वर्षों से जर्जर पड़ा हुआ था। विधायक ने बताया कि सरकार ने इस मांग को स्वीकार कर लिया है।

दंपति संपर्क पखवाड़ा का आयोजन 10 से 16 मार्च तक

बसंतपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी बसंतपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमार रवि रंजन ने बताया कि मिशन परिवार विकास अभियान कार्यक्रम के तहत आगामी 10 मार्च से 29 मार्च तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा लेकिन 10 मार्च से 16 मार्च तक दंपति संपर्क पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा, जबकि 17 मार्च से 29 मार्च तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गर्भ निरोधक सूई अंतरा सेवा की उपलब्धता सभी स्थानीय स्तर पर सीएचसी सहित हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पर होगा। विभागीय अधिकारियों द्वारा जारी दिशा निर्देश के आलोक में दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत उपलब्ध अस्थायी एवं स्थायी उपायों के संबंध में भी आमजन को जागरूक किया जाएगा।

वीएचएसएनडी साइट पर सास-बहू सम्मेलन का होगा आयोजन

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम विशाल कुमार ने बताया कि मिशन परिवार विकास अभियान का आयोजन जिले के सभी अस्पताल एवं स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के दौरान जिले में 5 दिन प्रत्येक प्रखंड में ई- रिक्शा के माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों के प्रति जागरूक किया जाएगा जबकि जिले के सभी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर 21 मार्च को परिवार नियोजन दिवस मनाया जाएगा एवं वीएचएसएनडी साइट पर सास - बहू सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी, बीसीएम सरफराज अहमद, जीविका के विजय प्रताप, आईसीडीएस की ओर से महिला पर्यवेक्षिका पिंकी कुमारी, पीरामल स्वास्थ्य के कार्यक्रम प्रमुख राजेश तिवारी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

सौहार्द्र और आपसी प्रेम का संदेश देता है होली : मनोज

मैनाटांड। सामाजिक सौहार्द और प्रेम का प्रतीक रंगोत्सव के अवसर पर इनरवा के सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गिरि के निजी आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह का शुभारंभ परम्परागत फाग गीतों को गाकर किया गया। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गिरि ने कहा कि होली सिर्फ त्यौहार ही नहीं है अपितु पाप पर पुण्य की विजय और अधर्म पर धर्म की विजय का भी त्यौहार है। ये सामाजिक सौहार्द और आपसी प्रेम का संदेश देता है। इस दौरान एक दुसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई भी दी गई। इस अवसर पर इनरवा के उप मुखिया आनंद मिश्रा पैक्स अध्यक्ष बुनीलाल शाह, दीपेंद्र पटेल रवि गिरी मनु शाह,अनारूल मियां माजिद मियां मनु कुशवाहा,कन्हैया शाह,अर्जुन महतो आदि मौजूद रहे।

आंख के मरीजों का समृद्ध वर्मा ने जाना हाल

मैनाटांड। प्रखंड के रामपुर हाई स्कूल में विगत दो मार्च को सिकटा-मैनाटांड के पूर्व विधायक दिलीप वर्मा व भाजपा युवा नेता समृद्ध वर्मा के सौजन्य से नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया था। जिसमें विधानसभा क्षेत्र से 450 मरीजों की फ्री जांच हुई। उसमें से डॉक्टर ने पच्चास मरीजों को ऑपरेशन करने की सलाह दी। समृद्ध वर्मा ने अपनी निजी कोस से सभी मरीजों को बेहतर इलाज कराने का जिम्मा उठाया। वही श्री वर्मा ने बताया कि बुधवार को पटना के अस्पताल में हो रहे आंख का ऑपरेशन वाले मरीजों से मिल उनका हाल जाना। उन्होंने कहा कि अस्पताल के आईवार्ड में मोतियाबिंद ऑपरेशन के साथ-साथ कई अन्य प्रकार की आंखों से संबंधित बीमारियों का ऑपरेशन व इलाज किया जा रहा है।

गौनाहा की बेटियों ने खेलो इंडिया लीग के फाइनल में बनाई जगह

गौनाहा। अस्मिता खेलों इंडिया लीग में गौनाहा की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन किया हैं। रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकाडेमी, सिवान में आयोजित टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नर्सरी सीठी, पश्चिमी चंपारण की टीम ने एक्सीलेंस साई सेंटर, सिवान को 6-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। मैच के चौथे ही मिनट में अनु कुमारी ने पहला गोल कर टीम को बढ़त दिला दी थी। इसके बाद बिंदिया ने लगातार दो गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। मध्यांतर के बाद रितिका कुमारी ने हैट्रिक लगाकर टीम को 6-0 से जीत दिलाई। मुख्य प्रशिक्षक सुमित पांडे ने कहा कि बिहार में खेल के क्षेत्र में गौनाहा की आदिवासी बेटियों का दबदबा बढ़ रहा है। प्रशिक्षक राकेश कुमार और दीपू कुमार ने बताया कि इन बच्चियों के भविष्य संवारने में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की अहम भूमिका है।प

शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान समारोह 9 मार्च को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

महाराजगंज/सीवान। प्रखंड के बंगरा गांव के रघुवीर सिंह पुस्तकालय सह वाचनालय परिसर में आगामी रविवार को कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल व स्वतंत्रता सेनानी मुंशी सिंह शामिल होंगे। बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ जिला प्रवक्ता कुमार राजकपूर टीपू ने बताया कि कार्यक्रम में बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जय राम सिंह शर्मा, महासचिव दिनेश कुमार सिंह, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अंकेक्षक सुर्यनारायण यादव के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

दिव्यांग जांच एवं पंजीकरण शिविर की सफलता के लिए जागरुकता रथ रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेतिया। दिव्यांग जनों के जांच शिविर को सफल बनाने के लिए प्रतीक एडवीन शर्मा के सौजन्य से जागरुकता रथ निकाली गयी। जागरुकता रथ को युवा भाजपा नेता विजय चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समाजसेवी व भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रतीक एडवीन शर्मा ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा दिव्यांग जनों और वरिष्ठ जनों को सहायक यंत्र का निःशुल्क वितरण के लिए पंजीकरण सह परीक्षण शिविर का आयोजन बेतिया, चनपटिया एवं बैरिया में किया जाना है। सांसद डा. संजय जायसवाल के प्रयास से एलिम्को



दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण उपलब्ध करायेगा। इसके लिए 6 मार्च को चनपटिया, 7 मार्च को बैरिया एवं 8 मार्च को बेतिया में जांच शिविर आयोजित किया जायेगा। इसकी सफलता के लिए तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए जागरुकता रथ रवाना किया गया है। मौके पर अक्षय राज सिंह समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे। उन्होंने चनपटिया, बेतिया एवं नौतन विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांग जनोंसे अपील की कि जिन्हें सहायक उपकरण की आवश्यकता है वे इस शिविर में आकर अपना पंजीकरण एवं जांच करा सकते है।

निर्धारित मूल्य से अधिक रुपये पर बीज वितरण पर किसान आक्रोशित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नरकटियागंज। प्रखंड ई किसान भवन में बुधवार को मूंग बीज वितरण में निर्धारित दर से अधिक रुपए लिए जाने पर किसानों ने आक्रोश जताया। किसानों ने बीज वितरक एजेंसी के खिलाफ वितरण में मनमानी करने का आरोप लगाया। राजपुर गांव के सुरेंद्र प्रसाद, अरविंद चौरसिया, कटहरी गांव के मंजूर आलम, जिक्रूल्लाह, केहुनियां रोआरी के अशोक साह, सोनासती के अशेश्वर चौबे, मठिया के रमेश मिश्रा समेत कई अन्य किसानों ने बताया कि मूंग बीज वितरण में डिमांड नंबर आने के बाद भी वितरक द्वारा किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि एक पॉकेट में 8 किलो मूंग के बीज का निर्धारित मूल्य 254 रुपए 40 पैसे की जगह 260 रुपए लिए जा रहे हैं। अधिक रुपए लिए जाने का विरोध करने पर वितरक एजेंसी के कर्मी किसानों से उलझ जा रहे है। विरोध करने वाले किसानों को बीज नहीं देने की धमकी भी दे रहे हैं। किसानों ने बताया कि शिकायत करने के लिए वे बगल के कक्ष में बीएओ कार्यालय और अनुमंडल कृषि पदाधिकारी के पास भी गए थे। लेकिन कोई अधिकारी कार्यालय में नहीं था।

गन्ना उद्योग विभाग के प्रधान सचिव पहुंचे मझौलिया शुगर इंडस्ट्रीज

किसानों के बीच कृषि यंत्रों का किया गया वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मझौलिया। गन्ना उद्योग विभाग के प्रधान सचिव बी.कार्तिकेय धनजी, संयुक्त ईखायुक्त जेपी एन सिंह और सहायक ईखायुक्त रेमन्त झा ने संयुक्त रूप से बुधवार को शुगर इंडस्ट्रीज मझौलिया में 25 किसानों के बीच अनुदानित कृषि यंत्रो का वितरण किया। किसानों से रु ब रु हुए और उनकी समस्याओं का हाल जाना। किसान कारी प्रसाद ने मोटर चालित बोरिंग, डिस्क हेरो रोटर वेटर आदि यंत्रो को इस योजना में शामिल करने की मांग की। इसपर उन्होंने ईखायुक्त और सहायक ईखायुक्त को दिशा निर्देश जारी किया।गन्ना मूल्य भुगतान के बारे में पूछे जाने पर किसानों ने कहा कि इस बार तीसरे दिन उनके खाते में भुगतान चला जा रहा है। उन्होंने किसानों को कृषि यंत्रो के उठाव में तेजी लाने की बात कही और उनके प्रशिक्षण पर जोर दिया। मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना के अंतर्गत प्राप्त कृषि यन्त्रो को पाकर किसान बड़ी खुश हुए। इसके पूर्व उन्होंने चीनी मिल के सभागार में क्षेत्रीय किसानों के साथ बैठक कर गन्ना विकास योजना के तहत कृषि यांत्रिकरण वितरण की समीक्षा की। किसानों को कहा कि सूबे की सरकार 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र किसानों को दे रही है।उन्होंने किसानों को समुचित लाभ लेने की बात कही। समारोह की अध्यक्षता सुगर इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड डॉ. जे पी त्रिपाठी ने की। उन्होंने कहा कि कृषि यंत्र में रेजर,पावर वीडर,रैटून मैनेजमेंट डिवाइडर,सुगर केन कटर प्लांटर, इंजन ऑपरेट पावर आदि यंत्र उपलब्ध है। किसान गन्ना विकास विभाग से संपर्क कर यंत्र ले सकते है। उन्होंने कहा कि टॉप बोर्रर से बचाव के लिये कोराजन उपलब्ध है साथ ही मूंग के बीज का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर नोनेया के किसान आनंद तिवारी, मो.जैनुद्दीन, रतनमाला के सुरेंद्र तिवारी, राजेश पांडेय, पकड़िया के सिद्धार्थ कुमार, मोहछि सुगर के कारी प्रसाद, महोदीपुर के मनोज कुमार सिंह, गनौली के राधेश्याम साह, अमवा मझार के धनञ्जय कुमार समेत सैकड़ो किसान शामिल रहे। चीनी मिल के यूनिट हेड जे पी त्रिपाठी, एजीएम एचआर रमाकान्त मिश्रा, सीसीएम अखिलेश कुमार सिंह, संजय कुमार मिश्र, राजेश कुमार प्रभात तिवारी आदि ने बुके भेंट कर आगत अतिथियों को सम्मानित किया।

जिला पार्षद ने सोहगरा मंदिर के महंत को भिड़ाई पिस्टल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुठनी (सिवान)। जिला पार्षद छोटेलाल यादव द्वारा सोहगरा मंदिर के महंत अरविंद गिरी के साथ अभद्र व्यवहार करते पिस्टल भिड़ाकर जान से मारने के प्रयास में उन्हें हिरासत में लिया है। महंत अरविंद गिरी ने जिला पार्षद के खिलाफ आवेदन भी दिया है। उन्होंने अपने आवेदन में लिखा है कि जिला पार्षद छोटेलाल यादव अपने दस समर्थकों के साथ मेरे बथान पर आये और यह कहते हुये गाली देने लगे कि महंत के द्वारा मेरा बालू चोरी किया गया। वे अभद्र अभद्र गालियां दे रहे थे और जब उनको गाली देने से मना किया तो पिस्टल निकाल कर जान मारने की नीयत से मेरे ललाट पर सटा दिया। उनके पिस्टल सटाते हुये धक्का देने से मैं जमीन पर गिर गया। यह देख आसपास के लोगों ने उनको घेर कर पकड़ लिया। ग्रामीणों द्वारा पकड़े जाने के बाद इनके समर्थक मौका देख भाग गये। महंत जी ने यह भी लिखा है कि जिला पार्षद शराब के नशे में थे। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। गुठनी पुलिस तुरंत मौके पर पहुच जिला पार्षद को हिरासत में ले लिया और थाने लायी।

परिवार नियोजन सेवा सप्ताह के दौरान प्रथम रेफरल इकाइयों में की जाएगी नसबंदी : सिविल सर्जन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सीवान। परिवार नियोजन सेवा सप्ताह के दौरान प्रथम रेफरल इकाइयों में नसबंदी शिविर का आयोजन किया जाएगा हालांकि कार्यक्रम की शत प्रतिशत सफल संचालन के के लिए आईसीडीएस, जीविका और पीरामल स्वास्थ्य सहित अन्य के द्वारा विभाग स्वास्थ्य विभाग को सहयोग किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए सिविल सर्जन श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि



दंपति संपर्क पखवाड़े के दौरान आम से खास के बीच जागरुकता लाने के लिए सही उम्र में शादी, शादी के बाद कम से कम 2 साल के बाद पहला बच्चा, दो बच्चों में कम से कम 3 साल का अंतराल एवं प्रसव के बाद या गर्भपात के बाद परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों पर जोर दिया जाएगा।

नरकटियागंज सुगर मिल्स ने किसानों को किया कृषि यंत्र वितरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नरकटियागंज। मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना के तहत सूबे के किसानो को सरकार हर एक दृष्टिकोण से मजबुत बना रही है। सरकार जहां अनुदानित दर पर आधुनिक कृषि संयत्र उपलब्ध करा रही है वही प्रति क्वींटल 10 रूपये अतिरिक्त गन्ना मुल्य का भुगतान भी कर रही है। यह जानकारी बुधवार को नरकटियागंज न्यू स्वदेशी सुगर मिल्स पहुंचे गन्ना उद्योग विभाग के सचिव बी कार्तिकेयन धनजी ने दी। उन्होने किसानो के बीच कृषि संयत्र का वितरण किया और उनकी समस्याओ को सुना। सचिव श्री धनजी ने किसानो को आश्वस्त किया है कि सरकार के लिस्ट में जो कृषि संयत्र नही है उसे अगले लिस्ट में शामिल किया जाएगा ताकि राज्य के किसान अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान चंपारण में प्रति क्विंटल 10 रूपये गन्ना अनुदान दने की घोषणा की थी। सभी चीनी मिलो के सहायोग से किसानो के खाते में राशि भेजी जा रही है। न्यू स्वदेशी सुगर मिल्स को 50 लाख रूपये का आवंटन किया गया है। अब तक 37170 किसानो के खाते में 5 करोड़ की राशि भेजी जा रही है। 10 मार्च तक सभी किसानो के खाते में अतिरिक्त दस रूपये की राशि भेज दिये जाने का निर्देश दिया गया है।

वैज्ञानिक तरीके से खेती करने से किसानों की बढ़ेगी आय :अनुराधा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

महाराजगंज/सीवान। कृषि विविधीकरण और क्षेत्रीय पर्यावरण पर ई किसान भवन में राष्ट्रीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी कुंदन कुमार ने की। श्री कुमार ने कहा कि महाराजगंज समेत बिहार की मिट्टी सोना उगलने वाली है। यहां के किसानों को वैज्ञानिक खेती का प्रशिक्षण की जरूरत है, जिससे वे पर्यावरण अनुकूल कृषि कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि बिहार का पर्यावरण अन्य राज्यों की तुलना में कम प्रदूषित है। यहां के किसान खेतों के किनारे पेड़ लगाते हैं और खेती भी करते हैं। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं लागू की गईं, लेकिन भौतिक आवश्यकताओं की मांग बढ़ने के अनुपात में कृषि उत्पादों की दर नहीं बढ़ी। इससे किसानों की आय दोगुनी करने में कठिनाई हुई। मधुमक्खी पालन, दुग्ध उत्पादन, टमाटर और दलहन उत्पादन कर प्रोसेसिंग से किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। वही भ्रमणशील पशुपालन पदाधिकारी ने बताया कि देसी गायों के विलुप्त होने के लिए किसान दोषी नहीं हैं। इसमें हमारी भी कमियां रहीं, जिससे अन्य नस्लों को बढ़ावा मिला हालांकि, यहां के लोग भाग्यशाली हैं कि उत्कृष्ट पशु प्रजनन केंद्र खुला है। इसके माध्यम से देसी गायों का विकास कर अधिक दुग्ध उत्पादन लिया जा सकता है।

लालू, नीतीश ने बिहार को किया बर्बाद : पीके

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेतिया। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा है कि लालू प्रसाद एवं नीतीश कुमार ने पिछले 35 वर्षों में बिहार को बर्बाद कर दिया है। और इस बर्बादी के लिए कांग्रेस और भाजपा समान रुप से गुनाहगार है। लौरिया में आयोजित जन सुराज उदघोष यात्रा के दौरान बेतिया पहुंचे पीके ने पत्रकारों को संबोधित करते उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी बिहार आने पर नीतीश जी को बिहार का लाडला मुख्यमंत्री बता रहें थे। मैं प्रधानमंत्री से अपील करता हूं, अगली बार बिहार आएं तो उन्हें यह घोषणा करनी चाहिए कि यही लाडले व्यक्ति अगले पांच वर्ष भी मुख्यमंत्री रहेंगे। यह घोषणा करने पर भाजपा को चम्पारण में एक एक सीट पर हार का सामना करना पड़ेगा। भाजपाई नीतीश कुमार को खाली मुखौटा बना कर वोट लेना चाहते हैं, चुनाव जीतने के बाद इसबार नीतीश कुमार को हटा कर अपना मुख्यमंत्री बनाएंगे। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नीतीश कुमार



किसी स्थिति में बिहार के अगले मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे, उनके दल को इतनी कम सीटें आएंगी कि उनके किसी तरफ पलटने का फायदा नहीं होगा। कहा नीतीश कुमार में इतना दम नहीं है कि पलटी मार लें, वह चुनाव जीतने के बाद पलटी मारते हैं। नीतीश कुमार ने 2015 के अलावा अपने पूरे जीवन में भाजपा के बगैर चुनाव नहीं लड़ा हैं, वह भाजपा के ताकत, पैसे, और संगठन के भरोसे हीं लड़ते हैं। उनके पास इतनी हिम्मत नहीं है कि वह अकेले चुनाव लड़ लें। उनका इतिहास है चुनाव लड़ने के बाद पलटी मारने का। लेकिन इस बार जनता भी मन बनाकर बैठी है कि उनके दल को इतनी कम सीटें आएंगी कि उनके किसी तरफ पलटने का कोई फायदा नहीं होगा। वह मुख्यमंत्री नहीं बनने वाले हैं। बिहार सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर प्रशांत किशोर का हमला, बोले - इस बजट में ऐसी कोई योजना नहीं जिससे बिहार की स्थिति को सुधारा जा सके। प्रशांत किशोर ने बिहार सरकार के बजट को निराशाजनक बताते हुए इसे छलावा करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट पिछले 18-19 वर्षों से एक जैसा है, जिसमें न तो प्रतिव्यक्ति आय बढ़ाने की योजना है और न ही पलायन रोकने की। शिक्षा सुधार, रोजगार और उद्योग स्थापना पर भी कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। पीके ने सवाल उठाया कि बिना ठोस नीति के बिहार की स्थिति में कैसे सुधार आएगा।उन्होंने कहा कि मेरी पार्टी की सरकार बनी तो सबसे पहले शराबबंदी को हटाया जायेगा। शराबबंदी से बिहार को 20 हजार करोड़ का नुकसान हो रहा है। लेकिन यह नुकसान वाली राशि सीधे भ्रष्ट अफसरों, शराब माफियाओं के पास जा रहा है। बिहार में शराबबंदी कानून है लेकिन शराब सभी जगह उपलब्ध है। मौके पर विधान पार्षद अफाक अहमद, अजय कुमार द्विवेदी, ललन यादव, म. नेयाज, किशोर कुमार मुन्ना, सरवर अली, विकास सिंह, नंदकिशोर कुशवाहा, सिकंदर चंद्रा आदि भी मौजूद रहे।

शहर में पीके का हुआ भव्य स्वागत

जनसुराज उदघोष यात्रा के दौरान बेतिया से लौरिया जाने के क्रम में जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। सर्किट हाउस से निकलने के बाद जगह जगह उनका समर्थकों ने स्वागत किया। सुप्रिया सिनेमा रोड में अष्ट विनायक हास्पीटल के निदेशक अनिल कुमार सिंह की अगुवाई में सैकड़ो जनसुराज समर्थकों ने प्रशांत किशोर पर फुल बरसाये। और बैंड बाजे के साथ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर सुभाष राव, बृजकिशोर राव, विकास बिहारी सिंह, अजय सिंह, डा. विवेक कुमार कर्ण, डा. राकेश रौशन बलवंत सिंह, प्रदीप सिंह समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 05-03-2025 21:43 Page 1

हाइटेंशन बिजली से चार की मौत

- दो मासूम सहित एक महिला शामिल
- बचाने में गयी ट्रक चालक की जान
- वानगंगा-जेठीयन मार्ग पर हुई घटना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज (नवादा)। नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के हड़िया पंचायत के राजीव नगर इलाके में बुधवार की दोपहर करीब एक बजे बिजली के हाइटेंशन तार की चपेट में आने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में दो मासूम बच्चे, एक महिला और एक पुरुष शामिल हैं। यह घटना वनगंगा-जेठीयन मार्ग पर हुई।

बताया गया कि राजगीर की पहाड़ी के समीप बसे राजीव नगर इलाके में स्थानीय गुड्डू कुमार की राशन दुकान के समीप एक पेड़ पर सबसे पहले बिजली का 11 हजार केवी का विद्युत तार टूटकर गिरा। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सुरक्षात्मक उस सड़क मार्ग से चल रहे वाहन चालकों व आमजनों को सावधान करते हुए सचेत किया।

इस बीच राजगीर से वनगंगा होते हुए जेठीयन खिजरसराय की तरफ जा रही एक यात्री बस उस मार्ग से गुजर रही थी।

बस के चालक ने वाहन को सड़क से नीचे उतारकर एक तरफ रोक दिया। जिसके बाद बस के यात्री नीचे उतरने लगे। इसी क्रम में एक महिला अपने दो बच्चों के साथ उतरी।

जिसके बाद वहां पर गिरे हुए बिजली के तार की चपेट में आकर छटपटाने लगी। इस बीच आंध्रप्रदेश से मछली लेकर जा रहे एक ट्रक चालक ने अपने ट्रक से एक कंबल लेकर उस महिला और उन बच्चों को बचाने की कोशिश करने लगा। जिसमें वह चालक भी विद्युत तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आ गया। इस तरह से उसकी भी मौके पर ही मौत हो गई।ट्रक चालक की पहचान गया जिले के मोहड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत केशोपुर अरई गांव निवासी संजीत पासवान (उम्र करीब 30 वर्ष) के रूप में हुई।

अन्य मृतकों में गौरी देवी, पति पिंटू राजवंशी (उम्र करीब 30 वर्ष), अनु कुमार (उम्र करीब 3 वर्ष), कार्तिक कुमार (उम्र करीब दो वर्ष), घर चैनपुरा, पो. चानपुरा थाना अतरी, गया जिले के बताया गया है। दोनों बच्चे गौरी देवी के पुत्र और पुत्री थे।

नारदीगंज थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। इसके बाद नारदीगंज थाना लाया। नारदीगंज में स्वजन की चित्कार से माहौल पूरी तरह से गमगीन हो रहा था।

लूटपाट करने आये बदमाशों ने पानी मांगा, फिर मारी गोली

लूटपाट के बाद बाहर से बंद किया घर का दरवाजा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। वैशाली के हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के जितन चौक पर अपराधियों ने दुस्साहस की सारी हदें पार कर दीं। यहां दिनदहाड़े घर में घुसकर लूटपाट करने आए बदमाशों ने पहले घरवालों से पानी मांगा और फिर महिला को गोली मार दी। इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अपराधी लूटपाट के इरादे से घर पहुंचे। उन्होंने घर के बाहर खड़े युवक को आवाज देकर बुलाया और पीने के लिए पानी मांगा। जैसे ही युवक पानी लाने के लिए घर के अंदर गया, अपराधी भी जबरन अंदर घुस गए और दरवाजा अंदर से बंद कर दिया।

इसके बाद बदमाशों ने घर में लूटपाट शुरू कर दी। जब युवक ने इसका विरोध किया, तो अपराधियों ने हथियार के बट से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। युवक की पहचान जंदाहा थाना क्षेत्र के रामपुर चकलाला निवासी संजय राय के पुत्र अमन कुमार के रूप में हुई है।

लूटपाट के दौरान घर में काम करने वाली महिला सुलेखा देवी जैसे ही भागने की कोशिश करने लगी, बदमाशों ने उसे गोली मार दी। महिला की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के गोविंदपुर सिंघाड़ा निवासी टेनी राय की पत्नी के रूप में हुई है।

लूटपाट करने के बाद अपराधी घर में रखा सारा कीमती सामान लेकर फरार हो गए। जाते-जाते उन्होंने घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया ताकि कोई उनका पीछा न कर सके। हालांकि गोलियों की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घर का दरवाजा खोला। उन्होंने देखा कि महिला खून से लथपथ जमीन पर पड़ी थी और युवक के सिर से भी खून बह रहा था। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल महिला और युवक को इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ ओमप्रकाश अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके।

घायल युवक से पूछताछ में यह सामने आया है कि चार अपराधियों में से दो ने मास्क पहन रखा था, जबकि दो का चेहरा खुला हुआ था। पुलिस अब उनकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है।

इस वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि अपराधी अब खुलेआम दिनदहाड़े घरों में घुसकर लूटपाट और गोलीबारी कर रहे हैं, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ने का दावा कर रही है।

गैस सिलेंडर एवं बाइक की टंकी फटने से दहला मुहल्ला

थानाध्यक्ष ने जान जोखिम में डालकर लोगों को बचाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 14, दिलगौरी मोड़ मोहल्ले में बुधवार दोपहर एक घर में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए तीन कमरों तक पहुंच गई। इसी दौरान किरायेदार पंकज कुमार के घर में रखा गैस सिलेंडर फट गया।

इसके बाद तीन और सिलेंडर तथा घर में रखी बाइक की टंकी भी ब्लास्ट हो गई। धमाके की आवाज से पूरा मोहल्ला दहल उठा। इस हादसे में जलने से एक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृत बालक की पहचान शाहाबाद निवासी मिथलेश साह के चार वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, मृतक अपने कमरे में चौकी के नीचे सो रहा था। घटना की सूचना मिलते ही सुल्तानगंज थानाध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल दल-बल और छोटी अग्निशामक वाहन के साथ मौके पर पहुंचे। जिला फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सबकुछ जलकर खाक हो चुका था।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह मकान खगड़िया जिले के अगुवानी निवासी सुभाष यादव का है, जो किराए पर दिया गया था। इसमें तीन किरायेदार, मिरहट्टी निवासी पंकज कुमार साह, कुसेलां पोठिया निवासी अमित कुमार, और स्व. राजेंद्र साह की पत्नी बीना देवी, लगभग 10 वर्षों से रह रहे थे।प्रत्यक्षदर्शी संजीव कुमार साह ने बताया कि पंकज कुमार की पत्नी स्वीटी कुमारी अपने कमरे में खाना बना रही थीं, तभी गैस रिसाव के कारण आग लग गई और धीरे-धीरे विकराल रूप ले लिया। कुछ ही देर में आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई।

थानाध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल व स्थानीय लोगों ने बहादुरी दिखाते हुए मकान में रह रहे कुछ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिसमें थानाध्यक्ष को गंभीर चोटें भी आईं।

फिलहाल, पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया है।

पीयूष गोयल ने एकीकृत इलेक्ट्रिकल उद्योग प्रदर्शनी का आह्वान किया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। इलेक्रामा 2025 के तीसरे दिन मिनिस्टर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भारत सरकार पीयूष गोयल ने मुख्य भाषण दिया और भारत के ऊर्जा रूपांतरण, नीतिगत दिशा निर्देश और तकनीकी प्रगति से जुड़ी महत्वपूर्ण चर्चाओं के लिए मंच तैयार किया। आईईईएमए के प्रेसिडेंट सुनील सिंघवी, इलेक्रामा के प्रेसिडिंट एवं चेयरमैन विक्रम गंडोत्रा और आईईईएमए के वाइस प्रेसिडेंट एवं इलेक्रामा 2025 के वाइस चेयरमैन सिद्धार्थ भूटोरिया जैसे दिग्गजों के साथ, पीयूष गोयल ने डॉमेस्टिक मैन्युफैक्चरिंग को मजबूती देने, क्लीन एनर्जी अपनाने को प्रोत्साहन, नवाचार और सहयोग के जरिये भविष्य के लिए तैयार बिजली क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्युशंस में ग्लोबल लीडर बनने के भारत के विजन पर जोर दिया और नीतिगत समर्थन, रणनीतिक उद्योग साझेदारी और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में निवेश के महत्व के बारे में बताया।

मिनिस्टर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भारत सरकार पीयूष गोयल ने भारत के इलेक्ट्रिकल उद्योग से एक एकीकृत विश्वस्तरीय प्रदर्शनी मंच तैयार करने, भारत को इलेक्ट्रिकल और ऊर्जा समाधानों के लिए वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने का आग्रह किया। इलेक्रामा में बोलते हुए, उन्होंने इलेक्रामा और अन्य उद्योग केंद्रित प्रदर्शनियों सहित प्रमुख प्रदर्शनियों को एक शोकेस में विलय करने की जरूरत पर जोर दिया, जिससे भारत वैश्विक कंपनियों के लिए वन-स्टॉप शॉप बन सके। पीयूष गोयल ने कहा भारत वैश्विक ऊर्जा रूपांतरण में सबसे आगे है और हमारा इलेक्ट्रिकल उद्योग इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई अलग-अलग प्रदर्शनियों की मेजबानी करने के बजाय, हमें एक साथ मिलकर एक संयुक्त और बड़े स्तर का आयोजन करना चाहिए जो दुनिया के सामने हमारी पूरी क्षमताओं को प्रदर्शित करे। 1,500 से अधिक प्रदर्शकों, 100,000 से ज्यादा विजिटर्स और सबसे बड़े वैश्विक निवेशकों की भागीदारी वाली एक प्रदर्शनी की कल्पना कीजिए - यह भारत को वैश्विक इलेक्ट्रिकल उद्योग के केंद्र के रूप में मजबूती से स्थापित करेगा।

पीयू के दरभंगा हाऊस परिसर में धमाका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पटना यूनिवर्सिटी के दरभंगा हाउस परिसर में बुधवार की दोपहर कुछ असामाजिक तत्वों ने सुतली बम से धमाका किया है।

इसमें एक शिक्षक की गाड़ी के शीशे टूट गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि यह दहशत फैलाने के उद्देश्य से किया गया है। ऐसा प्रारंभिक जांच में पता चला है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

अनियंत्रित वाहन की ठोकर से किशोरी की मौत, रोड जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच 22 काजीपुर थाना क्षेत्र के धोवघट्टी के निकट अनियंत्रित वाहन की ठोकर से कोचिंग से घर लौटने के दौरान रोड पार करने के क्रम में एक किशोरी की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के लोग जुट गए। लोगों ने घटना की जानकारी स्वजन को दी। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने रोड पर आगजनी कर जाम कर दिया।आक्रोशित लोग स्वजन को उचित मुआवजा देने एवं ओवरब्रिज या अंडर पास बनाने की मांग को लेकर घंटों प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने कुछ वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

एनएच पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही काजीपुर थाना अध्यक्ष रूपेश कुमार पुलिस पदाधिकारी बल एवं सदर एसडीपीओ ओमप्रकाश मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गए।

मृतक की पहचान काजीपुर थाना के धोवघट्टी निवासी नरेश शर्मा के 13 वर्षीय पुत्री अंजू कुमारी थी।

पुलिस ने लोगों को समझा बूझाकर जाम समाप्त कराया। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार अंजू कोचिंग से पढ़ाई कर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान अनियंत्रित वाहन ने धक्का मार दिया। घटनास्थल पर ही छात्रा की मौत हो गई। धक्का मारने के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने रोड पर आगजनी कर जाम कर दिया।

आक्रोशित लोगों ने स्वजन को उचित मुआवजा देने की मांग कर हंगामा शुरू कर दिया। लोगों ने धोवघट्टी स्कूल, बजरंगबली एवं अंबेडकर की प्रतिमा के निकट में ओवरब्रिज एवं अंडर पास बनाने की मांग की।



करा अंचल कार्यालय में राजस्व शिविर का आयोजन

रैयतों के बीच प्रमाण पत्रों का हुआ वितरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कर्रा। अंचल कार्यालय कर्रा में आज राजस्व शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न हल्कों के रैयतों को शुद्धिपत्र एवं पंजी-क्कसुधार संबंधी प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। शिविर का संचालन अंचल अधिकारी वंदना भारती के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर अंचल अधिकारी ने कहा कि यह शिविर रैयतों की भूमि संबंधी समस्याओं के निराकरण एवं उनके दस्तावेजों के सत्यापन हेतु आयोजित किया गया है।

उन्होंने उपस्थित रैयतों को अपने भूमि अभिलेखों को अद्यतन रखने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी भी प्रदान की।

शिविर में संबंधित विभागीय कर्मियों ने रैयतों को राजस्व अभिलेखों में सुधार की प्रक्रिया, भूमि दस्तावेजों की शुद्धि तथा पंजी-क्क में संशोधन से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ दीं। शिविर में बड़ी संख्या में रैयतों ने भाग लिया और अपने दस्तावेज प्राप्त किए।

सड़क मरम्मति करवाकर यात्रियों को दिलाई राहत

मेदिनीनगर (पलामू)। पूर्व मध्य रेलवे के सीआईटी सह ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस के संयुक्त महासचिव बीएम पांडेय ने पंड़वा मोड़.पर सड़क में आये गड्ढों की मरम्मति करवा कर समाजसेवा की मिशाल कायम किया है। सड़क में बने गढ्ढों से वाहनों को ही नहीं बल्कि हर आने जाने वाले यात्रियों को भी उस रास्ते से गुजरने पर परेशानी का सामना करना पड़ता था। वहां के लोगों ने कई बार सम्बंधित अधिकारी व राजनेताओं को इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया लेकिन किसी ने उसपर ध्यान नहीं दिया।

चंद्रबाबू नायडू के चचेरे भाई की कार कंटेनर से टकराई

गोलूडीह। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के चचेरे भाई की कार झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के गालूडीह में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

कार में सीएम के चचेरे भाई रेंद बाबू नायडू, एक पूर्व विधायक व उनकी पत्नी सवार थे। दुर्घटना के बाद आनन फानन में गालूडीह थाना की पुलिस पहुंची व कार में सवार सीएम के रिश्तेदारों को दूसरे वाहन से आगे रवाना करवाया।

जानकारी के मुताबिक बिहार के गया से आंध्रप्रदेश जाने के क्रम में गालूडीह प्राचीन रंकिणी मंदिर के समीप ओवरब्रिज के उपर टाटा - खड़गपुर नेशनल हाईवे 18 पर कार एक कंटेनर से टकरा गई। इससे कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में कार में सवार लोग बाल बाल बचे।

जिले के एसएसपी की सूचना पर अहले सुबह चार बजे गालूडीह थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश घटनास्थल पर स्थल पहुंचे व सभी को दूसरे वाहन से रवाना किया गया है।

टुण्डी विधायक ने उर्दू विद्यालय में संवेदक की लापरवाही का विस में उठाया मामला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टुण्डी। झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक सह टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा बुधवार विधानसभा में शून्यकाल के दौरान धनबाद जिले के तोपचांची प्रखंड के बेलाटांड उर्दू प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन को ध्वस्त कर महिला शौचालय निर्माण कार्य जो कि भवन प्रमंडल धनबाद द्वारा निविदा के माध्यम से संवेदक संजीत कुमार मंडल को स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त कार्य में संवेदक द्वारा घोर लापरवाही एवं सुरक्षा के विरुद्ध कार्य संचालन करा दिया गया जिससे उक्त स्थल में कार्य कर रहे मजदूर मंगल दास को गंभीर चोटें आई और उसका घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। उसके मृत्यु के उपरांत वहां पर कार्य कर रहे मजदूर शंभू रवानी पर मुकदमा दर्ज कराकर जेल भेज दिया गया। इससे संवेदक एवं संबंधित पदाधिकारी की घोर लापरवाही उजागर होता है इसलिए टुण्डी विधायक श्री महतो ने संवेदक एवं संबंधित पदाधिकारी पर मुकदमा दर्ज कर आश्रित परिजनों को दस लाख रुपए मुआवजा राशि उपलब्ध कराने का मामला विधानसभा सत्र के शून्यकाल में उठाया। ताकि पीड़ित परिवारों को मुआवजा के साथ उचित न्याय मिल सके। साथ ही जामाडोबा जलापूर्ति योजना का निष्पादन तथा संपोषण कार्य का मामला भी शून्यकाल में हावी रहा। बताया जाता है कि इस बार के सत्र में सबसे ज्यादा प्रश्नकाल में भाग लेने वाले टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और अपने विधानसभा क्षेत्र के कई जनहित मुद्दों को उठाने में सफल रहे ।

आईटीआई में सात अप्रैल तक होगा आवेदन

पटना। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (बीसीईसीबी) ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (आईटीआई कैट) - 2025 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। ऑनलाइन आवेदन सात अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे।

पर्षद की वेबसाइट पर लिंक व विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। इसमें प्राप्त स्कोर के आधार पर राज्य के सभी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन सुनिश्चित होगा।

सोनी सब की वीर हनुमान एक भव्य महागाथा की प्रस्तुति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुंबई। सोनी सब दर्शकों के लिए भगवान हनुमान के जीवन पर आधारित एक अनोखी प्रस्तुति लेकर आ रहा है वीर हनुमान, जिसमें युवा मारुति के कम ज्ञात सफर को दर्शाया गया है। यह शो दिखाएगा कि कैसे वे अपने सच्चे उद्देश्य की खोज करते हैं और अपने दिव्य भविष्य के लिए खुद को तैयार करते हैं। स्वस्तिक प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित आस्था और भक्ति से परिपूर्ण यह शो 11 मार्च से शुरू होगा और हर सोमवार से शनिवार रात 7:30 बजे प्रसारित किया जाएगा। यह शो हनुमान जी के बचपन और उनके अटूट समर्पण व शक्ति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा। इस अद्भुत कथा और समृद्ध कहानी कहने की शैली के माध्यम से, यह शो भारत के सबसे पूजनीय देवताओं में से एक, हनुमान, को नई पीढ़ी के दर्शकों तक पहुँचाने के लिए तैयार है।

बाल हनुमान की भूमिका में आन तिवारी नजर आएंगे, जबकि सायली सालुंखे अंजनी की भूमिका निभाएंगी। आरव चौधरी केसरी के रूप में दिखेंगे और माहिर पांधी बाली एवं सुग्रीव के प्रभावशाली दोहरे किरदार में नजर आएंगे। यह शो बाल हनुमान की मासूमियत, उनके दिव्य शक्तियों के प्रति जागरूकता और अपनी नियति को पूरा करने के लिए आने वाली कठिनाइयों को पार करने की यात्रा को उजागर करेगा। भगवान हनुमान की कहानी आज भी लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बनी हुई है।



यह शो साहस, निःस्वार्थता और बुराई पर अच्छाई की विजय की शाश्वत गाथा को प्रस्तुत करेगा।

अजय भालवनकर, बिजनेस हेड, सोनी सब: सोनी सब में हम उन कहानियों को प्रस्तुत करने में विश्वास रखते हैं जो दर्शकों के दिलों को छूती हैं। भगवान हनुमान की कथा पीढ़ियों से पूजनीय रही है, और हम इसे एक नई और आकर्षक शैली में प्रस्तुत करने के लिए उत्साहित हैं। उनका जीवन अपार शक्ति और आस्था का प्रतीक है, और हमें उम्मीद है कि यह शो पूरे भारत में परिवारों को प्रेरित करेगा और जोड़कर रखेगा। एक ऐसे चैनल के रूप में जो हमेशा पारिवारिक मनोरंजन को बढ़ावा देता आया है, हमें विश्वास है कि यह शो परिवारों को एक साथ बैठकर इस अद्भुत महागाथा का आनंद लेने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा।

सिद्धार्थ कुमार तिवारी, संस्थापक और चीफ क्रिएटर, स्वस्तिक प्रोडक्शंस हनुमान केवल एक योद्धा नहीं हैं; वे एक भावना हैं - विश्वास की, साहस की, असीम शक्ति की। वीर हनुमान उनकी आत्मा की यात्रा है, जो हमने सुनी हुई कहानियों से परे है, जो उन्हें शाश्वत बनाती है। यह केवल उनकी कहानी को फिर से बताने तक सीमित नहीं है; यह हनुमान की शक्ति का अनुभव करने के बारे में है जो आपके साथ रहती है, आपको प्रेरित करती है, और आपके भीतर कुछ जागृत करती है। हनुमान केवल एक देवता नहीं हैं - वे हमें याद दिलाते हैं कि जब हम खुद से बड़ी किसी चीज के सामने समर्पण करते हैं तो हम क्या बन सकते हैं।

आरव चौधरी ने कहा,वीर हनुमान में केसरी का किरदार निभाना एक अविश्वसनीय सम्मान और गहरा संतुष्टिदायक अनुभव है। केसरी केवल एक योद्धा राजा नहीं हैं, बल्कि एक समर्पित पिता हैं जिनके प्यार, ज्ञान और अटूट विश्वास ने हमारी पौराणिक कथाओं में सबसे महान दिव्यात्माओं में से एक के मार्ग को आकार देने में मदद की। हम सभी भगवान हनुमान के अविश्वसनीय कारनामों से परिचित हैं, वीर हनुमान युवा मारुति की कम ज्ञात यात्रा पर प्रकाश डालता है

उनके शुरूआती जीवन, उनकी असीम ऊर्जा, और अपने दिव्य नियति की तैयारी के दौरान अपने सच्चे उद्देश्य की खोज। मुझे उम्मीद है कि दर्शक विश्वास, शक्ति और भाग्य की इस खूबसूरत कहानी से जुड़ेंगे, और वीर हनुमान उनके दिलों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेंगे। भगवान हनुमान की इस प्रेरणादायक यात्रा को देखने के लिए तैयार हो जाइए। वीर हनुमान 11 मार्च से हर सोमवार से शनिवार, रात 7:30 बजे, सिर्फ सोनी सब पर।

गायक हनी सिंह की बढ़ सकती है मुश्किलें

पटना। हनी सिंह के भोजपुरी गीत 'मैनियैक' के बोलों में अश्लीलता, महिलाओं की वस्तुकरण और महिमामंडित करने का आरोप लगाते हुए पटना हाई कोर्ट में लोकहित याचिका दायर की गई है। इस लोकहित याचिका को अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने दायर किया है।

याचिकाकर्ता ने न्यायालय से उचित निर्देश जारी करने की मांग की है, ताकि इस गाने के शब्दों को संशोधित किया जाए। याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट से संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग है कि 'मैनियैक' गीत के अश्लील और अपमान जनक बोलों में संशोधन किया जाए।

याचिकाकर्ता के अनुसार, यह गीत पुरुषों द्वारा महिलाओं पर जबरदस्ती थोपने की मानसिकता को बढ़ावा देता है और महिलाओं को सिर्फ एक भोग की वस्तु के रूप में दर्शाता है।

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल अभियंता/2, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/हावड़ा] क्रम संख्या:** 01। **एनआईटी संख्या: 359_2024-25, दिनांक: 04.03.2025। कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल के नैहाटी-बैंडेल खंड में नैहाटी और बैंडेल स्टेशनों के बीच किमी. 6/8-9 पर पुल संख्या 2/ आरयूबी कंबाइंड (2x1x40") तथा एसीसीएल खंड में बेलानगर और डानकुनी स्टेशनों के बीच किमी. 12/18-19 पर पुल संख्या 3डी/आरओआर (2x40"+1x 60") सेमी थ्रू की री-गार्डरिंग। **अनुमानित लागत:** ₹ 4,71,14,725.09। **बयाना राशि:** ₹ 3,85,600। **क्रम संख्या:** 02। **एनआईटी संख्या: 361_2024-25, दिनांक: 04.03.2025। कार्य का विवरण:** सहायक अभियंता/डानकुनी तथा सहायक अभियंता/बर्द्धमान के अधीन आईओडब्ल्यू/डानकुनी और आईओडब्ल्यू/बर्द्धमान के खंड में समपार फाटक लॉज का सुधार तथा सहायक अभियंता/डानकुनी तथा सहायक अभियंता/बर्द्धमान के अधीन आईओडब्ल्यू/डानकुनी और आईओडब्ल्यू/बर्द्धमान के खंड में जल आपूर्ति, जल निकासी एवं हाइट गेज का सुधार। **अनुमानित लागत:** ₹ 7,60,12,946.58। **बयाना राशि:** ₹ 5,30,100। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **पूरा करने की अवधि:** 12 महीना (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 26.03.2025 को दोपहर 2:00 बजे (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-648/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

ई-नीलामी सूचना

ई-नीलामी सूचना संख्या: सीओएमएमएल.-1/पार्किंग/03/25 तिथि: 04.03.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके नाम पर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:

● **श्रेणी:** पार्किंग; **नीलामी कैटलॉग संख्या:** पार्क73; **लॉट संख्या/श्रेणी:** पार्किंग-आद्रा-पीबीए-टीडब्ल्यू-53-24-1 (पार्किंग-दो पहिया वाहन); **नीलामी आरंभ (सभी लॉट):** 17.03.2025 को 12:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि/समय:** 17.03.2025 को 12:30 बजे। **नोट: संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें। किसी भी प्रकार की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।**

(PR-1205) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के मार्फ़त आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। जिसका विवरण निम्नानुसार है: **नीलामी की श्रेणी:** पे एंड यूज़ टॉयलेट (सामान्य)। **ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या:** सी5-एएसएन-पीएनयू-0425। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 21.03.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **स्टेशन/लोकेशन का नाम:** (1) रानीगंज रेलवे स्टेशन के हावड़ा एवं कालका छोर पर प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय तथा उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय। (2) सिमुलतला स्टेशन पर डाउन प्लेटफॉर्म पर उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय। सभी संभावित बोलीदाताओं को यह सलाह दी जाती है कि वे सम्पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें और ऊपर दी गई अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लिखित ई-नीलामी में भाग लें।

(ASN-363/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

जन आंदोलन का रूप ले रहा एक राष्ट्र एक चुनाव का मुद्दा : डॉ दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच एक राष्ट्र एक चुनाव का मुद्दा जन आंदोलन का रूप ले रहा है। इस पर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। डॉ जायसवाल बुधवार को स्थानीय रेड वेलवेट में एक राष्ट्र एक चुनाव मुद्दे पर जिला भर के आए संयोजकों के साथ आयोजित परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। डॉ जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस की हुकूमत ने देश में 100 से अधिक चुनी हुई सरकारों को संवैधानिक शक्तियों का उपयोग कर बर्खास्त किया जिसके कारण देश में बार-बार चुनाव की नौबत आई है। उन्होंने कहा जब राज्य की सरकारें कांग्रेस के मन की बात नहीं करती थी तो तत्कालीन केंद्र की कांग्रेस सरकार अपने संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग कर हटा देती थी और कांग्रेस के इसी अहंकार के चलते देश में लोकतंत्र कमजोर होता गया। डॉ जायसवाल ने कहा कि कुछ राजनेता देश के युवाओं का भविष्य चौपट कर युवा चौपाल कर रहे हैं तो कुछ 50 वर्ष से ऊपर होने के बावजूद भी अपने को युवा कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक और जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रदेश में आठ तकनीकी विश्वविद्यालयों की स्थापना कर युवाओं के भविष्य की चिंता कर रहे हैं तो उनसे पूर्व की सरकारें प्रदेश में चरवाहा विद्यालय खोलकर युवाओं का भविष्य चौपट कर रही थी। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भिखूभाई दलसानिया ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव जनहित का मुद्दा है और यह राष्ट्रवाद का रूप ले रहा है उन्होंने वहां मौजूद लोगों से आग्रह किया कि इस मुद्दे को जन-जन तक ले जाने के लिए हर जिले में काम से कम 50 जगह पर चर्चा करें। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व विधान परिषद डॉक्टर रणवीर नंदन ने कहा कि देश में बार-बार चुनाव होने से देश का राजनीतिक आर्थिक और सामाजिक विकास अवरुद्ध हो रहा है। देश के हर नागरिक को इस मुद्दे पर एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मुहिम को सपोर्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर हर जिले में अलग-अलग परिचर्चाएं होगी जहां प्रदेश स्तर के नेता शामिल होकर इस मुद्दे पर लोगों को जागृत करेंगे। इसके अलावा 23 अप्रैल को बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर वन नेशन वन इलेक्शन पर हाफ मैराथन इनामी दौड़ का आयोजन राजधानी पटना में होगा जिसके लिए राष्ट्रीय खिलाड़ी अभय सुंदर, विजय कुमार सिंह, उपेंद्र प्रसाद एवं सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में कमिटी गठित की गई है। साथ ही साथ 10 मार्च को टीपीएस कॉलेज के प्रांगण में एक राष्ट्र एक चुनाव पर छात्रों का सम्मेलन आयोजित होगा जिसे छात्र नेता अंकित तिवारी संचालित करेंगे। इस मौके पर पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर के सी सिन्हा ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव के मुद्दे को आम जन तक ले जाने में शिक्षाविदों को अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

सोनपुर मंडल संसदीय समिति की बैठक

सांसदगण ने विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर दिया बल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। सोनपुर मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सोनपुर मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी द्वारा की गयी। बैठक में सभी सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद सहित मुख्यालय एवं सोनपुर मंडल के सभी उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, केन्द्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी, भागलपुर के सांसद अजय कुमार मंडल, वैशाली की सांसद वीणा देवी एवं समस्तीपुर की सांसद श्रीमती शांभवी उपस्थित थीं। इनके अलावा केन्द्रीय कपड़ा मंत्री, भारत सरकार गिरिराज सिंह के प्रतिनिधि प्रभाकर कुमार राय, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, भारत सरकार चिराग पासवान के प्रतिनिधि अवधेश कुमार सिंह, गृह राज्य मंत्री भारत सरकार नित्यानंद राय के प्रतिनिधि शिव कुमार सिंह, सांसद राजेश वर्मा के प्रतिनिधि पवन जायसवाल एवं सांसद तारिक अनवर के प्रतिनिधि सिमरणजीत सिंह उपस्थित थे। सांसदगण एवं उनके प्रतिनिधियों ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये।

बिहार में मुख्यमंत्री का नाम कांग्रेस आलाकमान तय करेगा : अजीत शर्मा

तेजस्वी यादव तभी मुख्यमंत्री बनेंगे जब राजद को अधिक सीट आएगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने यह बयान देकर राजद की परेशानी बढ़ा दी है कि बिहार के मुख्यमंत्री का नाम कांग्रेस नेतृत्व तय करेगा। कांग्रेस और राजद के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही रस्साकसी के बीच अजीत शर्मा का यह बयान आया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडगे यह तय करेंगे कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा। अजीत शर्मा ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि 2025 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की जीत होगी और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। यह पूछे जाने पर कि तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे या नहीं, अजीत शर्मा ने कहा कि उनकी पार्टी अगर सबसे अधिक सीट जीतेगी तो वो जरूर मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन यह सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे तय करेंगे। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव तभी मुख्यमंत्री बनेंगे जब राजद को अधिक सीट आएगी। उसके बाद दिल्ली आलाकमान इस पर फैसला लेगा। अजीत शर्मा के इस बयान से राजद खेमे में नाराजगी देखी जा रही है। राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने अजीत शर्मा के बयान का विरोध करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का निर्णय उनके नेता करेंगे, लेकिन बिहार में महागठबंधन का नेतृत्व तेजस्वी यादव कर रहे हैं। अजीत शर्मा के बयान को हल्के में लेते हुए शक्ति यादव ने कहा कि ऐसा तो नहीं है कि सदन के उनके नेता या पार्टी अध्यक्ष ऐसा कुछ बोले हैं। अजीत शर्मा कौन होते हैं यह तय करने वाले? वे सिर्फ एक विधायक हैं। उनकी बातों को कितना महत्व देंगे। पार्टी के नेता पहले ही बोल दिए हैं। वहीं राजद और कांग्रेस की उठापटक पर चुटकी लेते हुए भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि राजद और कांग्रेस मिलकर भी 25-30 सीट से अधिक नहीं जीत सकेंगे। बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। राजद को अजीत शर्मा के बयान पर जवाब जरूर देना चाहिए। वहीं, भाजपा प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि ये लोग जब जेल जाने की बारी आती है तभी एक होते हैं।

राजद विधान पार्षद सुनील सिंह की सदस्यता बहाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद राजद के विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह की सदस्यता बुधवार को बहाल कर दी गई। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने उनकी सदस्यता बहाली की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राजद के सुनील कुमार सिंह की सदस्यता सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में बहाल की जा रही है। यह 25 फरवरी से प्रभावी होगा। सभापति ने सुनील सिंह की सदस्यता बहाल करते हुए उन्हें अनुशासन पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि सुनील सिंह सदन की मर्यादा बनाए रखेंगे। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार उन्हें 7 महीने का वेतन, पारिश्रमिक आदि का लाभ नहीं मिलेगा। सुनील सिंह ने इसके लिए आसन के प्रति आभार जताया। नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने अपने मुंहबोले भाई सुनील सिंह को बधाई दी। सदस्यता बहाली के बाद अब सुनील सिंह सदन की कार्यवाही में भाग ले सकेंगे।

मत्स्य पालकों के जीविकोपार्जन में वृद्धि हेतु क्षमता निर्माण कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में मत्स्य पालकों के जीविकोपार्जन में वृद्धि हेतु क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया था जिसके आयोजन में भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय मत्स्य अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ तथा मत्स्य निदेशालय, बिहार सरकार की भी अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में पटना, गया, बक्सर एवं वैशाली जिले के कुल 100 अनुसूचित जाति के मत्स्य पालक किसानों ने भाग लिया। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने मत्स्य पालक किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि कृषि अर्थव्यवस्था में मछली पालन एक महत्वपूर्ण व्यवसाय है जिसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। ग्रामीण पृष्ठभूमि से जुड़े हुए लोग आमतौर पर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े तबके से होते हैं जिनका जीवन-स्तर इस व्यवसाय को अपनाकर सुधारा जा सकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने मत्स्योद्योग का भी जिक्र किया और कहा कि कृषि से संबंधित उद्योगों में वर्तमान समय में मत्स्योद्योग सबसे तेजी से बढ़ रहा है। इस उद्योग को शुरू करने के लिए कम पूंजी की आवश्यकता होती है, जिससे इसे आसानी से अपनाया जा सकता है। उन्होंने समेकित मत्स्य पालन के महत्व को भी रेखांकित किया जिससे किसानों को सालभर उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति होती रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित दिलीप कुमार, संयुक्त निदेशक, मत्स्य निदेशालय, पटना ने बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जिनमें मत्स्य विपणन योजना, अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति मत्स्य पालकों के लिए विशेष योजना, रिवर रैंचिंग योजना, मत्स्य बीज उत्पादन योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मत्स्य किसान बीमा योजना आदि शामिल हैं।

सड़क हादसे के शिकार हुए मृतक की बेटियों को पहुंचायी मदद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के धनीचक मोड़ के पास बीते दिनों सामूहिक सड़क हादसे में हुई मौत की घटना के बाद कई लोगों ने मृतक के परिजनों को मदद पहुंचाने के लिए आगे आये हैं। ऐसे में हांसडीह के सुशील चंद्रवंशी के परिवार को मदद करने के लिए खगड़िया से आए हुए दीपक चंद्रवंशी ने पोस्ट ऑफिस में उनके दो बच्चियों के नाम से सुकन्या योजना का खाता खुलवाया और प्रत्येक बच्चा को खाता में एक-एक हजार की राशि का नकद भुगतान किया और हर महीने पांच सौ रू. देने की बात कहा और खाता खुलवाया और कहा कि यह राशि मैच्योरिटी की अवधि पूरी होने तक दिया जाएगा। मैच्योरिटी की अवधि 14 वर्षों में पूरी होगी। इसी अवसर पर पटना के टेंपो चंद्रवंशी के द्वारा उस पीड़ित परिवार को 3000 का आर्थिक मदद भी किया गया। साथ ही साथ मसौढ़ी के अमित चंद्रवंशी के द्वारा भी 10 हजार का स्वर्गीय सुशील चंद्रवंशी की पत्नी रिंकू देवी को नकद भुगतान कर बाल-बच्चों की पढ़ाई-लिखाई करने के लिए आर्थिक मदद दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से खगड़िया जिला के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शनि चंद्रवंशी, मसौढ़ी प्रखंड के पूर्व प्रमुख रमाकांत रंजन किशोर, दिनेश चंद्रवंशी, उदय चंद्रवंशी, विजेंद्र चंद्रवंशी, रामशरण चंद्रवंशी, मनीष आदि शामिल रहे।

अंतर राज्य युवा विनिमय कार्यक्रम में स्वच्छता पर संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। माई भारत, पटना, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पांच दिवसीय अंतर राज्य युवा विनिमय कार्यक्रम का समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड से आए 27 युवाओं ने भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उपमहापौर रेशमी कुमारी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम निरंतर रूप से चलने चाहिए जिससे युवाओं को अवसर मिले कि वे अपने देश की विरासत को जान सके जो विकसित भारत के लिए अतिमहत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में वार्ड संख्या 71 की वार्ड पार्षद अंजलि राय एवं वार्ड संख्या 70 के वार्ड पार्षद बिनोद मेहता के साथ नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निदेशक सरवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रेम कुमार, मालसलामी थाना प्रभारी राज कुमार सिंह, सुधीर कुमार गुलशन, राजन कुमार सहित अन्य सम्मानित अतिथिगन उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी, माई भारत पटना पामिर सिंह, लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक शिवजी राम, मिश्रीलाल सह, रणधीर कुमार, माई भारत स्वयंसेवक रवि प्रकाश उपस्थित रहे।

स्वच्छता सर्वेक्षण पर बल

कार्यक्रम में प्रतिभागी युवाओं को बिहार के लोक गीत पर चर्चा करने के लिए एवं चका-चक पटना अंतर्गत स्वच्छता गीत एवं स्वच्छ सर्वेक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड अम्बेसेडर डॉ नीतू नवगीत जी ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, जिसमें उनका साथ आए हुए अन्य कलाकारों ने भी दिया।

होली को लेकर शांति समिति की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। धनरूआ थाना परिसर में होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बुधवार को थानाध्यक्ष शुभेन्दु कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में होली पर्व को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर शांतिपूर्वक पर्व मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि होली में लोग एक-दूसरे को रंग व गुलाल का प्रयोग कर खुशी मनाते हैं। कोई भी शराब का सेवन या धंधा करते पकड़ा गया तो जेल भेज दिया जाएगा। होली के त्योहार के दौरान अश्लील गाना एवं डीजे पर खास नजर रखी जाएगी। इसके अलावा प्रशासन ट्रिपल लोड में बाइक चलाने वाले लोगों के साथ कानूनी कार्रवाई करेगी। वहीं होलिका दहन के बाद लोग शांति बनाए रखें।

बिहार दिवस की तैयारी को लेकर प्रखंड स्तर पर चयनित छात्रों के बीच प्रतियोगिता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। आगामी बिहार दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अभी से सभी स्कूलों में तैयारियां शुरू कर दी गई है जिसको लेकर बुधवार को मसौढ़ी बीआरसी केंद्र में प्रखंड के सभी चयनित स्कूलों के द्वारा पेंटिंग, क्विज एवं गणित ओलंपियाड का प्रतियोगिता राजेंद्र ठाकुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मसौढ़ी की निगरानी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेना है। इस प्रतियोगिता में तीन स्तर के छात्रों ने भाग लिया वर्ग पाचवां, आठवां एवं बारहवां तक के सभी श्रेणी में अलग-अलग प्रतियोगिता हुआ। क्विज में प्रथम स्थान आनन्द कुमार, दीपक कुमार, रागनी कुमारी, पेंटिंग में प्रथम स्थान अंजनी कुमारी, सवा प्रवीण, सपना कुमारी तथा गणित में प्रथम रुपा कुमारी, इकरा फातिमा, विवेक कुमार का चयन जिला प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु चयनित किया गया। इस अवसर पर बीपीएम हुमायुं खां, सर्वजीत कुमार, लेखा पदाधिकारी प्रमोद कुमार, बीआरसी रेणु कुमारी, संजय कुमार राहुल कुमार, अखिलेश कुमार, संजीत कुमार एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम में ' विशेष सुविधा समागम' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में विशेष सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्येष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 3 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को सूचित किया गया कि आपातकालीन स्थिति में निजी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर उसे सीजीएचएस/ सरकारी दर से सीमित कर दावे का भुगतान किया जाता है। इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को यह सलाह दिया गया कि गैर आपातकालीन के मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ या कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा में पहले इलाज प्राप्त करें वहां चिकित्सा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही निजी संस्थान में इलाज करायें, साथ ही उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को यह आश्वासन भी दिया गया कि उनकी सुविधाओं में उत्तरोत्तर सुधार हेतु कर्मचारी राज्य बीमा निगम कार्यवायी कर रहा है। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार केसरी, राज्य चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, डॉ. तनुजा कुमारी, चिकित्सा निर्देशी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, डॉ विवेक कुमार अग्रवाल, चिकित्सा अधीक्षक, प्रतिनिधि, कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, डॉ. मुकेश कुमार मोदी, चिकित्सा अधीक्षक, प्रतिनिधि कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा, अजित कुमार शर्मा, राजभाषा अधिकारी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, मुकेश कुमार, संयुक्त निदेशक (हितलाभ) सह सदस्य सचिव, कर्मचारी राज्य बीमा निगम भी मौजूद थे। बैठक के अंत में सदस्य सचिव द्वारा बीमाकृत व्यक्तियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही बैठक समाप्त हुई।

बोरिंग रोड में अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण सिटी लाइब्रेरी का शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। पटना के बोरिंग रोड चौराहा स्थित वर्मा सेन्टर के द्वितीय तल पर अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण 'सिटी लाइब्रेरी' का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। इस लाइब्रेरी का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन भाजपा के युवा नेता एवं प्रतिष्ठित उद्यमी रविरंजन, प्रसिद्ध उद्यमी मानस कुमार, लाइब्रेरी के प्रबंध निदेशक प्रमोद कुमार सिंह एवं निदेशिका कविता सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर लाइब्रेरी के विषय में विस्तार पूर्वक बताते हुए प्रबंध निदेशक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि हमारा यह लाइब्रेरी अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है। आज के युग में डिजिटल पढ़ाई के बढ़ते महत्व को देखते हुए हमनें इस लाइब्रेरी को हाई स्पीड वाई-फाई, चार्जिंग स्टेशन, लॉकर, प्रिंटिंग एवं फोटोकॉपी, सीसीटीवी जैसी सुविधाओं के साथ तैयार किया है।

बिहार में फूहड़ भोजपुरी और हिन्दी गानों पर सरकार पूर्ण प्रतिबंध लगाये : नीतू चन्द्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। फूहड़ भोजपुरी तथा हिन्दी गाने बिहार की स्कूल और कॉलेज जाने वाली लड़कियों और महिलाओं का पीछा छोड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं और वे नजरें झुकाकर सड़क पर चलने को मजबूर हैं। इन्हीं गानों के चलते महिलाएं घर में टीवी भी देखना पसंद नहीं करती हैं। ऐसे गाना गाने वाले कई गायक आज प्रसिद्धि हासिल कर चुके हैं जो समाज और देश के विकास में बाधक बन सकते हैं जब लड़कियां या महिलाएं सड़क पर सुरक्षित चल नहीं पायेंगी, तो क्या वे विकास के बारे में खाक सोच पायेंगी। शराबी पतियों से महिलाओं को बचाने के लिए यदि कोई सरकार अपने राज्य में शराबबंदी का कानून ला सकती है तो क्या वह स्कूल-कॉलेज जाने वाली लड़कियों तथा महिलाओं के लिए इन फूहड़ गानों पर पर प्रतिबंध नहीं लगा सकती है। मैं चाहती हूं कि बिहार में इन गानों के निर्माण और बजाने पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। ये बातें बिहार की बेटी, बॉलीवुड अभिनेत्री तथा राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कहीं। उन्होंने कहा कि ये गाने महिलाओं में असुरक्षा की भावना पैदा करती हैं तथा इन गानों का छोटे-छोटे बच्चों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ये गाने समाज को गलत दिशा में ले जा सकते हैं और महिलाओं के प्रति सम्मान को कम कर सकते हैं।

मसौढ़ी पुनपुन में बजट के खिलाफ सड़क पर उतरे वामदल, जताया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। बिहार विधानसभा में हुए बजट पेश के बाद भाकपा माले ने सड़कों पर उतर कर विरोध कर रहा है जहां बुधवार को प्रतिवाद मार्च निकालते हुए कहा है यह आमजन की समस्याओं को उनकी मांगों को अनसुना करने वाला यह बजट है जिसको लेकर मसौढ़ी एवं पुनपुन में बुधवार को प्रतिवाद मार्च निकाला गया है। विरोध जता रहे माले कार्यकर्ताओं ने कहा कि आशा रसोईया आंगनबाड़ी जीविका कर्मियों कार्यपालक सहायक बेलेट्रॉन के डाटा एंट्री ऑपरेटर सफाई कर्मी सहित लाखों अनुबंध मानदेय आउटसोर्स कर्मियों की मांगों को अनसुना कर दिया गया है। इसके अलावा 200 यूनिट फ्री बिजली और सामाजिक सुरक्षा के तहत 3000 की गारंटी करने, गरीब परिवारों के लिए 2 लाख सहायता आदि मांगों को सुनसुना करने वाले जन विरोधी व दिशाहीन बजट के खिलाफ मार्च निकाला गया और उसकी प्रति जलाकर सभा की गई। मसौढ़ी में प्रखंड सचिव राकेश कुमार व पुनपुन में राज कमेटी सदस्य जयप्रकाश पासवान। इस मौके पर मसौढ़ी में राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार, नागेश्वर पासवान, संजय पासवान, छोटन यादव, कृष्ण दास, ललन यादव, सत्यनारायण सिंह सहित दर्जनों महिला-पुरुष उपस्थित थे। वहीं पुनपुन में विद्या कुमार, मुन्ना चौहान, प्रखंड सचिव मोहन मुखिया, नागा राम आदि शामिल रहे।

विधानसभा में गंगा जल लेकर पहुंचे राजद विधायक

उठाया गंगा जल की शुद्धता पर सवाल, मंत्री ने कहा चल रहा है काम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन बुधवार को प्रश्नकाल शुरू होते ही राजद विधायक मुकेश यादव गंगा जल लेकर पहुंच गए। मुकेश यादव ने जब शीशी में गंगा जल दिखाया तो विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने इस पर गहरी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के किसी भी वस्तु को नहीं दिखाया जाना चाहिए। मुकेश यादव ने कहा कि वे गंगा जल के प्रदूषण को दिखाने के लिए यह लेकर आए हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि आप गंगा जल की जांच कराइए। सदन की कमेटी इसकी जांच करे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि क्या विधानसभा गंगा जल की जांच करेगी? इस पर वन एवं पर्यावरण विभाग के मंत्री सुनील कुमार ने जवाब दिया कि काम चल रहा है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट विधायक ने कहा कि सरकार कोई काम नहीं कर रही है। मंत्री ने कहा कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट 32 बनने हैं, 13 बन गए हैं। इसके बाद गंगा जल की शुद्धता में निरंतर सुधार होगा। सरकार काम कर रही है। विधायक अरूण शंकर प्रसाद ने पथ निर्माण विभाग से जुड़े सवाल उठाया, जिस पर विभाग के मंत्री नितिन नवीन ने जवाब दिया। इस तरह प्रश्नोत्तर काल के दौरान कई विधायकों के प्रश्नों का विभागों के मंत्रियों ने जवाब दिया। उधर सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले सदन के बाहर राजद सहित पूरा विपक्ष ने जमकर बवाल काटा। राजद विधायक हाथ में पोस्टर लेकर सरकार के खिलाफ नारे बाजी कर रहे थे। शराब बंदी कानून, बिहार में बढ़ते अपराध, कानून व्यवस्था सहित तमाम बातों को लेकर राजद विधायक सत्ता पक्ष पर हमलावर थे। राजद विधायक मुकेश रौशन हाथ में पोस्टर लेकर सदन के बाहर नारेबाजी कर रहे थे। उनके हाथ में एक पोस्टर था जिसमें लिखा था कि शराब नहीं किताब दो, मदिरालय नहीं पुस्तकालय दो..। राजद विधायक ने कहा कि बिहार में अवैध रुप से शराब का कारोबार चल रहा है। सरकार को इस पर रोक लगाना चाहिए। 2016 से शराबबंदी कानून लागू है और 2025 हो गया, लेकिन 9 साल बाद भी शराब का कारोबार जारी है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार से पूर्ण शराबबंदी की मांग करती है।

संपादकीय

पश्चिम बंगाल की सियासत में अभी से बज उठे चुनावी बिगुल

इस साल के आखिर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा राज्य में अपने पैरों तले की जमीन लगातार मजबूत करने में जुटी है। मंत्रिमंडल में फेरबदल के बाद उसके मंत्रियों की तादाद भी जद (यू) के मुकाबले ज्यादा हो गई है। यहां उसकी राह कुछ आसान नजर आ रही है, पर वास्तव में भाजपा की निगाह पड़ोस के उस पश्चिम बंगाल की सत्ता पर है। यह राज्य लंबे समय से उसके लिए कड़ी चुनौती बना हुआ है। उसने अभी से इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव भले बिहार चुनाव के करीब छह महीने बाद अगले साल अप्रैल–मई में होने हैं, यहां सत्ता के दोनों दावेदार अभी से तैयारियों में कूद पड़े हैं। सियासी गर्मी बढ़ गई है। दोनों दलों में बैठकों का दौर लगातार तेज हो रहा है। एक-दूसरे के खिलाफ बढ़-चढ़कर दावे भी किए जा रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने भारी बहुमत के साथ जहां लगातार चौथी बार सरकार के गठन का दावा किया है, वहीं भाजपा दिल्ली तो हमारी है...अब बंगाल की बारी है, जैसे नारे उछाल रही है।

केंद्रीय बजट से ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधने लगी हैं। उन्होंने बजट को चुनावी करार देते हुए कहा था कि भाजपा हर बार चुनाव से पहले वादे तो करती है, पर पूरा नहीं करती। दूसरी ओर, भाजपा नेता भी राज्य सरकार पर हमले करने में जुटे हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी बजट पर बहस के दौरान अपने जवाब में तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार में डूबे रहने और इसे संस्थागत रूप देने का आरोप लगाया था।

वाकई, अगले साल होने वाला चुनाव तृणमूल कांग्रेस और भाजपा, दोनों के लिए नाक और साख का सवाल है। लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण तृणमूल कांग्रेस शिक्षक भर्ती घोटाले समेत तमाम तरह के भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझ रही है। पार्टी के कई पूर्व मंत्री और विधायक फिलहाल विभिन्न घोटालों के आरोप में जेल में हैं। उसके अलावा बीते साल के आर जी कर कांड ने भी सरकार और उसकी पुलिस को कठघरे में खड़ा कर रखा है। भाजपा बीते विधानसभा चुनाव में तमाम संसाधन झोंकने के बावजूद तिहाई का आंकड़ा छूने में भी नाकाम रही थी। बीते साल हुए लोकसभा चुनाव में भी उसकी सीटें 18 से घट कर छह यानी एक-तिहाई रह गई थी, पर दिल्ली की जीत के बाद पार्टी बंगाल में भी उत्साहित है।

यह एक खुला रहस्य है कि बंगाल में भाजपा कई गुटों में बंटी है। प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार बीते लोकसभा चुनाव में जीतने के बाद केंद्र में मंत्री हैं। 'एक व्यक्ति एक पद' के फॉर्मूले पर चलने वाली पार्टी अब तक सुकांत की जगह कोई नया चेहरा नहीं तलाश सकी है। पश्चिम बंगाल के पड़ोसी ओडिशा में तो भाजपा सरकार बन गई। बिहार में भी भाजपा गठबंधन के सहयोग से सरकार में है, अब स्वाभाविक ही पश्चिम बंगाल भाजपा का एक लक्ष्य है। जहां तक कांग्रेस और सीपीएम का सवाल है, हाथ मिला कर लड़ने के बावजूद ये दोनों पार्टियां अब तक चुनावी लड़ाई को तिकोना बनाने में नाकाम रही हैं। विधानसभा में तो ज्यादातर सीटों पर इनके उम्मीदवार जमानत तक नहीं बचा सके थे। अब सीपीएम ने अपने पैरों तले से लगातार खिसकती जमीन पर अंकुश लगाकर नई ऊर्जा के साथ मैदान में उतरने के लिए हाल के राज्य सम्मेलन में कई फेरबदल किए हैं।

सार्थक भागीदारी के बिना कैसे हल होंगे आधी आबादी के मुद्दे

निर्णय लेने की प्रक्रिया से महिलाओं को बाहर रखने के कारण महिला सशक्तिकरण की कड़ी कमजोर होती है। इसके पीछे की वजहें हैं– लैंगिक पूर्वाग्रह और भेदभाव, कार्यस्थल संस्कृति, सामाजिक और पारिवारिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी न होना। इससे दायरा सीमित हो जाता है और इस सीमित दायरे में आने वाली चुनौतियों का सामना करना मुश्किल होता है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार कार्यालय के मुताबिक, निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी ना केवल उनका अधिकार है, बल्कि यह सार्वजनिक निर्णयों में उनके हितों का सम्मान करने की अनिवार्य शर्त भी है। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा था कि लोकतंत्र का स्तर मूल रूप से महिलाओं के सशक्तीकरण पर निर्भर करता है।

प्रियंका सौरभ



हमारे देश में महिलाएँ जनसंख्या का लगभग 48त्न हिस्सा हैं, फिर भी वे लोकसभा सीटों के 15त्न से भी कम सीटों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसके परिणामस्वरूप कार्यस्थल सुरक्षा, अवैतनिक देखभाल ज़िम्मेदारियाँ और आर्थिक अधिकार जैसे महिला मुद्दों की अनदेखी होती है। इस तरह का बहिष्कार पितृसत्तात्मक मानदंडों को बनाए रखता है। फिर भी, ऐसे भेदभाव को दूर करने, कानूनी सुरक्षा बढ़ाने और संवैधानिक अधिकारों की पुष्टि करने में न्यायिक कार्यवाही महत्त्वपूर्ण रही है, हालाँकि गहरी जड़ें जमाए हुए पूर्वाग्रहों को मिटाने में उनकी सफलता अभी भी चर्चा का विषय है। महिला प्रतिनिधित्व की कमी से मातृ अधिकारों का हनन होता है, जिसके परिणामस्वरूप कार्यस्थल पर भेदभाव होता है और पर्याप्त सहायता की कमी होती है। मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम 2017 सवेतन अवकाश प्रदान करता है, लेकिन निजी क्षेत्र में इसका कार्यान्वयन कम है, जो महिलाओं को कार्यबल में शामिल होने से हतोत्साहित करता है।

निर्णय लेने की प्रक्रिया से महिलाओं को बाहर रखने के कारण महिला सशक्तिकरण की कड़ी कमजोर होती है। इसके पीछे की वजहें हैं- लैंगिक पूर्वाग्रह और भेदभाव, कार्यस्थल संस्कृति, सामाजिक और पारिवारिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी न होना। इससे दायरा सीमित हो जाता है और इस सीमित दायरे में आने वाली चुनौतियों का सामना करना मुश्किल होता है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार कार्यालय के मुताबिक, निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी ना केवल उनका अधिकार है, बल्कि यह सार्वजनिक निर्णयों में उनके हितों का सम्मान करने की अनिवार्य शर्त भी है। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा था कि लोकतंत्र का स्तर मूल रूप से महिलाओं के सशक्तीकरण पर निर्भर करता है। इस असमानता को कम करने के लिए शिक्षा के ज़रिए महिलाओं को सशक्त बनाना, उत्पीड़न से मुक्त और सुरक्षित वातावरण बनाना, लड़कियों को जीवन कौशल सिखाना, हिंसा को खत्म करना पहली आवश्यकता है। वर्तमान नीतियाँ लचीली कार्य व्यवस्था प्रदान नहीं करती हैं, परिणामस्वरूप महिलाओं के लिए अपने पेशेवर और घरेलू जीवन को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कई कार्यस्थल पॉश अधिनियम 2013 का अनुपालन नहीं करते हैं, क्योंकि पुरुष-प्रधान नेतृत्व अक्सर महिलाओं की सुरक्षा की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता को अनदेखा करता है। इसके अतिरिक्त, नीतियाँ महिला उद्यमियों को समान ऋण और व्यावसायिक प्रोत्साहन प्राप्त करने में पर्याप्त रूप से सहायता नहीं करती हैं, जो उनके आर्थिक सशक्तीकरण को सीमित करती हैं। हालांकि न्यायालयों ने मातृ सुरक्षा को मज़बूत करके लिंग-संवेदनशील कार्यस्थलों को बढ़ावा देने में भूमिका निभाई है। 2024 में, सुप्रीम कोर्ट ने दो महिला न्यायाधीशों को बहाल किया, इस बात पर ज़ोर देते हुए कि गर्भावस्था से सम्बंधित बर्खास्तगी दंडनीय और अवैध दोनों है, जिससे कार्यस्थल समानता को बढ़ावा मिलता है। न्यायिक निर्णयों ने महिलाओं के लिए कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए भेदभावपूर्ण धार्मिक प्रथाओं को भी उलट दिया है। उदाहरण के लिए, 2017 में शायरा बानो मामले ने ट्रिपल तलाक को अपराध घोषित कर दिया, जिससे मुस्लिम महिलाओं के वैवाहिक अधिकार सुरक्षित हो गए।

इसके अलावा, अदालतों ने हिंदू उत्तराधिकार कानूनों में पितृसत्तात्मक पूर्वाग्रहों को चुनौती देते हुए समान उत्तराधिकार अधिकारों को बरकरार रखा है, जैसा कि 2020 में विनीता शर्मा बनाम राकेश शर्मा में सुप्रीम कोर्ट के फैसले में देखा गया है, जिसमें पुष्टि की गई है कि बेटियों को पैतृक संपत्ति में समान अधिकार है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33त्न आरक्षण लागू करें। प्रतिनिधित्व में सुधार के लिए चुनावों में महिला आरक्षण विधेयक को पूरी तरह से लागू किया जाना चाहिए। न्यायालयों को लिंग कानूनों के पालन की निगरानी और प्रवर्तन करने की आवश्यकता है, जिससे प्रभावी नीति कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सके। फास्ट-ट्रैक न्यायालयों को कार्यस्थल उत्पीड़न की घटनाओं के लिए त्वरित न्याय प्रदान करना चाहिए। नीतियों को महिलाओं के लिए वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और उद्यमिता समर्थन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों के लिए बड़े ऋण प्रदान करने के लिए मुद्रा योजना का विस्तार किया जाना चाहिए।

स्कूली पाठ्यक्रम में कम उम्र से ही पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती देने के लिए लिंग जागरूकता को शामिल किया जाना चाहिए। समानता-केंद्रित शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए पाठ्यपुस्तकों में लिंग-संवेदनशील सामग्री शामिल होनी चाहिए। कंपनियों के लिए गहन ऑडिट आयोजित करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे मातृत्व और उत्पीड़न विरोधी नियमों का अनुपालन करती हैं। कोई भी देश अपनी आधी आबादी को पीछे छोड़कर आगे नहीं बढ़ सकता। लिंग-संवेदनशील नीतियों को विकसित करने के लिए निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी महत्त्वपूर्ण है। उन्हें विधायी सुधारों, जमीनी स्तर पर शिक्षा और संस्थागत प्रवर्तन तंत्र द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। राजनीतिक प्रतिनिधित्व, आर्थिक भागीदारी और कानूनी सुरक्षा को बढ़ाने से भारत के लिए वास्तव में न्यायसंगत और समावेशी शासन प्रणाली बनेगी। महिलाओं की आवाज़, दृष्टिकोण और प्रतिनिधित्व की कमी को दूर करने के लिए, महिलाओं के नेतृत्व वाले संगठनों सहित महिलाओं की सार्थक भागीदारी और नेतृत्व को मानवीय कार्यवाही के सभी स्तरों पर बढ़ावा दिया जाना ज़रूरी है।

केवल महिला दिवस पर ही नहीं, हर रोज़ महिलाओं को लड़ाई लड़नी पड़ेगी इस बदलाव के लिए, अपने हक़ों के लिए। छोटी शुरुआत ही सही, लेकिन शुरुआत सबको करनी पड़ेगी। ये संघर्ष का सफ़र अंतहीन है। महिलाओं के लिए समान वेतन हो, उन्हें फॉर ग्रांटेड न लिया जाए। महिलाओं को अपने टैलेंट के दम पर काम मिले, उसे सराहा जाए, उसकी कद्र हो। घर और काम की जगह पर महिला होने के नाते सहानुभूति नहीं चाहिए सिर्फ़ बराबरी चाहिए।

राष्ट्र-प्रथम है मोदी की विदेश नीति

डॉ संजय मयूख

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का आह्वान अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत के भूमिका के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण में बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने विदेश नीति में क्रांति लाने के साथ-साथ उसे ऊर्जावान भी बनाया है, उन्होंने विदेश नीति के माध्यम से ना सिर्फ भारत के राष्ट्रीय गौरव को विश्व में स्थापित किया है बल्कि भारत को वैश्विक राजनीति के केंद्र में स्थापित किया है।

इसी दिशा में प्रधानमंत्री मोदी का फ्रांस तथा अमेरिका का दौरा कई मायनों में अहम् रहा, प्रधानमंत्री मोदी की नागरिक केन्द्रित कूटनीति में राष्ट्र-प्रथम की नीति प्रत्यक्ष रूप से परिलक्षित होती है। फ्रांस यात्रा के दौरान वैश्विक एआई सम्मलेन में प्रधानमंत्री मोदी ने सह-अध्यक्षता की तथा राष्ट्रपति मैक्रों एवं प्रधानमंत्री मोदी ने त्रिकोणीय विकास के इरादे की संयुक्त घोषणा के साथ इंडो-पैसिफिक में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र के देशों के आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए आपसी सहयोग स्थापित करना है। भारत तथा फ्रांस ने छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों (एसएमआर) और उन्नत मॉड्यूलर रिएक्टरों (एएमआर) के संयुक्त विकास के माध्यम से परमाणु सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया, और सुरक्षित, खुले और सुरक्षित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति बनाई।

दोनों नेताओं ने सुरक्षित, संरक्षित और भरोसेमंद एआई सिस्टम के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए 2030 के सतत विकास एजेंडा को आगे बढ़ाने पर सहमती जताई, एआई क्षमता निर्माण पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना जिससे विशेषकर ग्लोबल साउथ के देशों को लाभ हो। भारत और फ्रांस द्वारा व्यापक संयुक्त बयान में भारत में स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के निर्माण में सहयोग में प्रगति की सराहना की तथा डीआरडीओ द्वारा विकसित एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) को पी75-स्कॉर्पीन पनडुब्बियों में एकीकृत करने और भविष्य की पी75-एएस पनडुब्बियों में एकीकृत लड़ाकू प्रणाली (आईसीएस) के संभावित एकीकरण के संबंध में किए गए विश्लेषणों की भी सराहना की।

कुल मिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा ने एआई, परमाणु ऊर्जा और वैश्विक स्थिरता पर महत्वपूर्ण समझौतों के साथ भारत-फ्रांस संबंधों को मजबूत किया। फ्रांस का मार्सिले शहर भारतीय इतिहास में महतवपूर्ण स्थान रखता है स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान वीर सावरकर का सम्बन्ध इस शहर से रहा है, यहाँ भारत का एक नया वाणिय दूतावास खुलना भारत और फ्रांस के बीच सिर्फ व्यापारिक रिश्ते ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक सम्बन्ध को भी प्रतिबिंबित करेगा।

अपने यात्रा के दुसरे पड़ाव में प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति ट्रम्प से अमेरिका में मिले जहाँ अपनी द्विपक्षीय वार्ता के दौरान, दोनों नेताओं ने एक स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता दोहराई, उन्होंने आसियान की केंद्रीयता, अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन और नौवहन की स्वतंत्रता के लिए अपने समर्थन पर जोर दिया, तथा क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए अपने साझा दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी बैठक के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संबंधों को मजबूत करने की योजना पर बल देते हुए कहा कि दोनों देश नए दौर में नए सामरिक एवं व्यापारिक रिश्ते बनायेंगे । रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण प्रौ?द्योगिकी सहित सामरिक और सुरक्षा से जुड़े अहम् मुद्दों पर अमेरिका आज खुलकर भारत के साथ दिख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का ही परिणाम रहा कि 26/11 के मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहवूर राणा को अमेरिका भारत को सौप रहा है इससे यह भी परिलक्षित होता है कि राष्ट्रपति ट्रम्प अमेरिकी जमीन को भारत के खिलाफ इस्तेमाल नही होने देंगे यह सभी भारत विरोधी शक्तियों के लिए कडा सन्देश है।

वाशिंगटन में प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार में 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर का लक्ष्य रखा है। दोनों देश पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए मिलकर काम करेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जहां अमेरिकी ट्रंप के ÷ब्ब्ब्ब÷ नारे को मान्यता देता हैं, वहीं भारत ÷विकसित भारत 2047÷ को प्राप्त करने पर केंद्रित है। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तेल और गैस व्यापार को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

पिछले दस वर्षों में वैश्विक राजनीति में भारत की बढती साख को देखते हुए राष्ट्रपति ट्रम्प ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए उन्हें महान नेता की संज्ञा भी दी और कहा कि, ÷वह भारत में बहुत अछा काम कर रहे हैं और उनके (पीएम मोदी) और मेरे बीच बहुत अछी दोस्ती है और हम अपने देशों के बीच संबंधों को और मजबूत बनाना जारी रखेंगे।÷

भारत के दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस और अमेरिका यात्रा अत्यंत सफल रही जिसमे देश की उर्जा सुरक्षा, सामरिक रक्षा सहयोग,ढ्ढ के माध्यम से ज्ञान तथा विज्ञान के क्षेत्र में नई पीढ़ी के लिए नए अवसर, व्यापार को विस्तार देना तथा वैश्विक शांति के लिए मिलकर कार्य करना महत्वपूर्ण रहा।

(लेखक सचेतक (भाजपा), बिहार विधान परिषद् एवं राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी, भारतीय जनता पार्टी हैं)

मुद्दा गर्म है : एक दुधारी तलवार है मासूम हाथों में स्मार्टफोन

अपने इस निर्णय के माध्यम से न्यायालय ने विद्यालय में स्मार्टफोन ले जाने को जायज़ बता कर हलचल पैदा कर दी है। बेशक आज का युग तकनीक का युग है और इस आधार पर कहा जा सकता है कि बच्चों को भी स्मार्टफोन के उपयोग से रोकने का मतलब उनको तकनीक के प्रयोग से रोकना है लेकिन साथ ही साथ देश के अलग-अलग कोनों से विद्यालय परिसर या उसके बाहर किशोरवय बच्चों द्वारा स्मार्टफोन के प्रयोग से अनेक विवादास्पद प्रकरण भी सामने आए हैं। अब एक तरफ उच्च न्यायालय का निर्णय है तो दूसरी तरफ आम लोगों की राय। ऐसे में यह जानना जरूरी हो जाता है कि आखिर स्मार्टफोन के प्रयोग के पक्ष और विपक्ष क्या हैं।

डॉ घनश्याम बादल

अभी-अभी न्यायालय में दायर याचिका पर निर्णय देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कोर्ट ने साफ किया कि विद्यालय परिसर में स्मार्टफोन ले जाने से रोकना विधि सम्मत नहीं है और अभी तक विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा स्मार्टफोन ले जाने के कोई हानिकारक परिणाम भी सामने नहीं आए हैं इसलिए उन्हें विद्यालय प्रांगण में मोबाइल फोन ले जाने से रोकना उचित नहीं है।

कितना जायज है स्कूलों में स्मार्टफोन का प्रयोग: अपने इस निर्णय के माध्यम से न्यायालय ने विद्यालय में स्मार्टफोन ले जाने को जायज़ बता कर हलचल पैदा कर दी है। बेशक आज का युग तकनीक का युग है और इस आधार पर कहा जा सकता है कि बच्चों को भी स्मार्टफोन के उपयोग से रोकने का मतलब उनको तकनीक के प्रयोग से रोकना है लेकिन साथ ही साथ देश के अलग-अलग कोनों से विद्यालय परिसर या उसके बाहर किशोरवय बच्चों द्वारा स्मार्टफोन के प्रयोग से अनेक विवादास्पद प्रकरण भी सामने आए हैं। अब एक तरफ उच्च न्यायालय का निर्णय है तो दूसरी तरफ आम लोगों की राय। ऐसे में यह जानना जरूरी हो जाता है कि आखिर स्मार्टफोन के प्रयोग के पक्ष और विपक्ष क्या हैं।

स्मार्टफोन के सकारात्मक पक्ष

स्मार्टफोन के उपयोग से अध्ययन अध्यापन प्रक्रिया सरल ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजन बन सकती है और उसे सहायक उपकरण के रूप में किया जा सकता है। इंटरनेट के माध्यम से वे आसानी से शैक्षिक सामग्री, वीडियो, और ऑनलाइन पाठ्यक्रम तक पहुँच सकते हैं। यह उन्हें गहराई से समझने और सीखने में मदद करता है।

बनाए तेज और स्मार्ट : स्मार्टफोन की मदद से विद्यार्थी किसी भी विषय पर तेज और लेटेस्ट जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनका ज्ञान और समझ दोनों बढ़ते हैं और साथ ही साथ स्मार्टनेस भी बढ़ती है तो इस हिसाब से स्मार्टफोन का उपयोग बच्चों को तेज और स्मार्ट बनने में मदद करता है।

समय की बचत : पढ़ने और सीखने के लिए अब वह



समय नहीं रहा जब विद्यार्थी पुस्तकालय एवं पुस्तकों के माध्यम से सीखने को बाध्य थे आज विद्यार्थियों को लाइब्रेरी में घंटों बिताने की बजाय स्मार्टफोन के माध्यम से तेज़ी से और प्रभावी तरीके से अध्ययन सामग्री मिल जाती है, जिससे समय तो बचता ही है बच्चों को एकदम नई जानकारी भी प्राप्त हो जाती है।

तकनीकी ज्ञान : आज के ज़माने में बिना टेक्नोक्रेट बने अच्छा कैरियर बनाना संभव नहीं है। स्मार्टफोन का उपयोग विद्यार्थियों को डिजिटल और वर्चुअल दुनिया से परिचित कराता है जिससे उनकी तकनीकी दक्षता बढ़ती है। यह भविष्य में उन्हें करियर के अवसरों के लिए तैयार करता है।

संचार : आज ऑनलाइन एजुकेशन का ज़माना है। गूगल मीट या दूसरेडिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से स्मार्टफोन विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच संवाद को आसान बनाता है। विद्यार्थियों को किसी विषय पर शंका हो, तो वे शिक्षक से तुरंत संपर्क कर अपनी समस्याएं हल कर सकते हैं।

यूं तो ऐसे ही कितने ही सकारात्मक पहलू हैं जो स्मार्टफोन को प्रयोग करने की वकालत करते हैं लेकिन इसी का दूसरा पक्ष भी देखना जरूरी है।

भटकाव की आशंका : स्मार्टफोन में सोशल मीडिया, गेम्स, और अन्य बहुत से आकर्षक ऐप्स होते हैं, जो विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई से भटकाते हैं। इससे उनके अध्ययन में कमी आ सकती है। प्रायः देखने में आता है कि मोबाइल के माध्यम से पढ़ने वाले बच्चे एकाग्रचित होकर नहीं पढ़ पाते । वजह है एक साथ कई कई विंडो खोलकर कई कई चीजों को देखने की लत । यदि स्मार्टफोन का प्रयोग कम उम्र के अपरिपक्व बच्चों को करने की खुली छूट मिल जाए तो फिर उनकी एकाग्रचित्तता भांग ही होगी।

स्वास्थ्य पर असर–देखने में आया है कि स्मार्टफोन बहुत जल्दी ही एक लत का रूप ले लेता है और बच्चे लंबे समय तक उसी में लगे रहते हैं परिणाम स्वरूप लंबे समय तक स्मार्टफोन का उपयोग करने से आँखों की समस्याएँ, सिर दर्द, और मानसिक तनाव का बढ़ना स्वाभाविक है साथ ही साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। नैतिक और सामाजिक समस्याएँ: स्मार्टफोन का गलत उपयोग, जैसे नकल, पढ़कर एवं समझ कर प्रश्न हल करने के बजाय उपलब्ध सामग्री को कॉपी पेस्ट करके गृह कार्य या प्रोजेक्ट बनाना, चैट जीपीटी या ऐसे ही दूसरे एप्स अथवा साइट्स से अध्ययन की सामग्री बिना सोचे समझे ले लेना विद्यार्थियों को गलत आदतें सिखा सकता है। इसके अलावा, साइबर बुलिंग, पॉर्न साइट्स या अश्लील सामग्री देखना या पढ़ना जैसी समस्याएँ भी हो सकती हैं।

आर्थिक बोझः आज स्मार्टफोन एक स्टेटस सिंबल बन गया है अब चाहे मां-बाप की सामर्थ्य है या नहीं मगर उन्हें बच्चों को महंगा फोन खरीद कर देना ही पड़ता है ऐसे में स्मार्टफोन खरीदने और उसे मेंटेन करने के लिए वित्तीय बोझ बढ़ता है, खासकर जब स्कूल के विद्यार्थियों के पास पर्याप्त संसाधन न हों।

संवेदनशील सामग्री तक पहुँचः इंटरनेट पर अनेक नशीली और अपत्तिजनक सामग्री रहती हैं । ऐसे में विद्यालयों में यदि स्मार्टफोन पहुंच जाएगा तो बच्चों को इस प्रकार की सामग्री से बचाना मुश्किल हो सकता है। अब दोनों पक्षों को ध्यान में रखकर ही माननीय न्यायालय ने स्मार्टफोन के उपयोग को तो रोकने से मना कर दिया है लेकिन साथ ही साथ इन खतरों से बचने के लिए कई अनुबंध एवं शर्तें भी इस निर्णय के साथ जोड़ दी हैं। स्मार्ट फोन के प्रयोग पर हाई कोर्ट ने अहम दिशानिर्देश देते हुए कहा है कि छात्रों को स्कूल में स्मार्टफोन ले जाने से नहीं रोका जाना चाहिए लेकिन उपयोग की निगरानी हो। स्कूल में प्रवेश करते समय फोन जमा करने और घर लौटते समय वापस लेने की व्यवस्था होनी चाहिए। स्मार्टफोन से कक्षा में शिक्षण, अनुशासन या शैक्षिक वातावरण में बाधा नहीं आनी चाहिए। इसके लिए कक्षा में स्मार्टफोन के उपयोग को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। स्कूल के कॉमन एरिया के साथ-साथ स्कूल वाहनों में भी स्मार्टफोन के कैमरे का इस्तेमाल प्रतिबंधित होना चाहिए। छात्रों को डिजिटल शिष्टाचार और स्मार्टफोन के नैतिक उपयोग के बारे में शिक्षित करना चाहिए और निगरानी करने की नीति माता-पिता, शिक्षकों और विशेषज्ञों के परामर्श से बनाई जानी चाहिए। स्कूल अपनी परिस्थितियों के अनुकूल नीतियों को लागू करें । उपयोग के नियमों का उल्लंघन रोकने के लिए पारदर्शी, निष्पक्ष नियम लागू किए जाएं।

संक्षिप्त समाचार

अज्ञात महिला का शव बरामद, हत्या की आशंका

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। हरला थाना क्षेत्र के कूलिंग पौंड नंबर दो में लगभग 25 वर्षीय अज्ञात महिला का शव लोगो की सूचना पर हरला थाना पुलिस ने बरामद किया है। शव पानी में तैर रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की पहचान करने के लिए पुलिस लगी हुई है। घटना कैसे हुई इसका पता भी नहीं चल सका है। पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला के मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

लोहिया स्वच्छता संसाधन का खुलेआम हो रहा है दुरुपयोग

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भानाचक बैठनिया पंचायत में लोहिया स्वक्षता का संसाधनों का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है।जिसपर बास का बल्ला एवं पटरी लादकर ढोने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।इस काम मे पंचायत के कचरा ढोने वाले ठेले का इस्तेमाल पटरी और बास ढोने के लिए किया जा रहा है।संवेदक के मिलीभगत से यह नियमों के खिलाफ काम हो रहा है।एक तरफ सरकार स्वक्षता का दावा करती है तो दूसरी तरफ कचरे वाले ठेला का खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है।इसके बावजूद पंचायत प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है।कोई खोज खबर लेने वाला नही है।

सड़क दुर्घटना में एक बच्चा घायल

सिसवन / सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सिसवन माझी मुख्य सड़क बुधवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में एक बच्चा घायल हो गया। घायल बच्चे की पहचान जई छपरा गांव निवासी सत्येंद्र चौधरी के पुत्र मोनू कुमार के रूप में हुई है। घायल अवस्था में उसे निजी डॉक्टर के क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां पर उसकी मरहम पट्टी की गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि घायल बच्चा अपने घर से साइकिल से जा रहा था तभी पीछे से आ रही एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

विधानसभा में साठी को प्रखंड बनाने का उठा मुद्दा

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विधायक रश्मि वर्मा ने विधानसभा सत्र के दौरान साठी को प्रखंड बनाने की मांग उठायी है। विधायक रश्मि वर्मा ने विधानसभा सत्र के दौरान सदन में कहा है कि जिला प्रवास कार्यक्रम 2009 में मुख्यमंत्री के द्वारा साठी में प्रखंड का दर्जा देने की घोषणा की गई थी। परन्तु अबतक साठी को प्रखंड का दर्जा नही दिया गया है। जिससे वहां के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।



विधायक ने सदन के माध्यम से विभाग के मंत्री से साठी में प्रखंड बनाने की मांग उठाई है। गौरतलब हो कि साठी के लोगो को प्रखंड स्तरीय कार्य को लेकर लौरिया एवं नरकटियागंज जाना पड़ता है। साठी में प्रखंड बनने से वहां के लोगो को काफी सहूलियत मिल सकेगी। विधायक रश्मि वर्मा ने बताया कि नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत साठी को प्रखंड बनाने की मांग 2009 से चल रही है लेकिन अब तक वहां प्रखंड नही बनाया गया है। इसको लेकर विधानसभा में मांग की गई है।

कृषि वानिकी, पशुपालन और स्वरोजगार में मुद्रा लोन से मिलेगी मदद

खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। खूंटी के आरसेटी स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र में महिलाओं को 13 दिवसीय कृषि वानिकी, पशुपालन रोजगार और बैंकिंग सेवाओं से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में महिलाओं को उन्नत कृषि, तकनीक का इस्तेमाल और कृषि से जुड़े किसान क्रैडिट कार्ड की जानकारियां दी गई। साथ ही सब्जियों की खेती में बेहतर उत्पादन के लिए बेहतर नर्सरी, ग्राफ्टिंग और सूक्ष्म टपक विधि संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही मुद्रा लोन और अन्य बैंक ऋण संबंधी जानकारियां दी गई। प्रशिक्षण में शामिल महिलाओं ने बताया कि उन्हें सॉफ्ट स्किल और हार्ड स्किल की जानकारी नहीं थी। प्रशिक्षण में रोजगार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। बैंक से मिलने वाले शिशु ऋण, किशोर ऋण और तरुण ऋण की विशेषताएं बताई गई। मुद्रा लोन लेने के तरीके और लोन की राशि ससमय चुकाने पर मिलने वाले लाभ तथा विभिन्न योजनाओं में सब्सिडी का लाभ समेत बैंकिंग लेखा जोखा की भी जानकारियां दी गई। महिलाओं ने बताया कि अब वे प्रशिक्षण लेकर सशक्त बन गई हैं और कृषि वानिकी, पशुपालन तथा अन्य छोटे बड़े व्यवसाय अपनाकर अपनी आमदनी बढ़ाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से उन्हें बैंक से मिलने वाले अलग अलग ऋण की जानकारी प्राप्त हुई। बैंकिंग सेवाओं की मदद से स्वरोजगार सृजन किया जा सकता है और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। महिलाएं 13 दिवसीय प्रशिक्षण लेकर रोजगार के लिए उत्साहित नजर आ रही थीं। महिलाओं ने कहा कि प्रशिक्षण से उनका डर और बैंक ऋण संबंधी भ्रम दूर हो गया। अब वे गांवों में जाकर बेहतर कृषि वानिकी पशुपालन और अन्य रोजगार सृजन कर अपनी आमदनी दोगुनी करेंगी।

विधायक ने सदन में उठाई सड़क के जीर्णोद्धार की मांग

गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रामनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक भागीरथी देवी ने गौनाहा प्रखंड के पिपरा चौक से असुरारी जाने वाली मुख्य सड़क के जीर्णोद्धार की मांग सरकार से की है। विधायक भागरथी देवी ने दूरभाष पर बताया कि विधानसभा में सरकार से जर्जर पड़े उक्त सड़क के मरम्मती की मांग की गई है, ताकि जनता को आने-जाने में सुविधा हो सकें। उक्त सड़क विगत कई वर्षों से जर्जर पड़ा हुआ था। विधायक ने बताया कि सरकार ने इस मांग को स्वीकार कर लिया है।

रामजानकी मार्ग के रैयतों के शिविर में दर्जनों आवेदन जमा

गुठनी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रामजानकी मार्ग में अधिग्रहित भूमि के रैयतों की सुविधा के लिये जिला प्रशासन द्वारा लगाये गये शिविर में दर्जनों आवेदन पूर्ण तैयार कर जमा किया गया। शिविर में जितने रैयत अपना आवेदन जमा किये उससे अधिक रैयत स्टाम्प व अन्य कागजात तथा शिविर कर्मचारियों के समयाभाव में वापस हो गये। अब ये रैयत आगामी शिविर की प्रतीक्षा में है और आवेदन जमा करने की तारीख भी पांच मार्च निर्धारित है। रैयतों के आग्रह पर सीओ डॉ विकास कुमार ने कहा हम वरीय अधिकारियों से वार्ता कर अगले शिविर की तारीख तय कर सूचना प्रसारित कर देंगे। शिविर में रैयतों की भिन्न भिन्न समस्याएं भी सामने आ रही है उसका निराकरण भी जिला प्रशासन के निर्देशन में होना बाकी है। कई रैयत विदेश में है जिनके नाम नोटिस मिला है उन लोगों का आवेदन कैसे और कौन करेगा,कुछ रैयत ऐसे है जिनकी आयु 80 से अधिक है और उनका न फिंगर काम कर रहा है और ना शिविर तक पहुच पा रहे है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए जिले में अभी तक 90,051 लाभुकों का हुआ सर्वे

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा राज्य स्तर पर सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) वित्तीय वर्ष 2024- 25 के लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि उपलब्ध कराई गयी



सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बुधवार को विभागीय निर्देश के आलोक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा राज्य स्तर पर सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) वित्तीय वर्ष 2024-25 के लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि उपलब्ध करायी गयी। जिसमें जिले में कुल 21,720 लक्ष्य में से प्रथम चरण में 7386 को प्रथम किस्त दिया गया था। जब कि आज द्वितीय चरण के शिविर में 9660 लाभुकों को स्वीकृत पत्र उपलब्ध कराते हुए प्रथम किस्त बैंक खाते में राशि हस्तानांतरित किया गया। साथ ही पूर्व के पूर्ण आवास के लाभार्थियों को गृह प्रवेश करा कर चाभी भी हस्तगत कराया गया। योजना के संबंद मे प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास प्लस सर्वे 2.0 की कार्य अभी जारी है, जिसमें जिले में अभी तक 90,051 सर्वे किया जा चुका है।जिसमें बसंतपुर में 2321, मैरवा में 2496, लकड़ी नबीगंज-3293, नवतन-3553, हुसैनगंज-3601, गुठनी में 3605, आन्दर में 3627, हसनपुरा में 3774, जीरादेई में 4345, सिसवन में 4377, रघुनाथपुर में 4539, भगवानपुर में 5041, महाराजगंज में 5202, सिवान सदर में 5235, दरौली में 5395, गोरेयाकोठी में 5910, पचरुखी में 1056, दरौंदा में 8381, बडहरिया में 9329 लाभुक का सर्वे हुआ है जो जिले के कुल 283 पंचायतों में 31 मार्च, 2025 तक चलेगा।

शिकायत हेतु जारी किया गया नंबर

इस संबंध में जिला में नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है, जिसमें सर्वे को लेकर किसी भी योग्य लाभुक को परेशानी/शिकायत हो तो, वो सीधे फोन कर जिला नियंत्रण कक्ष में शिकायत कर सकते है। प्राप्त शिकायत पर जाँच एवं कड़ी कार्रवाई की जायेगी। शिकायत मिलने पर जल्द से जल्द समस्या का समाधान होगा।

कन्ट्रॉल रूम जिला एवं प्रखण्डवार

जिला नियंत्रण कक्ष	-06154-240019
निदेशक, डीआरडीए	-9031071972
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, आन्दर	-9031071973
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बडहरिया	-9031071974
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बसंतपुर	-9031071975
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, भगवानपुर हाट	-9031071976
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, दरौली	-9031071978
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, दरौंदा	-9031071979
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गोरेयाकोठी	-9031071980
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गुठनी	-9031071981
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, हसनपुरा	-9031071982
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, हुसैनगंज	-9031071983
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, लकड़ी नबीगंज	-9031071985
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, महाराजगंज	-9031071986
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मैरवा	-9031071987
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नवतन	-9031071988
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पचरुखी	-9031071990
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, रघुनाथपुर	-9031071991
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सिसवन	-9771288365
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सिवान सदर	-9031071993
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जीरादेई	-9031071984

गन्ना उद्योग विभाग के प्रधान सचिव पहुंचे मझौलिया शुगर इंडस्ट्रीज

किसानों के बीच कृषि यंत्रों का किया गया वितरण

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गन्ना उद्योग विभाग के प्रधान सचिव बी.कार्तिकेय धनजी, संयुक्त ईखायुक्त जे पी एन सिंह और सहायक ईखायुक्त रेमन्त झा ने संयुक्त रूप से बुधवार को शुगर इंडस्ट्रीज मझौलिया में 25 किसानों के बीच अनुदानित कृषि यंत्रो का वितरण किया।किसानों से रु ब रु हुए और उनकी समस्याओं का हाल जाना।किसान कारी प्रसाद ने मोटर चालित बोरिंग, डिस्क हेरो रोटर वेटर आदि यंत्रो को इस योजना में शामिल करने की मांग की।इसपर उन्होंने ईखायुक्त और सहायक ईखायुक्त को दिशा निर्देश जारी किया। गन्ना मूल्य भुगतान के बारे में पूछे जाने पर किसानों ने कहा कि इस बार तीसरे दिन उनके खाते में भुगतान चला जा रहा है।उन्होंने किसानों को कृषि यंन्त्रो के उठाव में तेजी लाने की बात कही और उनके प्रशिक्षण पर जोर दिया।मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना के अंतर्गत प्राप्त कृषि यंन्त्रो को पाकर किसान बड़ी खुश हुए। इसके पूर्व उन्होंने चीनी मिल के सभागार में क्षेत्रीय किसानों के साथ बैठक कर गन्ना विकास योजना के तहत कृषि यांत्रिकरण वितरण की समीक्षा की।किसानों को कहा कि सूबे की सरकार 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र किसानों को दे रही है।उन्होंने किसानों को समुचित लाभ लेने की बात कही। समारोह की अध्यक्षता सुगर इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड डॉ. जे पी त्रिपाठी ने की।उन्होंने कहा कि कृषि यंत्र में रेजर,पावर वीडर,रैटून मैनेजमेंट डिवाइडर, सुगर केन कटर प्लांटर, इंजन ऑपरेट पावर आदि यंत्र



उपलब्ध है।किसान गन्ना विकास विभाग से संपर्क कर यंत्र ले सकते है।उन्होंने कहा कि टॉप बोरर से बचाव के लिये कोराजन उपलब्ध है।साथ ही मूंग के बीज का वितरण किया जा रहा है।इस मौके पर नोनेया के किसान आनंद तिवारी, मो.जैनुद्दीन, रतनमाला के सुरेंद्र तिवारी, राजेश पांडेय,पकड़िया के सिद्धार्थ कुमार, मोहछि सुगर के कारी प्रसाद, महोदीपुर के मनोज कुमार सिंह, गनौली के राधेश्याम साह,अमवा मझार के धनञ्जय कुमार समेत सैकड़ो किसान शामिल रहे।चीनी मिल के यूनिट हेड जे पी त्रिपाठी, एजीएम एचआर रमाकान्त मिश्रा, सीसीएम अखिलेश कुमार सिंह, संजय कुमार मिश्र, राजेश कुमार प्रभात तिवारी, आदि ने बुके भेंट कर आगत अतिथियों को सम्मानित किया।

अपनी मांगों को ले सेविकाओं ने किया धरना प्रदर्शन



हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नपं हसनपुरा स्थित सीडीपीओ कार्यालय परिसर में बुधवार को बिहार प्रदेश आंगनबाड़ी संघ सम्बद्ध (आइएनटीयूसी) प्रदेश कार्यालय के बैनर तले अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर सेविकाओं ने धरना प्रदर्शन किया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रिंकू मिश्रा ने किया। इस दौरान अपनी पांच सूत्री मांग पत्र को सीडीपीओ को सौंपा। सेविकाओं ने अपनी मांगों में गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में सेविका को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने,सेविका सहायिका को रिटायरमेंट का पूरा लाभ देने, एफआरएस के व्यवहारिक कठिनाइयों को देखते हुए इसे स्थगित करने, संविकाओं की उच्च कोटि की मोबाईल की आपूर्ति कर मोबाईल रीचार्ज बढ़ाने व बाजार दर पर पोषाहार की राशि देने की मांग की। धरना प्रदर्शन में मुख्य रुप से रुखशाना खातून, ईंदू देवी, गुलफेशा तरन्नुम, रवीना परवीन, कश्मिरी जहां, शबनम खातून,शकीला खातून, मुशर्रत जहां, सविहा नाजनी, यासमीन जहां, सरिता देवी,बबिता देवी,उषा कुमारी आदि शामिल थीं।

माता जानकी का चरित्र नारी के लिए सर्वोत्तम आदर्श

गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नारी चरित्र का सर्वोत्तम आदर्श जनक नंदनी प्रभु श्रीराम अर्धांगिनी माता जानकी का चरित्र है जिसके अनुसरण से नारी आचरण और नारी आचरण से परिवार का सदा कल्याण होता है। उक्त बातें सोहगरा शिवधाम में चल रहे अष्टम श्रीरूद्र महा महायज्ञ में प्रवचन के दौरान कैथी धाम वाराणसी से आये मानस कथा वाचक रामनाथ गिरी जी ने कही। कथा वाचक श्री गिरी जी ने माता सीता के एक एक चरित्र का वर्णन करते हुये श्रोता महिलाओं को बड़े ही सहज भाव मे समझाते हुये कहा कि परिवार का सुख सब सुखों से ऊपर है और परिवार का सुख व खुशहाली परिवार की महिलाओं पर विशेष निर्भर करता है। मकान बनाना पुरुष का कर्म व कर्तव्य है लेकिन मकान को घर का रूप देना स्त्री का। प्रति संध्या हो रहे प्रवचन में महिलाएं काफी संख्या में शामिल हो रही है। यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने वाले श्राद्धालुओं में भी महिलाओं की संख्या ज्यादा है। उधर रामलीला और रासलीला देखने सर्वाधिक लोग पहुच रहे है। वृन्दाबन से आयी रासलीला मंचन दल के व्यास दुष्यंत शर्मा ने भी लीला मंचन के बीच बीच मे रामायण के प्रसंगों को श्रोताओं/दर्शकों को सुनाकर उन्हें भाव विभोर कर दे रहे है। विदित हो कि बाबा हँसनाथ की पवित्र नगरी सोहगरा शिवधाम में गत शनिवार से श्रीरूद्र महायज्ञ का आयोजन आरंभ हुआ है। यज्ञ के मुख्य आचार्य पं गंगाधर शुक्ल के नेतृत्व में विद्वत ब्राम्हण जनों द्वारा पूजन हवन का कार्य किया जा रहा है।यज्ञ समिति के सदस्य सह मंच संचालक गजलकार पी एन सिंह ने बताया यज्ञ का निर्वाध रूप से सफल आयोजन चल रहा है समिति के सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं की सुबिधा का पूरा ध्यान दिया।

गौनाहा की बेटियों ने खेलो इंडिया लीग के फाइनल में बनाई जगह

गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अस्मिता खेलों इंडिया लीग में गौनाहा की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन किया हैं। रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकाडेमी, सिवान में आयोजित टूनामेंट के सेमीफाइनल में नर्सरी सीठी, पश्चिमी चंपारण की टीम ने एक्सीलेंस साई सेंटर, सिवान को 6-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई है।

मैच के चौथे ही मिनट में अनु कुमारी ने पहला गोल कर टीम को बढ़त दिला दी थी।इसके बाद बिंदिया ने लगातार दो गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। मध्यांतर के बाद रितिका कुमारी ने हैट्रिक लगाकर टीम को 6-0 से जीत दिलाई। मुख्य प्रशिक्षक सुमित पांडे ने कहा कि बिहार में खेल के क्षेत्र में गौनाहा की आदिवासी बेटियों का दबदबा बढ़ रहा है। प्रशिक्षक राकेश कुमार और दीपू कुमार ने बताया कि इन बच्चियों के भविष्य संवारने में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की अहम भूमिका है। फाइनल में पहुंचने पर जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित ने टीम को बधाई दी है।

दिव्यांग जांच एवं पंजीकरण शिविर की सफलता के लिए जागरुकता रथ रवाना



बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। दिव्यांग जनों के जांच शिविर को सफल बनाने के लिए प्रतीक एडवीन शर्मा के सौजन्य से जागरुकता रथ निकाली गयी। जागरुकता रथ को युवा भाजपा नेता विजय चौधरी ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। समाजसेवी व भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रतीक एडवीन शर्मा ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा दिव्यांग जनों और वरिष्ठ जनों को सहायक यंत्र का निःशुल्क वितरण के लिए पंजीकरण सह परीक्षण शिविर का आयोजन बेतिया, चनपटिया एवं बैरिया में किया जाना है। सांसद डा. संजय जायसवाल के प्रयास से एलिम्को दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण उपलब्ध करायेगा। इसके लिए 6 मार्च को चनपटिया, 7 मार्च को बैरिया एवं 8 मार्च को बेतिया में जांच शिविर आयोजित किया जायेगा। इसकी सफलता के लिए तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए जागरुकता रथ रवाना किया गया है। मौके पर अक्षय राज सिंह समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे। उन्होंने चनपटिया, बेतिया एवं नौतन विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांग जनोंसे अपील की कि जिन्हें सहायक उपकरण की आवश्यकता है वे इस शिविर में आकर अपना पंजीकरण एवं जांच करा सकते है।

एनयूएचएम की सफलता पर कार्यशाला आयोजित

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम के पदाधिकारी एवं नगर पार्षदगण के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजन किया बुधवार को किया गया। जिला मुख्यालय के निजी होटल के सभागार में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने की। महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अर्थात एनयूएचएम की स्थापना एक मई 2013 को किया गया था। 12 सालों में बेतिया नगर निगम नगर निकाय के गरीब लोगों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं को उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। संचालन जिला स्वास्थ्य समिति सदस्य सह डीसीएम राजेश कुमार ने किया। वही सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार चौधरी ने महापौर की बातों के समर्थन में कहा कि अगर तम्बाकू सेवन और नशाखोरी से हो रहे नुकसान का ज्ञान अब तक नहीं हो पाया हो तो किसी भी कैंसर अस्पताल या वार्ड में इलाजरत मरीजों की स्थिति जरूर देख आए। कार्यशाला को एसीएमओ डॉ. रमेश चंद्रा, एमसीडीओ डॉ.मुर्तजा अंसारी शहरी स्वास्थ्य सहायक चंद्र किशोर आदि ने संबोधित किया।

26 सौ वाहनों का रजिस्ट्रेशन फेल, 20 कंपनियों को परिवहन विभाग भेजेगा नोटिस

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। 20 कंपनियों के 26 सौ से अधिक रजिस्ट्रेशन फेल वाहनों को जिला परिवहन कार्यालय द्वारा नोटिस भेजा जायेगा। इसके अलावा इन वाहनों का टैक्स भुगतान भी अपडेट नहीं है। जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने बताया कि विभाग द्वारा सभी कंपनी को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। जानकारी के अनुसार परिवहन विभाग के पोर्टल पर मैनुअल से ऑनलाइन होने के समय पर पुराने वाहनों के डी-रजिस्ट्रेशन का डाटा अपडेट नहीं है. इसलिए सभी कंपनी से विभाग द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया है. इन कंपनियों में ड्रिल किंग इंडिया, दुर्गा माइनिंग, दुरहा कॉमपोनेन्टस प्राइवेट लिमिटेड, एक्का कन्स्ट्रक्शन, इइ इंडिया, गोल्डन एलेफेनट्स, गोपाल दास एंड अदर्स, गोलीजीकल आदि कंपनियां शामिल हैं.

बीसीसीएल को भी 10 तक देना है शो-कॉज का जवाब :

जिला परिवहन कार्यालय द्वारा बीसीसीएल सीएमडी को भी बीते दिनों पत्र भेजा गया था. इसमें कंपनी की 18 सौ से अधिक निबंधित वाहनों में अधिकांश का रोड टैक्स अपडेट नहीं है. कई वाहनों का बीमा व फिटनेस भी फेल है. इसे लेकर 10 मार्च तक स्पष्टीकरण मांगा गया है. स्पष्टीकरण देने के बाद विभाग टैक्स जोड़कर कंपनी को बतायेगा. कंपनी को बकाया राशि का भुगतान मार्च के अंत तक करना है.

टैक्स बकाया रखने वालों का वाहन ब्लैक लिस्ट करेगा परिवहन विभाग :

राजस्व संग्रह को लेकर परिवहन विभाग ने कारवाई शुरू कर दी है. शनिवार जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 450 बस व 300 से अधिक जेसीबी मालिकों को नोटिस भेजा गया. इसमें वाहन मालिकों को टैक्स का भुगतान करने को कहा गया है. जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने बताया कि 450 बस व 300 जेसीबी मालिकों को नोटिस भेजा गया है. ये वैसे वाहन हैं, जिनका टैक्स बकाया है व गाड़ियों का पंजीकरण फेल हो गया है. एक बार वाहन मालिकों को नोटिस भेज दिया गया है.

एक बार और नोटिस भेजा जायेगा. इसके बाद विभाग उन वाहनों को ब्लैक लिस्ट कर देगा. यह कदम बकाया राशि की वसूली में तेजी लाने के लिए उठाया गया.

आईएमएनसीआई के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



निरसा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निरसा की ओर से आईएमएनसीआई का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण स्टेट ट्रेनर मिनिल कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से बीपीएम धनेश्वर राम के साथ सीएचओ एवं सभी एएनएम उपस्थित थे। वही इस प्रशिक्षण के माध्यम से सभी को बताया गया कि इसे भारत में 2003 में लॉन्च किया गया था। आईएमएनसी के अंतर्गत 5 साल से कम उम्र के बच्चों की बीमारियों के विषय में जानकारी करना है इसका मकसद है कि बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार किया जा सके इसके अंतर्गत बीमार शिशुओं और बच्चों के पोषण और टीकाकरण की स्थिति का आकलन भी किया जाता है। वहीं दूसरी ओर बीपी नियोगी अस्पताल मैथन में यह शिविर विभागाध्यक्ष श्वेत केंद्र पीएमसीएच धनबाद की ओर से लगाया गया। इस कैंप में सीआईएसएफ के जवान द्वारा 23 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। इस कैंप में सीएचसी प्रभारी डॉक्टर संजय कुमार, बीपी नियोगी अस्पताल के डॉ नंदी, डॉक्टर सार्थक एवं आईसीटीसी के देवेंद्र कुमार उपस्थित थे। सीएचसी प्रभारी ने ब्लड डोनेशन से होने वाले लाभ के विषय में बताया की रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद की जान बच सकती है । रक्तदान करने से दिल के सेहत में सुधार होता है। ,स्ट्रोक होने का खतरा कम होता है एवं कैंसर जैसी बीमारियों का भी खतरा कम होता है और दिमाग में पॉजिटिव असर पड़ता है।

सखुआ के गुल्ली के साथ तस्कर गिरफ्तार

गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मंगुराहा वनक्षेत्र में लखनिया एपीसी के समीप पहले से घात लगाये वन कर्मियों ने दो सखुआ के गुल्ली के साथ एक तस्कर को धर दबोचा जबकि दो अन्य तस्कर भागने मे सफल रहे। रेंजर सुनील कुमार पाठक ने बताया कि मंगलवार को संध्या साढ़े छह बजे एकवा गांव निवासी रामायण चौधरी का पुत्र रमेश चौधरी, टुनटुन शेख व कलाम अंसारी बाईक पर दो सखुआ का गुल्ली लेकर भाग रहे थे। इसी बीच फॉरेस्टर राहुल कुमार झा, वनरक्षी मो. बरकत, सुमित कुमार व सोफी पीछा कर लकड़ी तस्कर रमेश चौधरी को दो गुल्ली के साथ धर दबोचा। दो अन्य लकड़ी तस्कर परसौनी गांव निवासी टुनटुन शेख व कलाम अंसारी भागने मे सफल रहे। गिरफ्तार रमेश चौधरी को बुधवार को जेल भेज दिया गया।

सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागृत किया



सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। नगर भ्रमण धर्म यात्रा तथा सनातन को जागृत करने के लिए अयोध्या से चलकर सिसवन प्रखंड के ग्यासपुर धाम होते हुए अखिल भारतीय पंच दिगंबर अनी आंखड़ा के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री देवेन्द्र दास जी महाराज (सरकार जी)के नेतृत्व साधु संतों की टोली बहुआर आश्रम पहुंचा जहां पर शिष्य तथा ग्रामीणों श्रद्धालु द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सभी साधु संतों द्वारा त्रिवेणी में स्नान कर सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागृत किया गया। बताया गया की यात्रा का समापन जनकपुर पहुंचने के बाद साधु संतों द्वारा धर्म सभा करने के बाद किया जाएगा धर्म सभा में सैकड़ो की संख्या में साधु संत सम्मिलित होंगे। मौके पर साहिब दरबार के मुख्य पुजारी आचार्य संतोष द्विवेदी, श्री श्री 108 महंत कृष्णकांत दास जी महाराज अयोध्या धाम,श्री श्री 108 महंत राम प्रिय दास जी महाराज,श्री श्री 108 महंत दीप दास जी महाराज ,श्री श्री 108 महंत राम दास जी महाराज,श्री श्री 108 महंत गोबर्धन दास जी महाराज, श्री श्री 108 महंत शरवेश्वर दास जी महाराज,श्री श्री 108 महंत ब्रजेश दास जी महाराज,श्री श्री 108 महंत डॉ अशोक दास जी महाराज सहित कई संत उपस्थित रहे।

ट्रंप के टैरिफ वॉर से भारत पर पड़ेगा असर

नईदिल्ली, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन, कनाडा और मैक्सिको पर जवाबी टैरिफ लागू करने से ग्लोबल ट्रेड वॉर की आशंका बढ़ गई है। इन देशों ने भी अमेरिका पर टैरिफ बढ़ा दिया है। इन फैसलों से भारत समेत पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ने का अनुमान है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत की जीडीपी पर इसका सीमित असर ही रहेगा, लेकिन इसकी रफ्तार धीमी हो सकती है। हालांकि, कुछ क्षेत्र जरूर इससे प्रभावित हो सकते हैं। खासकर शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिल सकती है। वहीं, रोजगार के मोर्चे पर कटौतियां देखने को मिल सकती है।



1. जीडीपी : अर्थव्यवस्था पर अधिक असर नहीं

गोल्डमैन सैक्स ने हाल में जारी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ट्रंप के टैरिफ से भारत के सकल घरेलू उत्पाद पर 0.1 से 0.6 के बीच असर पड़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की घरेलू गतिविधियां बढ़ने से इसका असर सीमित रहेगा। वहीं, साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स का कहना है कि अमेरिकी शुल्क का भारत पर कोई खास प्रभाव नहीं होगा। इसका कारण यह है कि अर्थव्यवस्था को घरेलू कारकों से गति मिल रही है, जबकि निर्यात पर निर्भरता कम है।

2. महंगाई : कुछ वस्तुओं के दाम में उछाल संभव

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रो. अरुण कुमार के मुताबिक, टैरिफ युद्ध से वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ेगी। इसका असर भारत पर भी दिखेगा और निर्यात लागत बढ़ेगी। इससे न केवल निर्यात क्षेत्र प्रभावित होगा, बल्कि देश के अंदर उन वस्तुओं के दाम तेजी से बढ़ेंगे, जिन्हें हम निर्यात कर रहे है। इससे महंगाई में वृद्धि देखने को मिल सकता है। आर्थिक विकास दर धीमी होगी। इसका असर संगठित और असंगठित दोनों ही क्षेत्रों पर देखने को मिल सकती है।

3. शेयर बाजार : गिरावट का दौरा जारी रहने की आशंका बढ़ी

टैरिफ घसामान से दुनियाभर के शेयर बाजारों में अस्थिरता की आशंका और बढ़ गई है। सोमवार को अमेरिका बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली। इसका असर भारतीय बाजारों पर दिखा। सेंसेक्स 73000 अंक से नीचे आ गया। वहीं निफ्टी भी 22,000 अंक के स्तर तक आ चुका है। विदेशी निवेशकों की बिकवाली और धातु कंपनियों के शेयरों में गिरावट इसका प्रमुख कारण है।

विदेशी निवेशक टैरिफ युद्ध बढ़ने की आशंका से भारतीय बाजारों से लगातार अपनी रकम निकाल रहे हैं। इस साल अब तक वे 1.15 लाख करोड़ से अधिक की निकासी कर चुके हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में गिरावट का सिलसिला आगे भी जारी रह सकता है।

4. सोना : कीमतों में आगे भी तेज उछाल से आसार

टैरिफ वॉर बढ़ने की आशंका से लोग सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की खरीदारी कर रहे हैं। इससे सोने की कीमतों में तेजी आई। भारत में सोने के दाम रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गए हैं। मंगलवार को सोने के दाम में 1100 रुपये का उछाल आया और 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। चांदी की कीमत भी 1500 रुपये बढ़कर 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि वैश्विक अनिश्चितता बढ़ती है तो सोने की कीमतों में आगे तेज उछाल देखने को मिल सकता है। सोने की कीमतें इसलिए बढ़ रही हैं, क्योंकि लोग अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ को लेकर अनिश्चितता महसूस कर रहे हैं और सोने को सुरक्षित निवेश के रूप में देख रहे हैं।

5. रोजगार : कुछ क्षेत्रों में शुरू हो सकता है छंटनी का दौर

विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रंप के इस फैसले का असर अमेरिकी कंपनियों पर भी पड़ेगा। वे बड़े पैमाने पर छंटनियां शुरू कर सकती हैं। कुछ कंपनियों ने इसकी शुरुआत भी कर दी है। इसका असर उन भारतीय कंपनियों पर पड़ सकता है, जो अमेरिका से व्यापार साझा करती हैं।

खासकर आईटी, ऑटोमोबाइल, कपड़ा और धातु क्षेत्र में नौकरियां कम हो सकती हैं। इसके अलावा, कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से उत्पादन लागत बढ़ सकती है, जिससे उद्योगों की लाभप्रदता प्रभावित हो सकती है।

एलन मस्क को लगा 96 अरब डॉलर का झटका

कई देशों की जीडीपी के बराबर है रकम

नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया की सबसे मूल्यवान कार कंपनी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के नेटवर्थ के लिए साल 2025 बहुत बुरा साबित हो रहा है। इस साल अब तक उनकी संपत्ति में 96.5 अरब डॉलर की कमी दर्ज की गई है। यह रकम नेपाल, यमन, उत्तर कोरिया, म्यांमार जैसे देशों की जीडीपी से भी अधिक है। डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद जितनी तेजी से एलन मस्क की दौलत उछली, उतनी तेजी से गिर रही है। एलन मस्क इस समय दुनिया के सबसे रईस शख्स हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक उनका नेटवर्थ 336 अरब डॉलर है। मंगलवार को टेस्ला के शेयरों में



आए गिरावट की वजह से उन्हें 9.10 अरब डॉलर का झटका लगा और इस झटके के साथ ही साल 2025 में मस्क 96.5 अरब डॉलर गंवा चुके हैं।

टेस्ला के शेयर लुढ़कने से लग रहा झटका- मस्क के पास टेस्ला की लगभग 13 प्रतिशत हिस्सेदारी है और उनके पास 2018 के कंपेंसेशन पैकेज से 304 मिलियन स्टॉक ऑप्शन भी हैं। पिछले 5 दिन में टेस्ला का शेयर 10 फीसद से अधिक टूटा है और एक महीने में 30 पर्सेंट से अधिक लुढ़क चुका है। इस अवधि में मस्क 433 से 336 अरब डॉलर पर आ गए हैं।

रिलायंस को 24,500 करोड़ का नोटिस

प्राकृतिक गैस उत्पादन और बिक्री से हुए लाभ से जुड़ा है मामला

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने ओएनजीसी के आसपास के ब्लॉक से प्राकृतिक गैस के उत्पादन और बिक्री से हुए लाभ पर रिलायंस इंडस्ट्रीज को 2.81 अरब डॉलर (करीब 24,500 करोड़ रुपये) का मांग नोटिस भेजा है। यह नोटिस 14 फरवरी को आए दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के बाद भेजा गया है। हाईकोर्ट ने एक अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायाधिकरण के उस फैसले को पलट दिया



था, जिसमें रिलायंस और यूके की उसकी साझेदार फर्म बीपी पीएलसी को नजदीकी ब्लॉक से गैस उत्पादन और बिक्री के लिए किसी भी हर्जाने की देनदारी नहीं बताई गई थी। कंपनी ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा, खंडपीठ के फैसले के बाद पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय से 3 मार्च, 2025 को मांग पत्र प्राप्त हुआ है। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, बीपी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) लि. और कनाडा की कंपनी निको (एनईसीओ) लि. से 2.81 अरब डॉलर की मांग की गई है।

सरकार ने दायर की थी अपील

दरअसल, सरकार ने 2016 में ओएनजीसी के आसपास के क्षेत्रों से केजी-डी6 ब्लॉक में स्थानांतरित हुई गैस की मात्रा के लिए रिलायंस और उसके भागीदारों से 1.55 अरब डॉलर की मांग की थी।

बीएचईएल से मिला कंपनी को 232 करोड़ का बड़ा ऑर्डर

शेयर खरीदने की मची लूट, 31 पर आया भाव



नई दिल्ली, एजेंसी। वेलस्पन स्पेशलिटी सॉल्यूशंस के शेयर आज बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं कंपनी के शेयर में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा है और यह 31.48 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया था। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऑर्डर है। दरअसल, कंपनी को भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) से ऑर्डर मिला है। कंपनी की फाइलिंग के मुताबिक, यह जीएसटी को छोड़कर यह ऑर्डर करीब 232करोड़ का है।

क्या है डिटेल

स्टेनलेस स्टील, अलॉय स्टील और पाइप और ट्यूब सहित स्टील उत्पादों के प्रोडक्शन में सक्रिय कंपनी ने मंगलवार को बाजार बंद होने के बाद एक्सचेंजों को एक फाइलिंग में बताया, वेलस्पन स्पेशलिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड को सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट्स की श्रृंखला के लिए लगभग 4,050 टन स्टेनलेस स्टील सीमलेस बॉयलर ट्यूब की आपूर्ति के लिए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड द्वारा रा बोलीदाता के रूप में अधिसूचित किया गया है। बीएचईएल में इंटरनल अप्रूवल प्रोसेस के बाद औपचारिक ऑर्डर जारी किया जाएगा।

कंपनी के शेयरों के हाल

बीएसई पर वेलस्पन स्पेशलिटी सॉल्यूशंस के शेयर की कीमत 5 प्रतिशत बढ़कर 31.48 के अपर प्राइस बैंड पर पहुंच गई। आज की बढ़त के साथ, वेलस्पन स्पेशलिटी शेयरों के शेयरों ने अपने पांच दिनों की गिरावट को रोक दिया, जिसमें उन्होंने अपने वैल्यू का लगभग 22 प्रतिशत खो दिया था। बता दें कि भारतीय शेयर बाजार में व्यापक बिकवाली के बीच वेलस्पन स्पेशलिटी सॉल्यूशंस के शेयरों में 2025 में अब तक 25 प्रतिशत की गिरावट आई है। पिछले एक साल में भी स्टॉक का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और इस दौरान स्टॉक में 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस बीच, पिछले छह महीनों में शेयर में 33 प्रतिशत की गिरावट आई है।

महाकुंभ के बाद आसमान छू रहे अशोका होटल के शेयर, 650 पर पहुंच सकता है भाव

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत पर्यटन विकास निगम के शेयरों को खरीदने के लिए आज निवेशकों में होड़ मची है। आईटीडीसी के शेयर आज 524.50 रुपये प्रति शेयर के हाई लेवल पर खुले और ओपनिंग बेल के कुछ ही मिनटों में 589 रुपये प्रति शेयर के इंट्राडे हाई को छू गए। शेयर मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक अशोका होटल के एसेट मोनेटाइजेशन के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए बोर्ड मीटिंग की घोषणा के बाद आइटीडीसी के शेयर सुबह के कारोबार में आसमान छू रहे हैं। सुबह 11 बजे के करीब यह 13 पर्सेंट उछलकर 575 के आसपास ट्रेड कर रहा था।

दो मुख्य कारणों से बढ़ रहा शेयर भाव-

आइटीडीसी शेयर की कीमत में उछाल के बारे में लक्ष्मीश्री इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज के रिसर्च हेड अंशुल जैन ने लाइव मिंट से कहा, आइटीडीसी शेयर की कीमत दो मुख्य कारणों से बढ़ रही है। पहला कंपनी अशोका होटल की एसेट मोनेटाइजेशन के प्रस्ताव पर विचार और मंजूरी के लिए बोर्ड मीटिंग। दूसरा महाकुंभ के बाद मजबूत त्रम नतीजे। जैन ने कहा कि आइटीडीसी बोर्ड ने एसेट मोनेटाइजेशन प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए 11 मार्च 2025 की मीटिंग तय की है।

रॉकेट सा उड़े अडानी विल्मर के शेयर

टाप्स ब्रांड की कंपनी को खरीदने का ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी। एफएमसीजी कंपनी अडानी विल्मर के शेयरों में जबरदस्त तेजी आई है। अडानी विल्मर के शेयर बुधवार को बीएसई में 5 पर्सेंट से अधिक उछलकर 254 रुपये पर पहुंच गए हैं। अडानी विल्मर ने मंगलवार को कहा है कि उसने चरणबद्ध तरीके से जीडी फूड्स मैन्युफैक्चरिंग (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड को खरीदने के लिए डिफिनिटिव एग्रीमेंट पर दस्तखत किए हैं। जीडी फूड्स का टाप्स ब्रांड पर मालिकाना हक है। यह डील कई चरण में होगी। अडानी विल्मर के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 404 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 231.55 रुपये है।

पहले चरण में 80 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी अडानी विल्मर- अडानी विल्मर पहले चरण में जीडी फूड्स में 80 पर्सेंट हिस्सेदारी खरीदेगी। कंपनी बाकी बची 20 पर्सेंट हिस्सेदारी को अगले तीन साल में खरीदेगी। 80 पर्सेंट हिस्सेदारी 603 करोड़ रुपये की एंटरप्राइज वैल्यू में खरीदी जाएगी। वित्त वर्ष 2023-24 में जीडी फूड्स का



रेवेन्यू 386 करोड़ रुपये था। जीडी फूड्स के मालिकाना हक वाले ब्रांड टॉप्स की नॉर्थ इंडिया में हाउसहोल्ड ब्रांड के रूप में मजबूत रेपुटेशन है। कंपनी की प्रॉडक्ट लिस्ट में टोमैटो केचप, स्नैक्स सॉस, जैम, पिकल्स, नूडल्स, इंस्टैंट मिक्सेज, कॉर्न एंड चोको फ्लेक्स, बेकिंग पाउडर, केक मिक्स शामिल हैं।

6 महीने में 30 प्रतिशत से ज्यादा टूट गए हैं अडानी विल्मर के शेयर- अडानी विल्मर के शेयरों में पिछले 6 महीने में 30 पर्सेंट से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। अडानी विल्मर के शेयर 5 सितंबर 2024 को 366.60 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 5 मार्च 2025 को 254 रुपये पर पहुंच गए हैं। इस साल अब तक अडानी विल्मर के शेयरों में करीब 22 पर्सेंट की गिरावट आई है। इस साल की शुरुआत में 1 जनवरी 2025 को कंपनी के शेयर 329 रुपये पर थे। अडानी विल्मर के शेयर 5 मार्च 2025 को 254 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले एक महीने में कंपनी के शेयरों में करीब 7 पर्सेंट की गिरावट आई है।

रेल विकास निगम को मिला 729 करोड़ रुपये का काम

उछलकर 350 रुपये के पार पहुंचे शेयर



नई दिल्ली, एजेंसी। नवरत्न कंपनी रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों में रॉकेट सी तेजी आई है। रेल कंपनी के शेयर बुधवार को 7 पर्सेंट से अधिक चढ़कर 351.55 रुपये पर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों में यह उछाल एक बड़ा प्रोजेक्ट मिलने से आया है। रेल विकास निगम लिमिटेड ने अनाउंस किया है कि उसे हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड से 729.82 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट के लिए लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस मिला है।

24 महीने में पूरा किया जाना है यह प्रोजेक्ट- रेल विकास निगम लिमिटेड को मिले इस प्रोजेक्ट में हिमाचल प्रदेश के सेंट्रल जोन में डिस्ट्रीब्यूशन इंफ्रास्ट्रक्चर के डिवेलपमेंट का काम है। इस प्रोजेक्ट को 24 महीने में पूरा किया जाना है। 21 फरवरी को कंपनी साउथ वेस्टर्न रेलवे के एक प्रोजेक्ट के लिए लोएस्ट बिडर के रूप में उभरी थी। वहीं, 18 फरवरी को 554 करोड़ रुपये के एक ज्वाइंट वेंचर प्रोजेक्ट के लिए रेल विकास निगम लिमिटेड को लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस मिला था। यह काम बेंगलुरु सबर्बन रेल प्रोजेक्ट के लिए था।

5 साल में 1700 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए हैं आरवीएनएल के शेयर


रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर पिछले पांच साल में 1700 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। रेल कंपनी के शेयर 6 मार्च 2020 को 18.95 रुपये पर थे।

रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर 5 मार्च 20025 को 351.55 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले 4 साल में रेल कंपनी के शेयरों में 980 पर्सेंट से अधिक का उछाल देखने को मिला है। रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयर 5 मार्च 2021 को 31.55 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 5 मार्च 2025 को 351.55 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले 3 साल में रेल विकास निगम लिमिटेड के शेयरों में 1050 पर्सेंट का उछाल आया है।

सरकार ने प्लैटिनम मिश्र धातु के आयात पर लगाया प्रतिबंध

आयातकों को अब लेनी होगी डीजीएफटी से मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने बुधवार को 99 प्रतिशत से कम शुद्धता वाले प्लैटिनम मिश्र धातु पर आयात प्रतिबंध लगा दिया। सरकार की ओर से यह कदम भारी मात्रा में सोने के साथ मिश्रित इस बहुमूल्य धातु के अवैध आयात पर अंकुश लगाने के लिए उठाया गया है। ऐसे प्लैटिनम मिश्र धातुओं के आयातकों को अब इनबाउंड शिपमेंट के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय से आयात प्राधिकरण प्राप्त करना आवश्यक है। यह निर्णय ऐसे कुछ मामलों के बाद लिया गया है, जहां सोने और प्लैटिनम के बीच टैरिफ अंतर का फायदा उठाने के लिए इस मिश्र धातु को काफी मात्रा में सोने के साथ मिश्रित करके आयात किया गया था। डीजीएफटी ने एक अधिसूचना में कहा, प्लेटिनम की आयात नीति को मुक्त से संशोधित कर प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह बदलाव प्लैटिनम के भार के अनुसार 99 प्रतिशत या उससे अधिक शुद्धता वाले प्लैटिनम मिश्र धातु पर लागू नहीं होगा। आभूषण निर्माण और औद्योगिक उपयोग के लिए प्लैटिनम की आपूर्ति सुचारू बनी रहे इसके लिए सरकार ने 99 प्रतिशत या उससे



अधिक शुद्धता वाले प्लैटिनम मिश्र धातु के अप्रतिबंधित आयात की मंजूरी दे दी है। आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने पिछले वर्ष भारत-यूएई व्यापार समझौते की तत्काल समीक्षा की मांग की थी। समझौते में कहा गया था कि यह समझौता शून्य टैरिफ के साथ यूएई से भारत में सोने, चांदी, प्लैटिनम और हीरे के असीमित आयात की अनुमति देता है। जीटीआरआई ने कहा था कि वर्तमान में दुबई से सोने का आयात 5 प्रतिशत शुल्क पर किया जा सकता है, लेकिन यदि मिश्र धातु में 2 प्रतिशत प्लैटिनम है तो यह तीन वर्षों में शून्य हो जाएगा। जीटीआरआई ने यह भी दावा किया था कि कई आयात मूल नियमों की शर्तों को पूरा नहीं करते हैं और इसलिए, रियायतों के लिए योग्य नहीं हैं। अक्तूबर 2024 में, भारत ने यूएई से चांदी के उत्पादों, प्लैटिनम मिश्र धातु और सूखे खजूर के आयात में उछाल पर चिंता जताई और देश से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत नियमों को दरकिनार न किया जाए।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 05-03-2025 21:40 Page 1

नगर निगम के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक

बार और रेस्टोरेंट संचालकों को मिली राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड हाईकोर्ट से शहर के दो रूफ टाप बार और रेस्टोरेंट संचालकों को बड़ी राहत मिली है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में ग्रीका किचन एवं बार और प्राना लाउंज की याचिका पर सुनवाई करते हुए रांची नगर निगम के आदेश पर रोक लगाई दी है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि इनसे लोगों को रोजगार और सरकार को राजस्व की प्राप्ति हो रही है। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया माना कि रांची नगर निगम का आदेश समानता के अधिकार और व्यवसाय करने की स्वतंत्र का उल्लंघन है।

नगर निगम ने दोनों पर अवैध निर्माण का आरोप लगाकर रूफ टाप बार एंड रेस्टोरेंट बंद करने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ इनकी ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी।

सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने अदालत को बताया कि दोनों बार एवं रेस्टोरेंट जिस भवन में चल रहे हैं, उसका नक्शा रांची नगर निगम से स्वीकृत है। रूफ टाप पर केवल बार एवं रेस्टोरेंट संचालित है। जहां कुर्सी टेबल के अलावा अस्थाई संरचना बनाई गई है। इसका किचन और स्टोर स्वीकृत नक्शा के अंदर संचालित है। दोनों रेस्टोरेंट अग्निशमन सुरक्षा के मापदंड को पूरा कर रहे हैं। विभाग से भी इन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया है। फूड सेफ्टी लाइसेंस, बार लाइसेंस आदि भी सक्षम पदाधिकारी से प्राप्त है।

रांची नगर निगम के पास रूफ टाप बार एवं रेस्टोरेंट के संचालन को लेकर कोई नियमावली नहीं है। 24 फरवरी को रांची नगर निगम रूफ टाप बार रेस्टोरेंट को लेकर एक ड्राफ्ट नियमावली बनाई है। इसपर लोगों से आपत्ति मांगी गई है। दोनों रूफ टाप बार एवं रेस्टोरेंट ने म्यूनिसिपल एक्ट 2011 और बिल्डिंग बायलाज 2016 का उल्लंघन नहीं किया है। इसलिए रांची नगर निगम द्वारा इनको बंद करने का आदेश अनुचित है।

इस दौरान रांची नगर निगम की ओर से इन दोनों रेस्टोरेंट की निरीक्षण रिपोर्ट कोर्ट को सौंपी गई। बता दें कि रांची नगर निगम की ओर से शहरी क्षेत्र में संचालित 33 रूफ टाप बार व रेस्टोरेंट को बंद करने का आदेश दिया है।

जमशेदपुर में 500 बेड का बनेगा नया मेडिकल कॉलेज

- टीएमएच में स्पाइन क्लिनिक-स्ट्रोक यूनिट शुरू
- पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पर चलाने की मंशा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जमशेदपुर। राज्य सरकार ने बजट में कुल छह नए मेडिकल कॉलेज पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर खोलने की घोषणा की है। इसमें एक जमशेदपुर में भी शुरू करने की बात है। इसके लिए परसुडीह स्थित सदर अस्पताल के पीछे 25 एकड़ जमीन चिह्नित किया गया है।

दरअसल, सदर अस्पताल में मेडिकल कॉलेज खोलने की कवायद पूर्व से ही चल रही है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी निरीक्षण कर चुकी है। वहीं, अक्टूबर-2024 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी जमशेदपुर में एक नया मेडिकल कॉलेज खोलने की बात कह चुके हैं।चूंकि, कहा जा रहा है कि पहले रांची के सदर अस्पताल को भी पीपीपी मोड पर संचालित करने की योजना थी। इसे लेकर विभाग की तरफ से तीन बार टेंडर भी निकाला गया, लेकिन किसी भी कंपनी इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई, जिसके कारण अंत में सरकार ने खुद ही इस अस्पताल को संचालित करने का निर्णय लिया।

डिमना चौक स्थित महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज परिसर में बने नए अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. जुझार माझी कहते हैं कि पीपीपी मोड पर संचालित करने का निर्णय काफी सराहनीय है। इससे अस्पताल व्यवस्थित ढंग से संचालित होने के साथ-साथ मरीजों को काफी लाभ मिलेगा।

डॉ. जुझार माझी कहते हैं कि अभी तक मेडिकल कालेज को बेहतर ढंग से संचालित करने में मैनपावर, संसाधन सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ते रहा है। ऐसे में पीपीपी मोड काफी कारगर साबित हो सकता है।

उन्होंने संभावना जताते हुए कहा कि अगर, सरकार मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनाकर कोई बड़ी कंपनी को संचालित करने के लिए दें तो उसका लाभ मरीजों को भी मिलेगा और एमबीबीएस छात्रों को भी।



चूंकि, संबंधित कंपनी पूरे संसाधन के साथ बेहतर ढंग से मेडिकल कॉलेज को संचालित कर सकेगी। अस्पताल को संचालित करने की सारा जिम्मेवारी संबंधित कंपनी का होगा।

टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) में मंगलवार को स्पाइन क्लिनिक व स्ट्रोक यूनिट का उद्घाटन हुआ। दो नई सुविधा के शुरू होने से कर्मचारियों के अलावा शहरवासियों को इसका लाभ मिलेगा। टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (कारपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी व टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने संयुक्त रूप से इन सुविधाओं का उद्घाटन किया।

टीएमएच में उद्घाटन के मौके पर डाक्टरों की टीम ने टाटा वर्कर्स यूनियन नेतृत्व को दोनों यूनिट किस तरह से काम करेंगे, इसकी पूरी जानकारी दी। बताया कि स्पाइन क्लिनिक में नस सहित मस्तिष्क संबंधी समस्याओं के लिए पहले अलग-अलग वार्ड में जाना पड़ता था, लेकिन नए क्लिनिक के खुलने के बाद अब न्यूरो, सर्जन व आर्थो के डाक्टर व टीम एक ही जगह पर बैठेंगे और यहीं उनकी इलाज होगा। इसके लिए टीएमएच के ओपीडी में अलग से एक यूनिट बनाया गया है। यहां प्रति शुक्रवार को दो घंटे डाक्टरों की टीम मरीजों को देखेगी और उन्हें अलग-अलग विभाग में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उद्घाटन के मौके पर चाणक्य चौधरी ने कहा कि टीएमएच में नई सुविधा बढ़ रही है इसका लाभ कर्मचारियों के साथ-साथ शहरवासियों को भी मिलेगा।

उपायुक्त ने किया अंचल कार्यालय का निरीक्षण, दिये कई निर्देश

नागरिकों को सुगम और पारदर्शी सेवाएं प्रदान कराना उद्देश्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। नागरिकों को सुगम और पारदर्शी सेवाएँ प्रदान कराने के उद्देश्य से उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा अंचल कार्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है। पिछले दिनों कर्रा अंचल कार्यालय में गहन निरीक्षण के पश्चात आज उपायुक्त द्वारा अंचल कार्यालय खूँटी का निरीक्षण किया गया। दो घंटे से अधिक चले इस निरीक्षण में उपायुक्त द्वारा अंचल कार्यालय में संचालित कार्यो का गहन समीक्षा किया गया।

उपायुक्त ने कार्यालय में कर्मियों की उपस्थिति, उनके कार्यों की प्रगति, भूमि जमाबंदी, दाखिल खारिज, सर्टिफिकेट से जुड़े मामलों के निष्पादन एवं अंचल से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। साथ हीं अंचल कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मियों से परिचय लेते हुए उनके कार्यों की जानकारी लिया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे कार्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा अंचल में उत्तरदायित्व पूर्ण एवं ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यों का निष्पादन करें। लंबित मामलों का भी त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निपटारा करें। नागरिकों को सुगम और पारदर्शी सेवाएँ प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने हल्कावार समीक्षा करते हुए लंबित दाखिल खारिज के मामले, जाति, आवासीय एवं आय सर्टिफिकेट से संबंधित मामले एवं अन्य मामलों का निष्पादन निर्धारित समय पर करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी



दाखिल खारिज या सर्टिफिकेट से सम्बंधित आवेदन को बिना किसी कारण लंबित न रखे, प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय पर मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। यदि आवेदकों के पर्याप्त दस्तावेज नही है, तो आवश्यक रूप से रिमार्क्स (कारण) लिखते हुए निर्णय लें। किसी भी परिस्थिति में बिना कारण बताए मामलों को रिजेक्ट न करें।

उपायुक्त ने आम जनता को बेहतर सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए कार्यालय व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र समाधान करें। निरीक्षण के दौरान , अपर समाहर्ता परमेश्वर मुण्डा, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, अंचल अधिकारी एसपी आर्या एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी, कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में एक की मौत, कई घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। नालंदा जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के अतासराय पेट्रोल पंप के पास बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चालक समेत कई लोग घायल हो गए। कार में सवार लोग इस्लामपुर बाजार से घर लौट रहे थे। तभी सामने अचानक एक मवेशी आ गया, जिससे बचने के प्रयास में गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में इस्लामपुर थाना क्षेत्र के मिल्की मुसहरी गांव निवासी दिवंगत गणेश यादव के पुत्र धर्मेंद्र कुमार (22) की मौत हो गई। हादसे के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल परिसर में परिजनों के रोने-बिलखने से माहौल गमगीन हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार में करीब आठ लोग सवार थे। जब गाड़ी अतासराय पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तभी अचानक सड़क पर एक मवेशी आ गया। चालक ने मवेशी को बचाने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान सामने से आ रही एक अन्य गाड़ी ने चकमा दे दिया। दोनों परिस्थितियों में गाड़ी अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पलट गई।

डीएम ने की सहायता राशि वितरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त अतिरिक्त लक्ष्य के विरुद्ध बुधवार को जिले के 16882 परिवारों को प्रथम किश्त की सहायता राशि हस्तांतरण किया गया है। इस अवसर पर समाहरणालय स्थित परमान सभागार में डीएम अनिल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी गण एवं लाभुक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यस्तरीय कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अररिया रोजी कुमारी, निदेशक डीआरडीए अररिया सौरभ सिन्हा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग अररिया नितेश कुमार पाठक एवं संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।



कार्यक्रम में आवास स्वीकृति पत्र का वितरण एवं एक मुश्त प्रथम किस्त का भुगतान तथा आवास पूर्ण करने वाले लाभूकों को मिशन 'गृह प्रवेश' के तहत प्रतिकात्मक चाबी का वितरण किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत अतिरिक्त लक्ष्य के विरूद्ध अररिया जिले के 16882 लाभार्थियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री, बिहार के द्वारा प्रथम किस्त की सहायता राशि का भुगतान किया गया है। डीएम द्वारा मिशन गृह प्रवेश के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त अतिरिक्त लक्ष्य के विरूद्ध स्वीकृति प्राप्त 05 लाभुकों को स्वीकृति पत्र का वितरण जिला स्तर पर किया गया है। साथ ही बताया गया कि शेष स्वीकृति पत्र का वितरण प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर किया गया है। वहीं आवास पूर्ण करने वाले 05 लाभुकों को जिलाधिकारी द्वारा प्रतिकात्मक चाबी का वितरण किया गया है। इसी प्रकार प्रखंड स्तर पर भी प्रतिकात्मक चाबी का वितरण किया गया है। मौके संबंधित लाभुक उपस्थित थे।

इधर दूसरी ओर जिला एड्स बचाव व नियंत्रण इकाई द्वारा मुख्यधारा कार्यक्रम के तहत संबंधित विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एचआईवी एड्स व सामाजिक सुरक्षा विषय एक बैठक बुधवार को आयोजित की गयी। जिला स्वास्थ्य समिति सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ केके कश्यप ने की। इसमें वीबीडीसीओ डॉ अजय कुमार सिंह, डीआईओ डॉ मोईज, एनसीडीओ डॉ राजेंद्र प्रसाद, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के शेखर कुमार, जिला बाल संरक्षण कार्यालय के बबलू पाल, सिटी मैनेजर नीरज कुमार, जीविका के शैलेंद्र कुमार, अररिया महाविद्यालय स्थित सेहत केंद्र के डॉ मुकेश कुमार सिन्हा सहित सहयोगी संस्था के प्रतिनिधि व कर्मी मौजूद थे।

गुटखा पान मसाला के विरूद्ध प्रशासन सख्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड में बढ़ते नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के उद्देश्य से राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के निर्देश पर पूरे राज्य में निकोटिनयुक्त गुटखा और पान मसाला पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रतिबंध लागू होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

गुटखा और पान मसाला पर प्रतिबंध के बाद प्रशासन ने सक्रियता बढ़ा दी है। रांची जिले में अनुमंडल पदाधिकारी सदर, रांची के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 और कोटपा 2003 के तहत जांच दल लगातार छापेमारी कर रहा है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपर बाजार, महावीर चौक, मारवाड़ी कॉलेज एवं लेक रोड जैसे प्रमुख स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 22 प्रतिष्ठानों की जांच की गई, जिनमें से 7 खाद्य प्रतिष्ठान थे।

मिठाई, पेड़ा, लड्डू, बुंदिया, गाजा जैसी खाद्य सामग्रियों की जांच की गई और दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखने एवं अखाद्य रंगों का उपयोग न करने की सख्त चेतावनी दी गई। खाद्य लाइसेंस नहीं दिखाने पर तीन दुकानों को नोटिस जारी किया गया, जबकि कोटपा अधिनियम 2003 के उल्लंघन पर संबंधित दुकानदारों से कुल 1400 का जुमार्ना वसूला गया। निरीक्षण के दौरान सभी खाद्य सामग्री विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिया गया कि वे निकोटिनयुक्त गुटखा और पान मसाला का विक्रय न करें। यदि किसी दुकान में प्रतिबंधित पदार्थ की बिक्री पाई जाती है, तो संबंधित दुकानदार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन, टोबैको कंट्रोल सेल के डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट सुशांत कुमार, खाद्य सुरक्षा कार्यालय के कर्मी शिवनंदन यादव एवं सजल श्रीवास्तव के साथ कोतवाली थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल भी शामिल थे।

49 प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण

'जीवन का अहम हिस्सा बनता जा रहा एआई' : मुख्यमंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को 49 प्रशिक्षु अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए और कहा कि उनकी सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि ये अधिकारी युवाओं के कौशल को बढ़ाएंगे और उन्हें रोजगार दिलाने में मदद करेंगे। यहां प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा, सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे भरोसा है कि आज नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अधिकारी युवाओं के कौशल को इस तरह से बढ़ाएंगे कि उन्हें रोजगार पाने में मुश्किल नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा, तकनीकी तेजी से बदल रही है और ऐसे में अगर आप अपने कौशल को समय के अनुसार नहीं ढालते हैं, तो आप बहुत पीछे रह जाएंगे। सोरेन ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हर किसी के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनता जा रहा है। उन्होंने कहा, अब हम खुद को एआई से दूर नहीं रख सकते। युवाओं को एआई के क्षेत्र में आगे बढ़ने की जरूरत है, जिसके लिए आईटीआई के पाठ्यक्रम में भी शामिल किया जाना चाहिए।

सोरेन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आज परियोजना भवन में नवचयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुआ। पिछले वर्ष सितंबर माह में 444 प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया था। आप सभी नवचयनित युवाओं और आपके परिवार को बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।'

उन्होंने लिखा, 'आप सभी सरकार के अंग के रूप में चयनित हुए हैं। आईटीआई के छात्र मुझसे क्षेत्र भ्रमण के दौरान मिलते रहते थे। उनके लिए शिक्षक और प्रशिक्षक का आभाव देखने को मिलता था। उसी कड़ी में आप सभी का चयन हुआ है, ताकि आप बच्चों को बेहतर शिक्षा और हुनर प्रशिक्षण दें। पूरी दुनिया में आज हुनर का मोल है। अगर आप हुनरमंद हैं तो आपको कहीं भी रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।'

रैयतों की परेशानी हुई दूर

मुजफ्फरपुर। दाखिल खारिज में लिपिकीय अथवा गणितीय भूल वाले वादों का अब त्वरित निष्पादन होगा। इसके लिए रैयतों को चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से अहम निर्णय लिया गया है। विभाग के सचिव ने सभी समाहर्ताओं को इससे अवगत कराया है। इसके आलोक में समाहर्ता सुब्रत कुमार सेन ने डीसीएलआर को आदेश जारी कर विभागीय निदेर्शों से अवगत कराया है और इसका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। बताया गया कि प्रायः ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जिसमें लिपिकीय अथवा गणितीय भूल के कारण अंचलाधिकारी के स्तर से दाखिल खारिज के मामले में अस्वीकृत कर दिया जाता है।

अब लोगों को जाम से मिलेगी निजात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। शहर में जाम से निजात दिलाने को लेकर फ्लाईओवर निर्माण की दूसरी कड़ी में मंगलवार को शहर के घुघरीटांड बाइपास एवं मुफस्सिल मोड़ पर प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण को लेकर स्थल निरीक्षण किया गया। बिना सर्विस रोड टच किए हुए फ्लाईओवर से राष्ट्रीय राजमार्ग 82 से 83 पर आसानी से आवागमन कर सकते हैं।

घुघरीटांड बाइपास पर फोन लेन व मुफस्सिल मोड़ पर टू लेन फ्लाईओवर का निर्माण होगा। जिलाधिकारी डा.त्यागराजन एसएम के नेतृत्व में डीडीसी नवीन कुमार, एडीएम राजस्व परितोष कुमार सहित अभियंताओं की टीम ने स्थल निरीक्षण किया।

अभियंताओं ने दोनों फ्लाईओवर को मानचित्र के जरीए डीएम को समझाने का प्रयास किया। डीएम ने बताया कि घुघरीटांड बाईपास पर महावीर इंटर कालेज के समीप से सीधे मानपुर पुल के 30 मीटर फ्लाईओवर को उतारा जाएगा।

साथ ही 2 लेन सर्विस रोड बनेगा। इससे एनएच-83 यानि ओटीए की ओर से आने वाले बड़ी गाड़ियां सर्विस लेन के ऊपर से पास करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि घुघरीटांड बाइपास चार मुहानी जो मंगलागौरी से बोधगया जाने वाले मार्ग पर फ्लाईओवर का कट नहीं होगा। फ्लाईओवर के नीचे सर्विस लेन छोटी गाड़ियों के लिए बिल्कुल सुरक्षित होगा।

डीएम ने कहा कि मुफस्सिल मोड़ पर त्रिकोणीय फ्लाईओवर होगा, जो मानपुर प्रखंड मुख्यालय से शुरू होकर सिक्स लेन को जोड़ेगी। साथ हीं मुफस्सिल मोड़ पर फ्लाईओवर को गोलंबर होगी जहां से सीताकुंड जाने के लिए वाले मार्ग पर फ्लाईओवर जगजीवन कालेज के पास उतारा जाएगा।

इस दौरान लोगों ने डीएम को बताया कि मुफस्सिल मोड़ पर बन रहे

आरएसी टिकट वालों को अब मिलेगी फुल बेडरोल की सुविधा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चक्रधरपुर। ट्रेनों के एसी कोच में आरएसी टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को रेलवे ने बड़ी सौगात दी है। रेलवे ने रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन (आरएसी) टिकट के नियमों में बदलाव कर इसको लागू कर दिया है। रेलवे के नए नियम के अनुसार अब ट्रेनों में आरएसी टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को एसी कोच में फुल बेडरोल की सुविधा रेल प्रशासन प्रदान करेगी।

नए नियम से पहले तक आरएसी टिकट वाले यात्रियों को साइड लोअर बर्थ की आधी सीट पर यात्रा करनी पड़ती थी। किसी दूसरे व्यक्ति के साथ में सीट शेयर करनी होती थी। साथ ही एसी में आरएसी टिकट लेकर यात्रा करने वाले दो यात्री को मिला कर एक ही बेडरोल दिया जाता था।

लेकिन अब यात्रियों को पूरी एक सीट, पूरे बेडरोल सेट के साथ मिलेगी। रेलवे के इस फैसले के बाद उन सभी यात्रियों को मदद मिलेगी, जो कि टिकट के लिए पैसा तो पूरा देते थे। मगर उनको आधी सीट ही मिलती थी। रेलवे के नए नियम के मुताबिक आरएसी यात्रियों को पैकेट बंद बेडरोल मुहैया कराएगा, जिसमें यात्रियों को दो बेडशीट, एक कंबल, एक तकिया और तौलिया शामिल होगा।

दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर एवं चक्रधरपुर रेल मंडल में यात्री ट्रेनों की बदहाल स्थिति एवं लेट लतीफी से दैनिक यात्रियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। रेल यातायात की चरमराई व्यवस्था से दैनिक यात्री न केवल परेशान है बल्कि व्यवस्था में सुधार को लेकर रेलवे के खिलाफ गोलबंद भी हो रहे हैं।

सुबह की ट्रेन दोपहर, दोपहर की ट्रेन शाम तथा शाम की ट्रेन रात में आने से रोज सफर करने वाले यात्रियों का सारा रूटिन चौपट हो गया है। इससे उनके रोजगार पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

कोरोना काल के दौरान बंद की गई कई ट्रेनों को अब तक नहीं चलाए जाने से भी यात्रियों को काफी दिक्कतें हो रही है। एक तो ट्रेन घंटों विलंब से चलती है, उस पर भीड़ इतनी रहती है कि सफर करना मुश्किल हो जाता है।

चक्रधरपुर से टाटानगर तथा टाटानगर से चाकुलिया आने में 1 घंटे की बजाय तीन से चार घंटे लग जा रहे हैं और यह एक दिन की नहीं बल्कि रोजमर्रा की बात है। आए दिन लोकल ट्रेनों को रद्द करना भी यात्रियों की समस्या पर है।

लोग तो अब इसके पीछे रेलवे की ही साजिश बताने लगे हैं। यहां तक कह रहे हैं कि अब भारतीय रेल आम जनता के लिए नहीं रही। सिर्फ माल ढुलाई पर ही रेलवे का ध्यान है। ट्रेनों की बदहाली व लेट लतीफी पर दैनिक यात्रियों के विचार कुछ इस रूप में सामने आए।

पीके के बयान से मचा घमासान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेतिया। बिहार में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर भी चुनाव को लेकर एक्टिव हैं। उन्होंने बुधवार को बेतिया जिले में लोगों को संबोधित किया। इस दौरान, उन्होंने एक बड़ी भविष्यवाणी भी कर दी।

प्रशांत किशोर ने दावा किया कि सीएम नीतीश कुमार बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव भाजपा के साथ गठबंधन में लड़ेंगे, लेकिन बाद में पाला बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि नवंबर में विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद नीतीश कुमार की जगह कोई भी मुख्यमंत्री बन सकता है।

आप मुझसे यह बात लिखित में ले सकते हैं। अगर मैं गलत साबित हुआ तो मैं अपना राजनीतिक अभियान छोड़ दूंगा।'

प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार हमेशा यही करते हैं, भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं और बाद में पाला बादल लेते हैं। केवल 2015 में उन्होंने ऐसा नहीं किया था, तब मैंने उनका अभियान संभाला था। वहीं, किशोर ने यह भी दावा किया कि भाजपा नीतीश कुमार को एनडीए का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने से बच रही है, क्योंकि उनकी लोकप्रियता अब कम हो गया है।

प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि मैं पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चुनौती देता हूं कि वे घोषणा करें कि चुनाव के बाद (अगर एनडीए सत्ता में आती है) नीतीश कुमार पूरे पांच साल के कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री होंगे। अगर वे ऐसा करते हैं, तो भाजपा को अपनी सीट बचाने में दिक्कत हो जाएगी।

पीके ने यह भी दावा किया कि नीतीश कुमार को भाजपा एक और कार्यकाल के लिए समर्थन नहीं देने जा रही है, वे पाला बदलने की कोशिश कर सकते हैं।

वहीं, जदयू की जीती गई सीटों की संख्या इतनी निराशाजनक होगी कि उन्हें शीर्ष पद नहीं मिलेगा, चाहे वे किसी भी गठबंधन में शामिल हों।

इतना ही नहीं प्रशांत किशोर ने यह तक कह दिया कि मुख्यमंत्री शारीरिक रूप से थक गए हैं और मानसिक रूप से भी रिटायर हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी मनःस्थिति के साथ वे बिहार पर शासन कर रहे हैं।

आदिवासियों की जमीन पर बुलडोजर को ले विधायक ने जतायी नाराजगी

डीएफओ को बर्खास्त करने की उठायी मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चतरा। चतरा से लोजपा (रामविलास) के विधायक जनार्दन पासवान ने आरोप लगाया है कि आजादी से पूर्व कुंदा प्रखंड के कटैया गांव के आदिवासी और पिछड़ा वर्गों के परिवार जिस जमीन पर रह रहे थे, उसपर हुए निर्माण पर वहां के वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) ने बुलडोजर चलवा दिया। राज्य सरकार डीएफओ राहुल कुमार मीणा को बर्खास्त करे।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घर ढ़ाहे गए हैं, उनका जमीन खतियानी है। हाल तक उनकी जमीन की पर्ची भी कटी है। इससे संबंधित सारा दस्तावेज उनके पास है। बगैर न्यायालय की मंजूरी के सारी कार्रवाई हुई। प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि वन भूमि होने के कारण कार्रवाई की गई।

इसपर विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि सरकारी जमीन पर सरकारी कार्यालय बना हुआ है, उसे क्यों नहीं हटाया गया? मंत्री ने कहा कि वे चालू सत्र में पूरी जानकारी लेकर इस विषय पर सदन को अवगत कराएंगे।

राज्य सरकार के पेयजल आपूर्ति मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने आरोप लगाया कि धनबाद में जलापूर्ति योजनाएं इसलिए लंबित हैं, क्योंकि केंद्र सरकार के अधीन कार्यरत रेलवे और एनएचएआइ द्वारा इसके लिए एनओसी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि इसे लेकर कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन एनओसी नहीं मिला।

उन्होंने भाजपा विधायक राज सिन्हा के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि धनबाद जलापूर्ति योजना का प्रथम फेज एनओसी मिलने के एक वर्ष तथा दूसरा फेज 15 माह में पूरा कर लिया जाएगा। राज्य सरकार एनओसी लेने के लिए प्रयास कर रही है।

इधर, केंद्र पर एनओसी नहीं देने के आरोप लगाने पर प्रतिक्रिया के रूप में भाजपा विधायक ने कहा कि केंद्र पर आरोप मढ़कर राज्य सरकार अपनी अकर्मण्यता छिपाना चाहती है। यहां लोगों को पानी नहीं मिल रहा है और मंत्री राजनीति कर रहे हैं। इस बीच लोगों को पानी कैसे मिलेगा के जवाब में मंत्री ने कहा कि इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

विधानसभा में विधायक अरूप चटर्जी ने बिहार में परिवहन क्षेत्र में कार्यरत असंगठित कामगारों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू किए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड में भी ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने झारखंड परिवहन कल्याण बोर्ड के गठन की मांग भी उठाई। जवाब में मंत्री दीपक बिरूवा ने बिहार में लागू योजनाओं का अध्ययन कर छह माह में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस मैच का दबाव पाकिस्तान वाले मैच जैसा ही था: विराट कोहली

चैंपियंस ट्रॉफी: 2025



दुबई, एजेंसी। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में भारत की जीत में विराट कोहली की पारी का महत्वपूर्ण रोल रहा। ऑस्ट्रेलिया से मिले 265 रन के लक्ष्य के बाद विराट ने 98 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 84 रन बनाए। मुकाबले के दौरान विराट ने ज्यादातर सिंगल-डबल पर ही फोक्स किया। मैच खत्म होने के बाद उन्होंने इस पर बात भी की। प्लेयर ऑफ द मैच बने विराट ने कहा कि यह मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे दिन के समान ही था। यह परिस्थितियों को समझने और स्ट्राइक रोटेट करने के बारे में है क्योंकि इसकी पिच पर साझेदारियां महत्वपूर्ण होती हैं। यह सब परिस्थितियों पर निर्भर करता है। आज भी ऐसा किया। इसे समझकर अपनी पारी खेली। मेरी टाइमिंग, क्रीज पर मेरा संयम ठीक रहा। मैं जल्दबाजी में नहीं था।

कोहली ने कहा कि मैच के दौरान जब मैं सिंगल ले रहा था तो यह मेरे लिए सबसे सुखद हिस्सा था। यह खेल पूरी तरह दबाव का था। यदि आप खेल में गहराई तक जाते हैं, तो प्रतिद्वंद्वी आमतौर पर हार मान लेते हैं। आपको अपनी भावनाओं पर काबू रखना होगा। भले ही रन रेट 6 प्रति ओवर हो, मुझे कोई परेशानी नहीं है। क्या यह अब तक आपकी बेस्ट पारी थी, सवाल पर विराट ने कहा कि मुझे नहीं पता। इसे तोड़ना आप लोगों पर निर्भर है। मैंने कभी भी उन चीजों पर ध्यान केंद्रित नहीं किया है। जब आप उन मील के पत्थर के बारे में नहीं सोचते, तो वे घटित होते हैं। अगर मैं 3 अंकों के आंकड़े तक पहुंच जाता तो बहुत अच्छा होता लेकिन जीत महत्वपूर्ण है। मेरे लिए अब वो चीजें मायने नहीं रखतीं। बता दें कि टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल की उपविजेता, 2024 टी20 विश्व कप की विजेता टीम इंडिया अब चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के खिताब की भी दावेदार हो गई है। टीम इंडिया ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबल में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी के अर्धशतकों की बदौलत 264 रन बनाए थे।

जवाब में भारतीय टीम ने 43 रन पर दोनों ओपनर्स गंवा दिए। लेकिन इसके बाद श्रेयस अय्यर ने 45 तो विराट कोहली ने 84 रन बनाकर टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाया। अंत में हार्दिक पांड्या (28) के साथ केएल राहुल (42 नाबाद) ने बड़ी हिट लगाकर भारत की झोली में मैच डाल दिया। अब रोहित शर्मा के पास बतौर कप्तान दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट्स जीतने का मौका बन गया है।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्मिथ का वनडे से संन्यास



चैंपियंस ट्रॉफी में भारत से हार के बाद फैसला, कमिंस की जगह कप्तानी कर रहे थे

नई दिल्ली, एजेंसी। चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत से मिली हार के बाद टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान संभालने वाले स्टीव स्मिथ ने वनडे से संन्यास ले लिया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इसकी घोषणा की है। ऑस्ट्रेलिया की टीम को मंगलवार को भारत के हाथों चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में स्मिथ टीम की कप्तानी कर रहे थे। वह टेस्ट खेलते रहेंगे। हालांकि, टी-20 इंटरनेशनल में वह काफी समय से टीम से बाहर चल रहे हैं। 35 साल के स्मिथ ने भारत से हार के तुरंत बाद अपने साथियों को बता दिया था कि उन्होंने अपना अंतिम वनडे मैच खेल लिया है। स्मिथ बोले- दो वर्ल्ड कप जीतना एक शानदार उपलब्धि थी स्मिथ ने कहा, यह एक शानदार सफर रहा है और मैंने इसके हर पल का लुत्फ उठाया है। बहुत सारे अद्भुत पल और शानदार यादें रही हैं। दो वर्ल्ड कप जीतना एक शानदार उपलब्धि थी और साथ ही कई शानदार टीम-साथियों ने इस सफर को साझा किया। अब लोगों के लिए 2027 वर्ल्ड कप की तैयारी शुरू करने का एक शानदार अवसर है, इसलिए ऐसा लगता है कि संन्यास लेने का यह सही समय है। स्टीव स्मिथ की यह फोटो 2015 वनडे वर्ल्ड कप की है, जब ऑस्ट्रेलिया चैंपियन बनी थी।

स्मिथ ने 170 वनडे खेले स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 2010 में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू किया था। कुल 170 वनडे खेले और 5800 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 43.28 का और स्ट्राइक रेट 86.96 का रहा। वनडे में उनकी बेस्ट पारी 164 रन की है। वनडे में उन्होंने 35 अर्धशतक और 12 शतक लगाए हैं। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में फॉर्म में नहीं थे। उन्होंने तीन पारियों में 48.50 की औसत से 97 रन बनाए थे। 73 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही।

टेस्ट में स्मिथ ने 4 दोहरे शतक लगाए स्मिथ टेस्ट में अपनी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने टेस्ट में कई रिकॉर्ड्स बनाए हैं। 116 टेस्ट की 206 पारियों में स्मिथ ने 56.75 की औसत से 10,271 रन बनाए हैं। 239 रन की पारी उनकी बेस्ट पारी रही है। इस दौरान उन्होंने 36 शतक और 41 अर्धशतक बनाए हैं। इनमें चार दोहरे शतक भी शामिल हैं। स्मिथ ने 67 टी-20 मुकाबले भी खेले हैं। इसमें उन्होंने 24.86 की औसत और 125.46 के स्ट्राइक रेट से 1094 रन बनाए। टी-20 इंटरनेशनल में उन्होंने पांच अर्धशतक भी लगाए हैं। स्मिथ ने 64 मैचों में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी की स्मिथ ऑस्ट्रेलिया की 2015 और 2023 आईसीसी वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्य रहे। वह 2015 में वनडे टीम के रेगुलर कप्तान बने थे और 64 मैचों में टीम की कप्तानी की। इसमें जीत का प्रतिशत 50 प्रतिशत रहा। उन्होंने हाल ही (2023-24) में घरेलू सीरीज के दौरान कप्तान के रूप में कमिंस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज पर 3-0 से क्लीन स्वीप करने में मदद की।

दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने संन्यास का फैसला लिया, जानें कब खेलेंगे आखिरी मैच



चेन्नई, एजेंसी। भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने बुधवार को घोषणा की कि चेन्नई में इस महीने के आखिर में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट पेशेवर खिलाड़ी के रूप में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) टूर्नामेंट 25 से 30 मार्च तक खेला जाएगा। 42 वर्ष के शरत कमल ने कहा, 'मैने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में खेला था और आखिरी भी चेन्नई में ही खेलूंगा। यह पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा। शरत ने राष्ट्रमंडल खेलों में छह स्वर्ण पदक जीते हैं जबकि एशियाई खेलों में दो कांस्य अपने नाम किए। पिछले साल पेरिस में पांचवां और आखिरी ओलंपिक खेलने वाले इस दिग्गज ने कहा, 'मैने राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में पदक जीते हैं। ओलंपिक पदक मैं नहीं जीत सका। उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि मैं आने वाली युवा प्रतिभाओं के जरिए अपना सपना पूरा कर सकूंगा।

मेरे ऊपर अधिक जिम्मेदारी है

ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद बोले मोहम्मद शमी



दुबई, एजेंसी। मोहम्मद शमी ने स्वीकार किया कि भारत के अकेले प्रमुख तेज गेंदबाज होने के नाते उन पर काफी जिम्मेदारी है लेकिन वह अपनी लय हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम की जरूरतों पर खरे उतर सकें। चोट से उबरकर वापसी करने वाले शमी ने चोटिल जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान हर्षित राणा या हार्दिक पांड्या के साथ नई गेंद संभाली। राणा अभी नए हैं और पांड्या हरफनमौला है जो आम तौर पर वनडे मैच में दस ओवर नहीं डालते। शमी ने अभी तक टूर्नामेंट में 8 विकेट लिए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया पर सेमीफाइनल में चार विकेट से मिली जीत के बाद मिश्रित जोन में कहा, 'मैं अपनी लय फिर हासिल करके टीम के लिए ज्यादा योगदान देने की कोशिश कर रहा हूं। दो विशेषज्ञ तेज गेंदबाज टीम में नहीं है और मेरे ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी है। शमी ने कहा कि बुमराह की गैर मौजूदगी में उनका कार्यभार बढ़ गया है लेकिन वह शत प्रतिशत से ज्यादा देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब आप अकेले मुख्य तेज गेंदबाज हैं और दूसरा हरफनमौला है तो तो कार्यभार रहता है। आपको विकेट लेकर मोर्चे से अगुआई करनी होती है। मुझे इसकी आदत हो गई है और मैं अपना शत प्रतिशत से अधिक देने की कोशिश कर रहा हूं। शमी को विश्व कप 2023 के दौरान टखने में चोट लगी थी और वह लंबे ब्रेक पर रहे। उन्होंने कहा कि अब वह लंबे स्पैल फेंकने की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि किसी को अपनी फिटनेस के बारे में बहुत ज्यादा सोचने की जरूरत है। हमें प्रयास करने होंगे और देखते हैं कि शरीर इसे कैसे लेता है। हम सभी आखिर में मजदूर हैं।

शमी ने कहा, 'मैं अब लंबे स्पैल फेंकने के लिए तैयार हूं। छोटे स्पैल हमेशा आसान होते हैं और सीमित ओवरों के क्रिकेट में यह मायने नहीं रखता कि दस ओवर फेंकने हैं या छह ओवर। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात का भी फायदा मिला है कि भारतीय टीम सारे मैच दुबई में खेल रही है। उन्होंने कहा, 'इससे निश्चित तौर पर फायदा मिला है क्योंकि हम हालात और पिच को बखूबी समझते हैं। एक ही जगह सारे मैच खेलने से फायदा मिला है।

वरुण चक्रवर्ती ने 143 गेंदबाजों को छोड़ा पीछे, रैंकिंग में इतने बड़े उछाल से मचाया हड़कंप



नई दिल्ली, एजेंसी। वरुण चक्रवर्ती ने आर्किटेक्ट की पढ़ाई की है. मगर वो अपनी कामयाबी की इमारत को इंटरनेशनल क्रिकेट की पिच पर खड़े करते दिख रहे हैं. वरुण की उसी काबिलियत का असर है कि अब उनका लोहा आईसीसी ने भी मान लिया है. भारतीय स्पिनर ने आईसीसी की ताजा वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दुनिया के 143 गेंदबाजों को पीछे छोड़ते हुए हड़कंप मचा दिया है. दाएं हाथ के स्पिनर वरुण इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी में खेल रहे हैं, जहां अभी तक मिले 2 मौकों में ही उन्होंने विकेटों का अंबार लगा दिया.

चैंपियंस ट्रॉफी में वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन

वरुण चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अब तक खेले 2 मैचों में 7 विकेट लिए हैं. इन 7 विकेटों में से 5 विकेट एक ही मैच में लिए हैं. इसी के साथ वो टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में भी शामिल हो गए हैं. उनसे ज्यादा विकेट अब सिर्फ न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और हमवतन मोहम्मद शमी के हैं. मगर इन दोनों ने उनसे मुकाबले ज्यादा खेले हैं.

टॉप 100 में पहुंचे वरुण चक्रवर्ती

अब सवाल है कि आईसीसी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में 143 स्थान की छलांग लगाकर वरुण चक्रवर्ती पहुंचे कहां? ऐसा कर भारतीय स्पिनर ने टॉप 100 में एंट्री ले ली है. वरुण चक्रवर्ती अब 97वें स्थान पर पहुंच गए हैं.

वनडे के नंबर वन गेंदबाज महीश तीक्षणा

आईसीसी वनडे गेंदबाजों में टॉप के पोजीशन की बात करें तो श्रीलंका के महीश तीक्षणा 680 रेटिंग पॉइंट के साथ पहले पायदान पर बने हैं. साउथ अफ्रीका के केशव महाराज को 2 स्थान का फायदा हुआ है और वो अब दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं. वहीं न्यूजीलैंड के मैट हेनरी 3 स्थान की उछाल के साथ तीसरे नंबर पर आ गए हैं.



मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता... जीत के बाद आलोचकों पर भड़के गंभीर

नई दिल्ली, एजेंसी। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में एंट्री कर ली है. उसने मंगलवार (4 मार्च) को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए सेमीफाइनल मुकाबले में 4 विकेट से जीत दर्ज की. यह मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया. मैच में विराट कोहली ने 84 रनों की मैच विनिंग पारी खेली. इस शानदार जीत के बाद भारतीय कोच गौतम गंभीर प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए. इस दौरान उन्होंने टीम सेलेक्शन और बैटिंग ऑर्डर को लेकर जवाब दिया. जबकि कुछ सवालों पर वो भड़के भी. साथ ही गंभीर ने इस दौरान कोहली, केएल राहुल का भी सपोर्ट किया.

टीम सेलेक्शन के सवाल पर गंभीर ने कहा, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता. मेरा काम है 140 करोड़ भारतीयों, खिलाड़ी और ड्रेसिंग रूम के साथ वफादार रहना. मुझे नहीं फर्क पड़ता कि लोग क्या बात कर रहे हैं, क्या बोल रहे हैं. उनका क्या एजेंडा है. आखिर में मुझे सिर्फ इसी बात से फर्क पड़ता है कि मैं अपनी नौकरी को लेकर कितना वफादार हूं. क्योंकि इससे मैं शांति से रह सकता हूं. स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल को पांचवें नंबर पर बैटिंग के लिए भेजा जा रहा है. उनके बाद केएल राहुल और हार्दिक पंड्या जैसे प्लेयर आते हैं. अक्षर ने सेमीफाइनल में 27 रनों की अहम पारी खेली. इस ऑर्डर को लेकर गंभीर ने अक्षर का सपोर्ट किया और कहा, मैंने पहले भी कहा है कि लोग क्या कहते हैं मैं इसकी परवाह नहीं करता. मेरा मानना है कि वो क्वालिटी प्लेयर है और यही खास बात है.

लेब्रोन जेम्स ने रचा इतिहास, 50,000 करियर पॉइंट बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने



लॉस एंजिल्स, एजेंसी। तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता लेब्रोन जेम्स 50,000 करियर पॉइंट बनाने वाले इतिहास के पहले एनबीए खिलाड़ी बन गए हैं। 40 वर्षीय लॉस एंजिल्स लेकर्स स्टार ने मंगलवार को न्यू ऑरलियन्स पेलिकन्स के खिलाफ घर पर एनबीए रेगुलर सीजन गेम के दौरान तीन-पॉइंटर स्कोर करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की। न्यू ऑरलियन्स पेलिकन्स के खिलाफ लेकर्स के मैचअप में जेम्स को सिर्फ एक पॉइंट की जरूरत थी। उन्होंने पहले क्वार्टर में 8-34 मिनट शेष रहते लुका डोनसिक फीड से लेफ्ट विंग से तीन-पॉइंटर लगाया। उन्होंने 34 पॉइंट, 8 रिबाउंड और 6 असिस्ट किए, जिससे लेकर्स ने पेलिकन्स पर 136-115 से जीत हासिल की। अमेरिकी खिलाड़ी के संयुक्त स्कोर में अब 41,871 नियमित-सीजन अंक और 8,162 पोस्टसीजन अंक शामिल हैं। वह एनबीए के इतिहास में एक किशोर के रूप में और 40 वर्ष की आयु के बाद खेलने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। पिछले महीने जेम्स एनबीए के इतिहास में 40 या उससे अधिक उम्र में एक खेल में कई 40 से अधिक अंक हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बने। दिग्गज माइकल जॉर्डन एकमात्र अन्य 40 वर्षीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने 40 से अधिक अंक हासिल किए हैं।

रोहित की कप्तानी में भारत चौथी बार आईसीसी फाइनल में



दुबई, एजेंसी। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया चौथी बार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में पहुंच गई है। सबसे पहले यह सिलसिला 2021 में शुरू हुआ था जब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 में पहुंची थी। इसके बाद 2023 वनडे विश्व कप फाइनल और 2024 टी20 विश्व कप फाइनल की बारी आई। अब रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतार चढ़ाव भरे सेमीफाइनल मुकाबले में जीत हासिल करने के बाद रोहित भी खुश दिखे।

रोहित ने मैच की स्थितियों पर बात करते हुए कहा कि आखिरी गेंद फेंके जाने तक कुछ भी निश्चित नहीं था। आधे चरण में हमें लगा कि यह उचित स्कोर है। पिच की प्रकृति आपको शॉट खेलने की इजाजत नहीं देती। हम बल्ले से अच्छे थे। हम अपने लक्ष्य का पीछा करने में शांत और संयमित थे। आज पिच बेहतर दिख रही थी। इसने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में थोड़ा बेहतर खेला। यह अच्छा क्रिकेट खेलने के बारे में है। हमारे पास बहुत सारे अनुभवी लोग हैं। यह कुछ ऐसा है जो मैं चाहता था। हमारे पास 6 गेंदबाजी विकल्प थे साथ ही बल्लेबाजी में गहराई भी। इसका श्रेय उन सभी को जाता है जो टीम बनाने में शामिल थे। उसने कई वर्षों तक ऐसा किया है।

रोहित ने कहा कि जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो हम शांत थे। आखिर में हार्दिक के वो शॉट अहम थे। जब आप फाइनल में होते हैं, तो आप चाहते हैं कि सभी खिलाड़ी फॉर्म में हों। इन सभी लोगों ने प्रभाव डाला है और इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिला है। अगले सेमीफाइनल में दोनों अच्छी टीमें हैं। हम इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचेंगे। यह बहुत दबाव वाला टूर्नामेंट है। अब हम कुछ समय आराम करेंगे और फिर फाइनल के बारे में सोचेंगे।

इससे पहले विराट कोहली ने भी मुकाबले को दबाव वाला बताया था। प्लेयर ऑफ द मैच बनने के बाद विराट ने कहा कि यह मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे दिन के समान ही था। यह परिस्थितियों को समझने और स्ट्राइक रोटेट करने के बारे में है क्योंकि इसकी पिच पर साझेदारियां महत्वपूर्ण होती हैं। यह सब परिस्थितियों पर निर्भर करता है। आज भी ऐसा किया। इसे समझकर अपनी पारी खेली। मेरी टाइमिंग, क्रीज पर मेरा संयम ठीक रहा। मैं जल्दबाजी में नहीं था।

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली में कैसा चल रहा है यमुना सफाई का काम? खुद निरीक्षण करने पहुंचे प्रवेश वर्मा




नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की नई सरकार यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में काम कर रही है। भाजपा सरकार ने इसे लेकर ऐक्शन प्लान बनाया है जिसपर काम भी शुरू हो चुका है। इसी बीच दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने बुधवार को सफाई की निरीक्षण किया। उन्होंने यमुना सिग्नेचर ब्रिज से आईटीओ छठ घाट और ओखला बैराज तक यमुना की सफाई का निरीक्षण किया। इसकी जानकारी खुद उन्होंने ट्विटर पर दी। वीडियो में वे अधिकारियों से सफाई को लेकर सवाल भी पूछते दिख रहे हैं। सरकार ने तीन साल में यमुना को साफ करने का लक्ष्य रखा है। केंद्र सरकार ने एक यमुना मास्टर प्लान तैयार किया है और इसे जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा ताकि दिल्ली में नदी को मिशन मोड पर साफ किया जा सके। दिल्ली विधानसभा चुनाव में यमुना की सफाई भाजपा का एक प्रमुख चुनावी वादा रहा। चुनाव प्रचार के दौरान यह आप और भाजपा के बीच मुख्य राजनीतिक विवाद का विषय भी रहा। इंडिया टुडे को सूत्रों ने बताया कि यमुना मास्टर प्लान के लिए जल शक्ति मंत्रालय ने गुजरात के साबरमती रिवर फ्रंट का निर्माण करने वाले विशेषज्ञों से सलाह ली है। इसके अलावा, मंत्रालय ने कुछ बैठकें भी की हैं।

दिल्ली के किन-किन फ्लाईओवर को मरम्मत की दरकार, टीम करेगी 102 की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में मौजूद 102 फ्लाईओवरों का निरीक्षण करने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने पांच टीमों को तैनात किया है। यह टीमें अगले दो दिन इस बात का निरीक्षण करेंगी की किस फ्लाईओवर में किस तरह का मरम्मत कार्य किया जाना है। विभाग ने मंगलवार को इसे लेकर आदेश जारी किया। पिछले हफ्ते इसे लेकर मंत्री प्रवेश वर्मा के साथ अधिकारियों की बैठक हुई थी। ऐसे में अब विभाग ने आदेश जारी करके कहा है, टीमों को दो दिनों के अंदर उन्हें आवंटित फ्लाईओवरों का निरीक्षण पूरा करना होगा और 6 मार्च को दोपहर 12 बजे तक चीफ इंजीनियर (फ्लाईओवर) को फ्लाईओवर-वाइज रिपोर्ट सौंपनी होगी। आदेश में कहा गया है कि चीफ इंजीनियर (फ्लाईओवर) उसी दिन शाम छह बजे तक रिपोर्ट कंपाइल (संकलित) कर पीडब्ल्यूडी सचिवालय को कार्रवाई शुरू करने के लिए भेजेंगे। इसमें उल्लेख किया गया है कि विशेष सचिव निरीक्षण कार्य की निगरानी करेंगे।

12 महीने में समतल हो जाएगा भलस्वा लैंडफिल साइट? दिल्ली सरकार ने तय की डेडलाइन

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने भलस्वा लैंडफिल साइट को समतल करने के लिए 12 महीने की समयसीमा तय की है। हालांकि इसके पूरा होने में कई चुनौतियां हैं क्योंकि पांच साल पहले शुरू हुई इस परियोजना को कई बार समयसीमा में रीविजन और देरी का सामना करना पड़ा है। परियोजना की देखरेख कर रहे दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारियों ने कहा कि तीन लैंडफिल साइटों- ओखला, भलस्वा और गाजीपुर में 2019 में कुल मिलाकर 24 मिलियन टन कचरा जमा था और कचरे को बायोमाइन करने की प्रगति धीमी है। एमसीडी की स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर 2024 तक बायोमाइनिंग के जरिए 14.8 मिलियन टन पुराने कचरे को साफ किया गया था, लेकिन फ्रेश वेस्ट की डंपिंग जारी रहने से कुल कचरा 16.15 मिलियन टन ही रह गया। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के आधार पर 2019 में तीन डंप साइटों की बायोमाइनिंग शुरू की गई थी, लेकिन इसकी डेडलाइन में कई बार रिवीजन और एक्सटेंशन हुआ। अधिकारियों को दी गई लेटेस्ट डेडलाइन के अनुसार, एमसीडी की योजना दिसंबर 2028 तक गाजीपुर, भलस्वा



और ओखला लैंडफिल साइटों को साफ करने की है। अनुमान के अनुसार, वर्तमान में भलस्वा में लगभग 5 मिलियन टन कचरा है। निर्माण अपशिष्ट जैसे विभिन्न कंपोनेंट को अलग किया जाता है- बोल्डर, मिट्टी के अंश, कार्बनिक पदार्थ और ज्वलनशील पदार्थ, जैसे प्लास्टिक, कपड़े आदि। मिक्स कचरे को ट्रॉमेल मशीनों के जरिए पास किया जाता है जो सिलिंड्रिकल घूमने वाली छलनी के रूप में कार्य करती है। एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ट्रॉमेलिंग से 60-70त्न निष्क्रिय सामग्री और 10-15त्न आरडीएफ ज्वलनशील पदार्थ अलग हो जाते हैं, जबकि बाकी को निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट माना जाता है। एमसीडी के पास तीनों जगहों पर 58 ट्रॉमेल हैं। एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि फ्रेश वेस्ट का लगातार डंप होना तथा स्थायी समिति का गठन न होना बायोमाइनिंग परियोजना के सामने आने वाली प्रमुख बाधाएं हैं तथा प्रारंभिक चरण में स्थान की कमी, वित्त पोषण तथा बायोमाइनिंग द्वारा उत्पादित सामग्रियों के निपटान में प्रारंभिक बाधाओं के कारण परियोजना में देरी हुई।

दिल्ली के ब्रह्मपुरी इलाके में मस्जिद के अवैध विस्तार का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली के ब्रह्मपुरी इलाके में अल मतीन मस्जिद के कथित अवैध विस्तार के आरोप सामने आने के बाद माहौल गर्म है। वहीं इस विवाद में दिल्ली पुलिस ने अपनी जांच रिपोर्ट सबमिट की है। पुलिस का कहना है कि स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद निर्माण का काम रोक दिया गया है। इतना ही नहीं मस्जिद कमेटी को दिल्ली नगर निगम की ओर से नोटिस भी जारी किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि गली नंबर-12 में लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस की पहरेदारी बढ़ा दी गई है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार गश्त कर रही है।



पुलिस अधिकारी ने बताया कि 3 मार्च रात को इलाके में पत्थरबाजी और हंगामे की घटना होने की एक शिकायत न्यू उस्मानपुर थाने को दी गई थी। इस शिकायत पर गली नंबर-12 में रहने वाले 21 लोगों ने हस्ताक्षर किए थे, जिस पर कार्रवाई करते हुए एसएचओ उस्मानपुर मौके पर पहुंचे और तथ्यों की जांच की। उन्होंने इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज भी देखे लेकिन पत्थरबाजी और हंगामे की घटना की पुष्टि नहीं हुई। शिकायत में बताए गए समय और तारिख पर किसी अप्रिय घटना को लेकर कोई पीसीआर कॉल करने की सूचना भी नहीं मिली है।

बता दें कि बीते 13 फरवरी को उत्तर पूर्वी जिला पुलिस को एक शिकायत मिली। इसमें गली नंबर 12 में मौजूदा मस्जिद के बगल में विस्तार के तौर पर अवैध/अनधिकृत निर्माण का आरोप लगाया गया था। जांच में तथ्य सामने आए कि अल मतीन मस्जिद का निर्माण 2013 में गली नंबर 13, ब्रह्मपुरी में किया गया था। 2023 में मस्जिद के ट्रस्टियों ने गली नंबर 12 ब्रह्मपुरी में एक और बगल की जमीन खरीदी और अल मतीन मस्जिद का विस्तार का काम शुरू किया। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने पीसीआर कॉल की। पुलिस मौके पर पहुंची और काम को बंद करवा दिया। अल मतीन मस्जिद के ट्रस्टियों ने इस निर्माण के संबंध में 23 नवंबर 2024 को दिल्ली नगर निगम में अनुमति प्राप्त की और फरवरी 2025 में फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने इसको लेकर शिकायत दी, जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। जांच में पता चला कि निर्माण कार्य अल मतीन वेलफेयर सोसाइटी मौजूदा ढांचे के अनुलग्नक के रूप में कर रही है। उनके पास दिल्ली नगर निगम की अनुमति भी है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब्दुल को किया गया था ब्रेनवॉश

नई दिल्ली, एजेंसी।
फरीदाबाद के पाली से गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान को राम मंदिर पर हमले का टारगेट दिया गया था। अयोध्या के ही रहने वाले 19 साल के अब्दुल रहमान को इस हमले के लिए पूरी तरह तैयार कर दिया गया था। ब्रेनवॉस, महीनों ट्रेनिंग और अब दो ग्रेनेड देकर उसे नापाक मंसूबे को अंजाम देने के लिए भेजा जा रहा था। अयोध्या के लिए निकलने से पहले ही गुजरात एटीएस ने उसे दबोच लिया।

पूछताछ में यह बात सामने आई है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आरोपी को आतंकी घटना को अंजाम देने के लिए उसका ब्रेनवॉश किया गया था। अयोध्या के मिल्कीपुर में दुकान चलाने वाला अब्दुल रहमान राम मंदिर की लंबे समय से रेकी कर रहा था। गुजरात एटीएस के हत्थे चढ़े अब्दुल ने खुलासा किया कि राम मंदिर को उड़ाने की साजिश आतंकी संगठनों ने रची थी।

आईएस के इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस मॉड्यूल से जुड़ा अब्दुल रहमान नाम बदलकर बड़ी साजिश रच रहा था। उसने वीडियो कॉल पर ट्रेनिंग ली थी। वह दिल्ली के निजामुद्दीन मरकज में भी काफी समय बिताया था। एजेंसियां यह पता लगा रही हैं कि इस दौरान वह किस-किसके संपर्क में रहा।

निशाने पर राम मंदिर के अलावा भी अन्य कई धार्मिक स्थल भी थे। अब्दुल रहमान के मोबाइल में कई अन्य धार्मिक स्थलों की फोटो और वीडियो मिले हैं। जिसे लेकर उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। सूत्रों ने बताया है कि सुरक्षा एजेंसियां राम मंदिर और आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगालेगी। पता किया जा रहा है कि राम मंदिर की रेकी के अलावा वह जहां-जहां गया उसके साथ कौन-कौन मौजूद था। अब्दुल रहमान के फरीदाबाद पहुंचने का राज सीसीटीवी कैमरा खोलेगा। जांच में जुटी गुजरात एटीएस और पलवल एसटीएफ की टीम अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अलावा पाली में मौका स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

बॉलीवुड स्टाइल में गार्ड को बनाया बंधक

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में दो नाबालिगों ने एक युवती के साथ मिलकर करोड़ों रुपये के डिजाइनर लहंगे चोरी कर लिए। घटना एक मार्च की रात फतेहपुर बेरी इलाके में स्थित ब्राइडल बुटीक में हुई थी। जांच में सामने आया कि नाबालिग ने अपने दोस्त और महिला मित्र के साथ मिलकर फिल्मी अंदाज में सुरक्षाकर्मी को बंधक बनाकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अचिन गर्ग ने बताया कि एक मार्च की रात करीब ढ़ाई बजे पुलिस को ब्राइडल बुटिक में चोरी की सूचना मिली थी।

इंस्पेक्टर राजेश शर्मा टीम के साथ त्रिवेणी हट फार्म हाउस पहुंचे। सुरक्षाकर्मी ने बताया कि दो युवक और एक युवती देर रात उसके पास आए थे। युवती ने खुद को फार्म हाउस मालिक आशीष बत्रा का रिश्तेदार बताकर बाथरूम का इस्तेमाल करने की बात कही थी।

अरावली ग्रीन परियोजना से सुधरेगा इकोसिस्टम, पहले चरण में आठ लाख हेक्टेयर क्षेत्र पर होगा काम

नईदिल्ली, एजेंसी।
केंद्र ने अपनी महत्वाकांक्षी अरावली ग्रीन वाल परियोजना के पहले चरण में आठ लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में बिगड़े हुए इकोसिस्टम को सुधारने की योजना बनाई है। इस परियोजना के तहत उत्तर पश्चिम भारत में अरावली पर्वत श्रृंखला के चारों ओर हरित बफर क्षेत्र विकसित करना है। यह पहल भारत के जलवायु लक्ष्य को हासिल करने में अहम होगी।

सरकार अनुमानित 16,053 करोड़ रुपये खर्च कर सकती है

अरावली जीर्णोद्धार की कार्ययोजना के अनुसार सरकार पहले चरण में सरकार अनुमानित 16,053 करोड़ रुपये खर्च कर सकती है। इस परियोजना का उद्देश्य भूक्षरण और थार रेगिस्तान के पूर्व की ओर विस्तार को नियंत्रित करना है।

गुजरात से दिल्ली तक 700 किलोमीटर तक फैली अरावली पर्वतमाला मरुस्थलीकरण के विरुद्ध प्राकृतिक अवरोध का काम



करती है, जो थार रेगिस्तान के विस्तार को रोकती है तथा दिल्ली, जयपुर और गुरुग्राम जैसे शहरों की रक्षा करती है।

भारत की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला अरावली, चंबल, साबरमती और लूनी जैसी महत्वपूर्ण नदियों का स्त्रोत है। इसके जंगल, घास के मैदान और आ?र्द्रभूमि लुप्तप्राय पौधों और जानवरों की प्रजातियों को आश्रय देते हैं। हालांकि, वनों की कटाई, खनन और अतिक्रमण के कारण मरुस्थलीकरण की स्थिति भयावह होती जा रही है, भूजल को नुकसान पहुंच रहा है, झीलें सूख रही हैं तथा वन्यजीवों को जीवित रखने की इस क्षेत्र की क्षमता कम हो रही है। इन समस्याओं से निपटने के लिए सरकार ने मार्च 2023 में अरावली ग्रीन वॉल पहल शुरू की। इस परियोजना का उद्देश्य गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में 64.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में पांच किलोमीटर चौड़ी पट्टी के रूप में हरित पट्टी बफर जोन स्थापित करना है। इस बफर जोन के अंतर्गत आने वाली करीब 42 प्रतिशत (27 लाख हेक्टेयर) जमीन क्षरित है। इसके मुताबिक कुल क्षरित भूमि का 81 प्रतिशत राजस्थान में, 15.8 प्रतिशत गुजरात में, 1.7 प्रतिशत हरियाणा में तथा 1.6 प्रतिशत दिल्ली में है। भूमि क्षरण ऐसी प्रक्रिया है जिसमें भूमि की उत्पादक क्षमता कम हो जाती है।

पिछले साल की शुरुआत से सूडान में 200 से अधिक बच्चों से बलात्कार हुआ : यूनिसेफ

काहिरा, एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र बाल एजेंसी 'यूनिसेफ' ने बताया कि संघर्ष-ग्रस्त सूडान में 2024 की शुरुआत से एक साल की उम्र तक के बच्चे बलात्कार का शिकार हुए हैं। 'यूनिसेफ' के अनुसार, यौन हिंसा का इस्तेमाल युद्ध की रणनीति के रूप में किया जा रहा है। 'यूनिसेफ' ने बताया कि उत्तर अफ्रीकी देश में लिंग आधारित हिंसा के विषय में काम करने वाली संस्थाओं द्वारा संकलित रिकॉर्ड के अनुसार, सशस्त्र बलों ने लड़कों सहित 221 बच्चों से बलात्कार किया। सूडान में युद्ध की शुरुआत अप्रैल 2023 में सेना और उसके प्रतिद्वंद्वी अर्द्धसैनिक 'रैपिड सपोर्ट फोर्स' के बीच खार्तूम में लड़ाई से हुई जो देश भर में फैल गई। तब से कम से कम 20,000 लोग मारे गए हैं, हालांकि यह संख्या कहीं अधिक होने की आशंका है। युद्ध के कारण 1.4 करोड़ से अधिक लोग अपने अपने घरों को छोड़ने पर मजबूर हुए और देश के कुछ हिस्से भूखमरी की कगार पर हैं। अधिकार समूहों का कहना है कि यौन हिंसा और जबरन बाल विवाह सहित अत्याचार दोनों पक्षों द्वारा किए गए हैं। 'यूनिसेफ' ने पिछले महीने बताया था कि युद्ध शुरू होने के बाद से अनुमानित 61,800 बच्चे आंतरिक रूप से विस्थापित हुए हैं। 'यूनिसेफ' ने कहा कि बच्चों के साथ बलात्कार के मामलों में 30 प्रतिशत से अधिक पीड़ित लड़के थे। पीड़ितों में पांच वर्ष से कम उम्र के 16 बच्चे और चार शिशु शामिल हैं। ये मामले गदारेफ, कसाला, गेजेरा, खार्तूम, रिवर नाइल, नॉर्दर्न स्टेट, साउथ कोर्दोफन, नॉर्थ दारफुर और वेस्ट दारफुर राज्यों में दर्ज किए गए। 'यूनिसेफ' की प्रवक्ता टेस इनग्राम ने 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को बताया कि बलात्कार के शिकार हुए 221 बच्चों में से 73 मामले संघर्ष से संबंधित थे और 71 इससे संबंधित नहीं थे जबकि अन्य अज्ञात थे। यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने रिपोर्ट में कहा कि बलात्कार सहित यौन हिंसा का इस्तेमाल ''युद्ध की रणनीति के रूप में किया जा रहा है'' जो अंतरराष्ट्रीय कानून और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े कानूनों का उल्लंघन है। महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा का दस्तावेजीकरण करने वाला गैर-लाभकारी संगठन 'एसआईएचए नेटवर्क' ने पिछले महीने कहा था कि युद्ध शुरू होने के बाद से संघर्ष से संबंधित यौन हिंसा के लगभग 23 प्रतिशत मामले लड़कियों से जुड़े थे।

आखिरकार नौ महीने बाद धरती पर लौटेंगी सुनीता विलियम्स और उनका साथी

वाशिंगटन , एजेंसी। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के दो अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनीता (सुनी) विलियम्स अंतरिक्ष में नौ महीने बिताने के बाद आखिरकार धरती पर लौटने वाले हैं। बुच विल्मोर और भारतीय मूल की विलियम्स को अगले सप्ताह तक उनकी जगह अन्य अंतरिक्ष यात्री के आने तथा उसके अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने तक इंतजार करना होगा। उसके बाद ही वे इस महीने के अंत में अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर निकल सकेंगे। वे अपने 'स्पेसएक्स राइड होम में दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ शामिल होंगे। मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान विल्मोर ने कहा कि राजनीति जीवन का हिस्सा है, लेकिन इसने उनकी और विलियम्स की वापसी में कोई भूमिका नहीं निभाई। हालांकि, 'स्पेसएक्स कैप्सूल में बदलाव के कारण उनकी वापसी का समय कुछ हफ्ते और बढ़ गया। अमेरिका के



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और 'स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने जनवरी के अंत में कहा था कि वे अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी में तेजी लाना चाहते हैं। विलंब के लिए उन्होंने पिछले प्रशासन को दोषी ठहराया। विलियम्स ने एक प्रश्न के उत्तर में मस्क के हाल के उस आह्वान पर आपत्ति जताई जिसमें उन्होंने 2031 में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को कक्षा से बाहर निकालने के नासा के प्रस्तावित 'डिऑर्बिट अभियान की प्रतीक्षा करने के बजाय, दो वर्षों में ही अंतरिक्ष स्टेशन को बंद करने की बात कही थी। उन्होंने परिक्रमा करने वाली प्रयोगशाला में किए जा रहे सभी वैज्ञानिक अनुसंधानों का उल्लेख किया। 'डिऑर्बिट करने की योजना के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) को पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से लाकर उसे पूरी तरह से जला देना और मलबे को महासागर में गिराना शामिल है।

यह वाकई अद्भुत है, इसलिए मैं कहूंगी कि हम अभी अपने चरम पर हैं। विलियम्स तीन बार अंतरिक्ष स्टेशन में रह चुकी हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि अभी शायद यह कहने का सही समय नहीं है कि सब कुछ छोड़ दिया जाए। विलियम्स ने कहा कि वह अपने पालतू कुत्तों लैब्राडोर रिट्रीवर्स से फिर से मिलने का और इंतजार नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा कि अप्रत्याशित रूप से लंबे समय तक अंतरिक्ष स्टेशन में रहने पर सबसे कठिन दौर का उनके परिवारों ने सामना किया है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने लंदन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री, मंत्रियों से की वार्ता

लंदन, एजेंसी।
विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार शाम यहां ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के साथ उनकी मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग तथा रूस-यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन के दृष्टिकोण संबंधी मुद्दे रहे।

जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''हमारे द्विपक्षीय, आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने और एक दूसरे के यहां लोगों की आवाजाही बढ़ाने पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन के दृष्टिकोण को भी साझा किया।''

इससे पूर्व मंगलवार को विदेश मंत्री (ईएएम) ने अपनी छह दिवसीय यात्रा के पहले दिन ब्रिटेन और आयरलैंड की यात्रा के दौरान मंत्रिस्तरीय वार्ताएं कीं। उन्होंने मंगलवार को ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स और गृह मंत्री यवेट कूपर के साथ भी भेंटवार्ता की।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ब्रिटेन और आयरलैंड के साथ द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए मंगलवार को लंदन पहुंचे और इसी के साथ उनकी छह दिवसीय यात्रा शुरू हो गई। यात्रा से पहले एक बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की यात्रा से दोनों देशों के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंध नवीनीकृत होंगे।



विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी है, जो रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित विविध क्षेत्रों में मजबूत हुई है। द्विपक्षीय संबंधों और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा बैठक के बाद विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर के साथ उनकी मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग के अलावा रूस-यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन के दृष्टिकोण संबंधी मुद्दे रहे। डॉ. एस. जयशंकर ने मुलाकात के दौरान हुई चर्चा के संदर्भ में एक्स पर लिखा, हमारे द्विपक्षीय, आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने और लोगों के बीच आदान-प्रदान बढ़ाने पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन के दृष्टिकोण को भी साझा किया।

बाद में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अपने ब्रिटिश समकक्ष डेविड लैमी से मुलाकात की और आगे की चर्चा के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने लैमी के साथ भारत से आए उत्कृष्ट शोध-छात्रों से भी मुलाकात की। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि यह हमारी प्रतिभा और लोगों के बीच आदान-प्रदान की एक ज्वलंत अभिव्यक्ति है और ये विद्वान निश्चित रूप से भारत-ब्रिटेन संबंधों के महान समर्थक हैं।

चीन में निजी कंपनियों का कर्मचारियों को सख्त अल्टीमेटम- सितंबर तक शादी करो या नौकरी छोड़ो !

बीजिंग , एजेंसी।
चीन में गिरती जन्मदर को लेकर सरकार की चिंता बढ़ती जा रही है, लेकिन अब इस दबाव का असर निजी कंपनियों पर भी दिखने लगा है। हाल ही में एक केमिकल कंपनी ने अपने कर्मचारियों को शादी करने और परिवार बसाने का अल्टीमेटम दे दिया। कंपनी के नोटिस के मुताबिक जो कर्मचारी 30 सितंबर तक शादी नहीं करेंगे, उन्हें नौकरी से हटा दिया जाएगा।

इस अजीबोगरीब फैसले के तहत 28 से 58 वर्ष के अविवाहित और तलाकशुदा कर्मचारियों को जल्द शादी करने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया पर यह फरमान तेजी से वायरल हुआ और लोगों ने इसे व्यक्तिगत जीवन में अनावश्यक दखल करार दिया। हालांकि, चीनी सरकारी मीडिया ने इसे 'संस्कारी विवाह को बढ़ावा देने वाला कदम' बताया। 2023 में सिर्फ 61 लाख जोड़ों ने शादी की जो 2022 की तुलना में 20त्न कम * है। यह 1986 में सरकारी आंकड़े जारी होने के बाद से अब तक का सबसे निचला स्तर है। लगातार तीन वर्षों से चीन की जनसंख्या घट रही है जिससे सरकार अब कठोर कदम उठा रही है।

सरकारी अधिकारियों द्वारा महिलाओं से गर्भधारण की योजनाओं के बारे में पूछताछ की जा रही है। प्रेग्नेंसी को बढ़ावा देने वाले प्रचार भी चलाए जा रहे हैं। वहीं, कुछ कंपनियां शादी में पारंपरिक दहेज (ब्राइड प्राइस) की मांग न करने और कम मेहमान बुलाने जैसे नियम भी लागू कर रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार सीधे आदेश जारी करने की बजाय कंपनियों के जरिए सामाजिक दबाव बना रही है। चीनी नारीवादी एक्टिविस्ट लू पिन के अनुसार, यह तरीका सरकार के लिए कम खर्चीला और कम जोखिमभरा है, जिससे वह जवाबदेही से भी बच सकती है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

बीएसएल में कार्यरत महिला कर्मियों के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन







नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

















बोकारो। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 08 मार्च को मनाया जाता है. इस वर्ष ,अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2025 की थीम 'एक्सिलेटर एक्शन' महिलाओं के अधिकारों को तेजी से सुनिश्चित करने पर जोर देती है. इस पृष्ठभूमि में बीएसएल में कार्यरत महिला कर्मियों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन लगातार जारी है जिसके माध्यम से इस मुहीम को आगे ले जाने में बीएसएल अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहा है. इसी क्रम में बोकारो स्टील प्लांट में महिला समिति संचालित स्वावलंबन केंद्र में कार्यरत महिला कर्मियों के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन तथा ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में महिलाओं के अधिकारों के विषय पर 'आकांक्षा' नामक एक टॉक शो का आयोजन किया गया. 'सुडोकू', 'गोलमाल है' तथा 'खेलकूद' एवं 'उड़ान' जैसे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. 'सुडोकू' प्रतियोगिता प्रतिभागियों के संख्यात्मक और तार्किक कौशल पर आधारित थी तथा 'गोलमाल है' प्रतियोगिता रोचक और हल्की-फुल्की गतिविधियों व खेलों के माध्यम से अंतर-टीम संचार और एकजुटता को बढ़ावा देने का एक प्रयास था. बोकारो स्टील की महिला प्रतिभागियों की भागीदारी के साथ 'सुडोकू' और 'गोलमाल है' तथा खेलकूद एवं उड़ान प्रतियोगिता महिला कार्मिकों के लिए एक बड़ा ही रोचक कार्यक्रम रहा. 'गोलमाल है' प्रतियोगिता में सुश्री चित्रा पराशर, सुश्री प्रीति कुमारी तथा प्रेरणा कुमारी की टीम को प्रथम स्थान, सुश्री आभा कुमारी, सुश्री स्नेहलता तथा सुश्री संगीता धर की टीम को द्वितीय स्थान एवं सुश्री आयुषी कुमारी, सुश्री भवानी हांसदा तथा सुश्री शालिनी प्रसाद की टीम को तृतीय स्थान मिला. बीएसएल में कार्यरत महिला कर्मियों के लिए आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के 100 मीटर दौड़ में सुश्री नीता को प्रथम, डॉ नन्दा प्रियदर्शनी को द्वितीय तथा सुश्री बबिता कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. नीडल एवं थ्रेड रेस में सुश्री बबिता कुमारी को प्रथम, सुश्री सीता सिंह को द्वितीय तथा सुश्री देवाश्री टोप्पो को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. डिस्कस थ्रो में सुश्री बबिता कुमारी ने प्रथम, सुश्री देवाश्री टोप्पो ने द्वितीय तथा सुश्री नीता बा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. दैनिक जीवन की चुनौतियों और महिलाओं पर मल्टीटास्किंग की ज़िम्मेदारी के बदलते परिदृश्य में, इन आयोजनों ने प्रतिभागियों को समूह कार्यों को पूरा करने के लिए साझा अपेक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करने, एक-दूसरे का सहयोग करने, टीम वर्क और साथ मिलकर आगे बढ़ने का संदेश दिया.

रोटरी क्लब ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रोटरी क्लब चास द्वारा पीपीएच कार्यक्रम के तहत आम लोगों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की गई। जांच शिविर बायपास रोड स्थित डीएस प्लाजा में लगाया गया। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि अब लोग स्वास्थ्य के प्रति अधिक शिक्षित और जागरूक हो रहे हैं। जांच शिविर में डॉक्टर सुमन ने कहा कि किसी बीमारी का इलाज करने की तुलना में उसे रोकना बेहतर होता है। इसलिए नियमित जांच जरूरी है। डॉक्टर सुमन ने कहा कि नियमित जांच बेहतर परिणाम और लंबी उम्र में योगदान देता है । डॉ श्रवण ने जांच करते हुए कहा कि लोग समस्याओं होने पर डॉक्टर के पास जाते हैं। लेकिन नियमित जांच से समस्या का निदान संभव है। डॉ श्रवण ने कहा है कि समग्र स्वास्थ्य के लिए नियमित जांच आवश्यक है, लेकिन अक्सर इसे हम अनदेखा कर देते हैं नियमित जांच से समस्याओं का जल्द पता चल जाता है। कार्यक्रम के संयोजक भवनीत सिंह बिंद्रा ने कहा कि उम्र बढ़ाने के साथ नियमित जांच आवश्यक हो जाती है और नियमित जांच का प्रकार भी बदल जाता है। भवनित बिंद्रा ने कहा, बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित जांच को अनदेखा नहीं करना चाहिए। सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य जांच अभियान के तहत यह चौहदवा जांच शिविर है। मुकेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 60 लोगों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की गई। कई लोगों में मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या पाई गई। उन्हें चिकित्सीय सलाह भी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय बैद,पूजा बैद, डिंपल कौर, मंजीत सिंह, ललिता चोपड़ा, जसप्रीत कौर, शैल रस्तोगी, श्वेता रस्तोगी, हरबंस सिंह, प्रेम कुमार, मनोज चौधरी,बिनय सिंह, का सराहनीय योगदान रहा।

एनसीटीई विनियम 2025 को लेकर शिक्षक संघ ने जताई चिन्ता

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शिक्षक यूनियन को नई एनसीटीई विलियम 2025 के संबंध में कुछ चिंताएं हैं, जो उन्होंने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद को भेजा है। शिक्षक यूनियन का कहना है कि मौजूदा प्रस्तावित विनयम 2025 में किसी भी एकल शिक्षा संस्थान को समग्र शिक्षा संस्थान में परिवर्तन करने के लिए बहुत जटिल प्रक्रिया बताई गई है, जिसकी वजह से कोई भी एकल शिक्षा संस्थान का समग्र शिक्षा संस्थान में परिवर्तित होना बहुत मुश्किल होगा।

उनका कहना है कि इस प्रक्रिया को थोड़ा आसान किया जाना चाहिए। उनका यह भी कहना है की जांच इकाई से अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग अनुचित है क्योंकि सभी मौजूदा शिक्षा संस्थानों ने पहले ही एनओसी प्राप्त कर ली है। उनका यह भी कहना है कि विनियम 7(आवेदनों का प्रसंस्करण उपखंड 3) के तहत संबंधित राज्य सरकार से सिफारिश या टिप्पणियां प्राप्त करना अनिवार्य है जो कि मौजूदा अध्यापक शिक्षा संस्थान के लिए अनावश्यक है। उनका यह भी कहना है की प्रस्तावित विनियम का खंड आठ स्पष्ट करता है कि योग्य संकाय सदस्यों की नियुक्ति को सुगम बनाने के लिए एल ओ आई की एक प्रति जांच निकाय को भी भेजी जाएगी, जो की खंड संस्था को दिए गए अधिकार के विरुद्ध है क्योंकि यह संस्था के संकाई सदस्यों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति के अधिकार का अतिक्रमण करता है ।

मौजूदा प्रस्तावित विनियम में यह स्पष्ट नहीं है कि क्या सभी सदस्यों को नए सिरे से माना जाएगा और उन्हें विनियम 5 खंड दो उपखंड ए से एन में दिए गए सामान चरणों का पालन करना होगा क्योंकि यह मूल्यवान मानव और वित्तीय संसाधनों की बबार्दी होगी क्योंकि इसमें से अधिकांश कार्य की पूर्ण आवृत्ति होगी। विनियम 8 खंड खंड 4 के अनुसार निजी पक्षों से पत्ते पर ली गई भूमि पर विचार नहीं किया जाएगा इस खंड के स्वाभाविक परिणाम के रूप में कई संस्थान पट्टे पर चलाने और प्रबंधित करने का इरादा रखते हैं जो निजी पक्षों के हैं और इस प्रकार उच्च शिक्षा की संस्था स्थापित करना आसान हो जाता है, जो की एक अच्छी शिक्षा दे पाए परंतु यह विनियम प्रस्तावित होने के बाद उन्हें नए संस्थान खोलने से रोक दिया जाएगा क्योंकि यह खंड एक बड़ी बाधा के रूप में आएगा। विनियम 10 खंड 1 उपखंड 2 के अनुसार सुरक्षा जमा पर अर्जित ब्याज परिषद को जमा किया जाएगा और यह राशि परिषद द्वारा एनसीटीई के कामकाज के लिए उपयोग किया जाएगा। यह खंड संस्था को ब्याज का लाभ लेने से रोकता है और यह छोटी राशि संस्था के लिए कुछ काम आ सकती थी जो गैर सहायता प्राप्त स्ववित्त पोषित और निजी है।

इसी विनियम के उपखंड तीन मैं यह विनियमित किया गया है की सुरक्षा जमा राशि एनसीटीई के खाते में ऑनलाइन मोड़ के माध्यम से जमा की जानी चाहिए जो पहले की प्रथम नहीं थी। तथा सुरक्षा जमा या बंदोबस्ती निधि पहले संस्था और एनसीटीई के संयुक्त संचालक में होती थी। इसके द्वारा अनुरोध किया जाता है कि पहले की प्रथा को जारी रखने की अनुमति दी जानी चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

32 दिव्यांगों का निःशुल्क हेयर कटिंग

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बुधवार को पंख एक नई दिशा के द्वारा मदर टेरेसा, मेमको मोड़ में आर लॉन्च की मदद से 32 लोगों का हेयर कटिंग करवाया गया। संस्था के इस अभियान में मंदबुद्धि बच्चों, बुजुगों एवं



महिलाओं को हेयर कटिंग ट्रीमिंग,हेयर निःशुल्क कराया गया। हमारी संस्था के सभी सदस्य हमेशा एक ऐसी जगह जाते हैं जहां बहुत से लोगों को इस प्रकार की सेवाएं नहीं मिल पाती है वहां पर संस्था के सभी सदस्य जा कर सेवा सम्मान देते है। जरूरतमंद लोगों तक सेवा पहुंचाना हमारा प्राथमिक मकसद है। संस्था की उपाध्यक्ष नम्रता गुप्ता का इस अभियान में सराहनीय योगदान रहा। साथ में महा सचिव सुधा गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुषमा प्रसाद, सहसचिव मनीष गुप्ता,सचिव शशि शेखर गुप्ता ,रविशेखर और आर लॉन्च के राकेश यादव और पुरी टीम का बहुत बहुत धन्यवाद ।

वाहन जांच अभियान में वसूला गया साढ़े तीन लाख जुर्माना

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। चास मुफ्फसिल थाना एवं राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बालीडीह टॉल प्लाजा पर परिवहन विभाग द्वारा बुधवार को चलाएं गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 15 वाहनों से 03.50 लाख का जूमार्ना वसूल किया गया। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर द्वारा जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 15 वाहन से 03.50 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 40 वाहनों की जांच की गई, जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल सहित ट्रैक्टर का निबंधन फेल होने को लेकर 15 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया एवं कुछ वाहनों को सीज किया गया।



शिकायत निवारण समिति की बैठक में आयुष्मान व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना को लेकर कई निर्णय

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक की गई। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न डॉ सहित अन्य उपस्थित



थे। जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक में 16 प्राइवेट अस्पतालों को चिन्हित किया गया था, जिसमें से 05 अस्पताल सक्रिय है तथा 10 असूचीबद्ध कर दिया गया है। एक अस्पताल निलंबित है। इन सभी 16 अस्पतालों में इलाज संबंधित जो त्रुटियां एन ए एफ यू द्वारा चिन्हित किया गया था उस पर बैठक में चर्चा हुई। सक्रिय 05 अस्पतालों में से 01 अस्पताल पर आर्थिक दंड लगाया गया तथा बाकी 04 अस्पतालों को ध्यान से कार्य करने कि चेतावनी दी गई। निलंबित अस्पतालों में से उन अस्पतालों को चिन्हित किया गया था जिनका आर्थिक नहीं किया गया था उसे पुनः कराने हेतु परामर्श देने पर चर्चा किया गया।

16 प्राइवेट अस्पतालों की सूची

मुस्कान हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, भारत हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, वृत्ति डायलिसिस, जैन हॉस्पिटल, सेवा सदन, आशा हॉस्पिटल, आशा शशि हॉस्पिटल, सिटी केयर हॉस्पिटल एंड हार्ट सेंटर, ग्लोबल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, लीला जानकी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, नीलम हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड, प्रुडेंस हॉस्पिटल, आरएनबी हॉस्पिटल और पाल आई रिसर्च सेंटर, संजीवनी हेल्थ केयर सेंटर, सेंट ओपल हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर, सुखुशी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल।

बोकारो में सुपरफूड की खेती से कुपोषण दूर करने और किसानों की आय बढ़ाने की पहल

कृषि विज्ञान केंद्र, पेटरवार ने शुरू की चिया बीज की खेती



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में कृषि के क्षेत्र में नवाचार के विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया।, जिसमें क्विनोआ. स्पिरुलिना और चिया बीज जैसे उच्च मूल्य वाले सुपरफूड की पायलट खेती पर चर्चा की गई। इस पहल का उद्देश्य बोकारो में महिलाओं और बच्चों में व्याप्त कुपोषण की समस्या को दूर करना और किसानों को कम जल की आवश्यकता वाले लाभदायक फसलों की खेती के लिए प्रेरित करना है। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, प्रदान एन जी ओ के विशेषज्ञ एवं जे एस एल आई पी एस के जिला परियोजना प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि बोकारो के किसानों के पास सीमित कृषि भूमि और संसाधन हैं, इसलिए उन्हें ऐसी फसलों की ओर रुख करना चाहिए, जो कम लागत में अधिक लाभ प्रदान करें, जिसकी बाजार में उनकी अच्छी मांग हो।

कृषि विज्ञान केंद्र, पेटरवार ने 80 डिसमिल भूमि पर चिया बीज की खेती की है –

बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र पेटरवार द्वारा चिया बीज की पायलट खेती के सफल परिणामों पर भी चर्चा की गई। वर्तमान में कृषि विज्ञान केंद्र, पेटरवार ने 80 डिसमिल भूमि पर चिया बीज की खेती की है और इसके विकास को संतोषजनक पाया गया है। ये बीज अब रांची में बेचे जा रहे हैं और के वी के एक खरीदार के साथ समझौता ज्ञापन के माध्यम से ऑनलाइन बिक्री शुरू करने की प्रक्रिया में है। इस सफलता को देखते हुए, के वी के पेटरवार इस वर्ष 10 एकड़ भूमि में चिया बीज की खेती का विस्तार करने का लक्ष्य रख रहा है. जिसमें प्रगतिशील किसानों और किसान उत्पादक संगठनों की भागीदारी होगी।

किसानों के मध्य व्यापक प्रचार प्रसार

बोकारो में कई किसान और एफ पी ओ कार्यरत हैं, जिनमें से कई को कृषि स्मार्ट गांवों के तहत संगठित किया गया है। इसके अलावा, जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के माध्यम से सोलर लिफ्ट सिंचाई इकाइयों जैसी सिंचाई सुविधाएँ भी स्वीकृत की गई हैं। इस अनुकूल वातावरण को देखते हुए, क्विनोआ. स्पिरुलिना और चिया बीज की खेती के लिए कसमार, पेटरवार और जरीडीह प्रखंडों में एक व्यापक योजना तैयार की जा रही है तथा प्रायोगिक तौर पर उसकी खेती की शुरूवात हो रही है। *इस संदर्भ में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव* ने संबंधित पदाधिकारियों को मृदा परीक्षण, किसानों के मध्य व्यापक प्रचार प्रसार तथा बेहतर विपणन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला कृषि पदाधिकारी ने इस संदर्भ तकनीकी सहयोग उपलब्ध करने पर सहमति दी।

जिले में पोषण सुधार और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है

इस पहल से सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ जिले में पोषण सुधार और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रशासन, विभिन्न भागीदारों के सहयोग से. सुपरफूड की खेती की बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे स्वास्थ्य और आर्थिक विकास दोनों को बल मिलेगा।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने किया विचार गोष्ठी का आयोजन

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। चास स्थित हनुमान नगर में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत(एबीजीपी) के द्वारा ग्राहकों के अधिकारों,कर्तव्यों से संबंधित गोष्ठी का आयोजन किया। प्रांत संगठन मंत्री शिवाजी क्रांति ने कहा कि ग्राहक एक राजा की भूमिका में है। इस समाज में ये बातें सभी ग्राहकों को समझने की आवश्यकता है। भारतीय ग्राहक मात्र उपभोक्ता नहीं जो सिर्फ उपभोग कर शेष जिम्मेवारियों से मुंह मोड़ लेता है,बल्कि वस्तुओं/सेवाओं को ग्रहण करने वाला ग्राहक है। ग्रहण करने के साथ उसके बहुत से कर्तव्य और अधिकार भी है। जिस पर गोष्ठी में चर्चा हुई। स्थानीय निवासी गुड्डू सिंह ने कहा कि निजी विद्यालयों के द्वारा अभिभावकों का शोषण बोकारो में अपने चरम पर है तथा इसके खिलाफ रोकधाम करने का कर्तव्य एक विद्यालय ग्राहक के रूप में हम सभी अभिभावकों का भी बनता है,इस विषय पर शीघ्र बैठक कर आगे की रूप रेखा तय की जाएगी। इस विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रान्त संगठन मंत्री शिवाजी क्रांति थे।

मॉक ड्रिल कर आपदा प्रबंधन ने दर्शाया भीषण दुर्घटना के दौरान बचाव अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो







बोकारो। बालीडीह टॉल प्लाजा परिसर में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिले के विभिन्न कंपनियों के पीयूसी द्वारा मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल में दो तेल टैंकरों के बीच टक्कर को दशार्या गया। परिणाम स्वरूप भीषण आग एवं जहरीली गैस का रिसाव होना दिखाया गया, जिसमें 10 लोग गंभीर रूप से घायल एवं एक की मौके पर मौत की रिपोर्ट की गई। इसमें तत्काल बचाव, चिकित्सा सहायता, आग पर नियंत्रण तथा जहरीली गैस की रोकथाम कैसे करना है कि जानकारी दी गई। इस दौरान अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी दुर्घटनाओं और उसके बचाव को लेकर कहा कि लोग रोज कही न कहीं थोड़ी सी लापरवाही की वजह से लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है क्योंकि ऐसा देखा गया है कि लोग सुरक्षा नियमों का सही से पालन नहीं करते है। थोड़ी सावधानी बरतकर व सजग होकर दुर्घटनाओं को बहुत हद तक रोका जा सकता है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट मुकेश मछुआ, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर, प्रखंड विकास पदाधिकारी जरीडीह, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

तेल की आग के लिए फोम और उचित बुझाने वाले एजेंटों को बुलाया

मॉक डील में दिखाया गया कि जिला प्रशासन को घटना की जानकारी होने पर तुरंत घटना स्थल पर संबंधित को भेजा गया तथा आग के चारों ओर एक परिधि स्थापित करके सभी कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। तेल की आग के लिए फोम और उचित बुझाने वाले एजेंटों को बुलाया गया, जिसकी मदद से आग को आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोकने का प्रयास किया गया। उसमें आगे दिखाया गया कि जहरीली गैस शमन हवा की दिशा और गैस विषाक्त के आधार पर एक से दो किलोमीटर के दायरे से आम नागरिकों को बाहर निकाले एवं विषाक्तमों का पता लगाने और प्रतिबंधित करने के लिए लगातार वायु गुणवत्ता की निगरानी कैसे करें।

मलबे में फंसे व्यक्तियों को निकाला गया

मॉक डील में दिखाया गया कि बचाव अभियान के दौरान बचाव दल द्वारा वाहनों या आसपास के मलबे में फंसे व्यक्तियों को निकाला गया। इसके लिए निकासी कार्यों के लिए विशेष उपकरणों को उपयोग कैसे किया जाना चाहिए यही बातें दशार्या गया।

अनाधिकृत व्यक्तियों को खतरनाक स्थल से दूर रखे

मॉक डील में यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा को लेकर कानून प्रवर्तन यातायात का प्रबंधन कैसे करेगा और वाहनों को घटना क्षेत्र से कैसे दूर ले जाया जाएया तथा अनाधिकृत व्यक्तियों को खतरनाक स्थल से दूर रखने के लिए बैरिकेट्स और चक्करदार रास्ते स्थापित करना। ऑपरेशन में शामिल सभी हितधारकों के साथ स्पष्ट और निरंतर संचार सुनिश्चित करना, स्थानीय मीडिया, सोशल मीडिया और आपातकालीन प्रसारण प्रणालियों के माध्यम से सुरक्षा निदेशों और निकासी आदेशों के बारे में जनता से स्पष्ट अपडेट करना बताया गया।

कैसे लोगो को प्राथमिक चिकित्सा करते हुए अस्पताल पहुंचाया जाय

जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार ने मार्क डील के दौरान बताया कि अचानक सड़क पर दो वाहनों में टक्कर हो जाती है या गैस वाहन ले जाते समय किसी दूसरे से ठक्कर हो गया तो कैसे बचाव करना है तथा कैसे लोगो को प्राथमिक चिकित्सा करते हुए अस्पताल पहुंचाया जाय, भीड़ को किस प्रकार कंट्रोल किया जाय एवं किसी तरह का अपवाह फैलने से रोकने हेतु सबसे पहले क्या करना चाहिए। मॉक डील के दौरान बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रतिनिधि, कारखाना निरीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, पुलिस उपाधीक्षक नियंत्रण कक्ष, अंचल अधिकारी जरीडीह, अधिष्ठान अग्निशामन पदाधिकारी, एनएचएआई के प्रतिनिधि, ईएसएल, स्टील्स लिमिटेड, डालमिया सीमेंट के प्रतिनिधि, संपत्ति प्रबंधक ओएनजीसी के प्रतिनिधि, बीपीसीएल के प्रतिनिधि, एचपीसीएल के प्रतिनिधि, आईओसीएल के प्रतिनिधि, नागरीक सुरक्षा बोकारो सहित एनडीआरएफ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com